आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

स्थानीय निकायों में तैनात अधिशासी अधिकारियों की मनौती पूरी होगी

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 30 नवंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 49 | www.janexpresslive.com/epaper

यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए... 12

# हाईकोर्ट के आदेश तक ट्रायल कोर्ट कोई कार्रवाई न करे : सुप्रीम कोर्ट

■ हिंसा भड़काने के आरोपी सपा सांसद के पिता जुमे की नमाज पढ़ने पहुंचे

जन एक्सप्रेस। संभल/नई दिल्ली

संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश देते हुए निचली अदालत से संभल जामा मस्जिद मामले पर सुनवाई न करने को कहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी हिदायत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा है और कहा कि अब हाईकोर्ट के निर्देश पर ही कोई कार्रवाई हो सकेगी। शुक्रवार को जामा मस्जिद में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क नमाज पढ़ने पहुंचे। पुलिस ने जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया है। जुमे के दिन करीब एक हजार लोग नमाज के लिए पहुंचे। इससे पहले, संभल की चंदौसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश नहीं हुई।

## मस्जिद समिति ने दायर की थी सुप्रीम कोर्ट में याचिका

दरअसल मस्जिद समिति ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर कर मस्जिद का सर्वे कराने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि वह उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए। पीठ ने कहा कि यह मामला उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कुछ अहम निर्देश दिए, जिनके मुताबिक निचली अदालत को इस मामले पर सुनवाई करने से रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के फैसले से उन्हें कुछ आपत्तियां हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय से याचिका दायर होने के बाद तीन दिनों में याचिका पर सुनवाई करने का निर्देश दिया।

## कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने कहा कि जिस जल्दबाजी में मामले पर ट्रायल कोर्ट ने सुनवाई की और सर्वे के आदेश दिए गए, उससे स्थानीय लोगों के मन में शक हुआ, जिसकी वजह से वे घरों से बाहर निकले। रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने उन पर फायरिंग की, जिससे मासूम लोगों की जान गई और कई घायल हुए। मस्जिद समिति की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी अदालत में पेश हुए। वहीं प्रतिवादी पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर अदालत में पेश हुए।

## सपा सांसद के पिता संभल जामा मस्जिद पहुंचे

संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पहुंचे सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क। पुलिस ने जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया है। उनके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इधर, जामा मस्जिद में नजाम पढ़ने के लिए करीब एक हजार लोग पहुंचे। हालांकि, शाही इमाम ने लोगों से अपील की थी कि जामा मस्जिद की बजाए अपने-अपने घर के पास की मस्जिदों में नमाज अदा करें।



### एडवोकेट कमिश्नर की सर्वे रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखने का आदेश

गौरतलब है कि निचली अदालत के आदेश के बाद एडवोकेट कमिश्नर द्वारा संभल जामा मस्जिद का सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान ही बीते दिनों संभल में हिंसा भड़की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हालात को देखते हुए एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने और जारी न करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को हिदायत दी है कि शांति और सद्भाव का माहौल कायम रखा जाए। अदालत ने प्रशासन से शांति समिति गठित कर सद्भाव कायम करने का भी निर्देश दिया।

### संभल मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी: सुप्रीम कोर्ट

संभल मामले पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी। इसके अलावा, ट्रायल कोर्ट यानी चंदौसी की सिविल कोर्ट को निर्देश दिया कि 8 जनवरी तक इस केस में कोई भी एक्शन मत लीजिए। शांति जरूरी है। दरअसल, गुरुवार को संभल मस्जिद की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें 3 मांग की गई थी।

- मस्जिद के सर्वे करने के निचली अदालत के आदेश के अमल पर रोक लगे। (सर्वे के आधार पर आगे कोई कार्रवाई न हो)
- अभी इस जगह पर यथास्थिति कायम रखी जाए। सर्वे कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद कवर में रखा जाए।
- कोर्ट निर्देश जारी करे कि ऐसे मामलो में सभी पक्षो को सुनें बिना ऐसा सर्वे का कोई आदेश न जारी किया जाए। कानून के विकल्प आजमाने का मौका दिया जाए।

### क्या है विवाद

दरअसल हिंदू पक्ष ने ट्रायल कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि संभल की जामा मस्जिद एक मंदिर को तोड़कर बनाई गई है। हिंदू पक्ष का कहना है कि पूर्व में यहां हरिहर मंदिर था, जिसे साल 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने तुड़वाकर वहां मस्जिद का निर्माण कराया था, जिसे आज संभल की जामा मस्जिद के नाम से जाना जाता है। इस याचिका पर ट्रायल कोर्ट ने बीती 19 नवंबर को मस्जिद का सर्वे एडवोकेट कमिश्नर से कराने का आदेश दिया था। इस सर्वे के दौरान 24 नवंबर को संभल में हिंसा भड़क गई, जिसमें चार लोगों की जान चली गई।

# मैं शपथ लेता हूं...



■ राष्ट्र सर्वोपरि का संकल्प, भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

■ सीएम योगी ने प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया

जन एक्सप्रेस । राज्य मुख्यालय

विधानसभा उपचुनाव में विजयी भाजपा के छह और सहयोगी दल रोलाद के एक विधायक ने शुक्रवार को राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प के साथ शपथ ली। विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह में सभी सात विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

## इन निर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

विधानसभा में शुक्रवार को शपथ लेने वाले कुंदरकी से विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर सीट से से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल रहीं। सभी विधायकों ने अपने कार्य क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने की बात कही। साथ ही एक स्वर में 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया और मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति निष्ठा व्यक्त की।

### जनता की सेवा करने की सीख

शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा सदस्य सुरेश खन्ना ने नवनिर्वाचित विधायकों से कहा कि विधानसभा का अध्यक्ष होना गौरव की बात है। सीख देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनता के समर्थन का सही उपयोग करें। जनता के भलाई के लिए लोगों के बीच जाएं। बचे हुए ढाई साल के कार्यकाल में मोदी-योगी की जनहितेषी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करें। इसके साथ ही विधायकों से कहा कि विधानसभा में उपस्थिति दिखनी चाहिए।

### शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद रहे प्रमुख मंत्री

नवनिवार्चित विधायकों की शपथग्रहण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना कैबिनेट मंत्री संजय निषाद शाहगंज विधायक रमेश सिंह सहित अन्य मंत्री और विधायकों की मौजूदगी रही।

### कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे ने दिलाई जीत

योगी सरकार के कार्यकाल में बुनियादी ढांचा दुरुस्त होने के साथ ही कानून व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। उसी का नतीजा है उपचुनाव का परिणाम। जहां विरोधी खेमा बीजेपी की करारी हार की बात कर रहा था, वहीं पंडित और ज्योतिषियों की गणना भी झूठी साबित हो गई। योगी सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे उज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क परियोजनाओं ने लोगों का विश्वास मजबूत किया है। इसी का नजीता रहा जो मुस्लिम बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों में भी तीन दशक के बाद कमल खिला।



## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के खिलाफ जांच की आंच यूपी तक पहुंची, कई जिलों में ईडी ने खंगाले ठिकाने



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के खिलाफ पोर्नोग्राफी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में छापा मारा। छापों की जद में आए लोग राज कुंद्रा की कंपनी में तकनीकी कार्य करते हैं। इनके खातों में कुछ संदिग्ध लेन-देन मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। कानपुर में राज कुंद्रा की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के आवास को खंगाला गया है।

**इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी कब्जे में लिए:** इसी तरह गोरखपुर में एक और कुशीनगर में दो ठिकानों पर भी ईडी की मुंबई कार्यालय की टीम ने छापा मारा। इस दौरान ईडी के लखनऊ और प्रयागराज के अधिकारी भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक चारों ठिकानों से संपत्तियों और बैंक खातों से जुड़ी जानकारी जुटाई गई है। टीम ने कुछ इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी कब्जे में लिए हैं।

.....संबंधित खबर पेज 8 पर

# हरदोई की सड़कों पर भ्रष्टाचार का डामर



■ योगी सरकार ने हरदोई में जांच के बाद 16 अभियंताओं को किया निलंबित

■ जांच जारी, अन्य जिलों में भी गिर सकती है कई अधिकारियों पर गाज

जन एक्सप्रेस । राज्य मुख्यालय

कहते हैं जहां तेज पहिया घूमता है वहां विकास की गति भी तेज होती है। इसी मंशा को लेकर सरकार जहां प्रदेश की सड़कों को उच्च क्वालिटी का बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं चंद भ्रष्ट अधिकारयों के चलते सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा ही मामला हरदाई से सामने आया। हरदोई की सड़कों पर भ्रष्टाचार का डामर डालने वाले 16 अभियंताओं को योगी सरकार ने निलंबित कर दिया है। सड़क निर्माण के इस घोटाले में एक अधीक्षण अभियंता और दो अधिशासी अभियंता थी आरोपित हैं। सभी सस्पेंड अभियंताओं को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय से संबद्ध कर विभागीय जांच शुरू कर दी है।

## अन्य जिलों में भी हो सकती है कार्रवाई

हरदोई की सड़कों में खामियां मिलने के बाद जांच की आंच अन्य जिलों तक भी पहुंचने की चर्चा है। अगर ऐसा हुआ तो खामियां मिलने पर कार्रवाई का यह सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं है। जल्द ही सड़क घोटाले में कुछ और नाम सामने आ सकते हैं और निलंबन की कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

## सीएम के आदेश पर बनी थी जांच समिति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने के लिए समिति का गठन किया गया था। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान, विभागाध्यक्ष योगेश पवार के नेतृत्व में जांच टीम करीब दस दिनों पहले हरदोई गई थी। वहां पर दो टीमें बनाकर कुल चार सड़कों की जांच की गई। समिति ने हरदोई जिले की चार सड़कों के सैंपल लिए जो जांच में फेल हो गए। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। जिसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।

### इनको किया गया निलंबित

तत्कालीन अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता रीतेश कटियार, कृष्णकांत मिश्रा, संतोष कुमार पांडेय, जीएन सिंह व राजवीर सिंह तथा अवर अभियंता मोहम्मद शोएब, राजीव कुमार, अमर सिंह, रुचि गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, मकरंद सिंह यादव और वीरेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित किया गया है।

### इन सड़कों की मरम्मत में खेल

1. बेहटा-मंसूरनगर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढीकरण का कार्य
2. पलिया-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग से रद्देपुर सकतपुर सांडी शाहाबाद मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढीकरण का कार्य
3. हरदोई-सांडी मार्ग के नवीनीकरण का कार्य
4. मझिला से खटेली मार्ग का विशेष मरम्मत

# महाराष्ट्र में बस हादसा, 15 की मौत, 20 से ज्यादा घायल

## बाइक सवार को बचाने के दौरान बस रेलिंग से टकराकर पलटी



■ शिंदे ने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया

■ घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के गोंदिया में शुक्रवार दोपहर बस हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा यात्री घायल हैं। इनमें भी कई घायलों को हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल की शिवशाही बस (एमएच 09 ईएम 1273) भंडारा से गोंदिया आ रही थी। बस दोपहर करीब 12.30 बजे के करीब गोंदिया से 30 किमी पहले खजरी गांव के पास पलट गई। पूछताछ में सामने आया कि बाइक सवार अचानक से बस के सामने आ गया था। उसे बचाने के फेर में ड्राइवर का बस से कंट्रोल छूट गया और अनियंत्रित बस रेलिंग से टकराकर पलट गई। घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से भाग निकला। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीएम मोदी, महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया है। शिंदे ने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया।

### पीएमओ ने मुआवजे का ऐलान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने गोंदिया बस हादसे पर दुख जताया। मृतकों के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए के आर्थिक मदद का ऐलान किया गया। घायलों को 50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

## सनातन हिंदू एकता यात्रा: धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बड़ा एलान, गांव-गांव में तैयार किए जाएंगे कट्टर हिंदू

जन एक्सप्रेस। ओरछा

बागेश्वर धाम से निकाली गई सनातन हिंदू एकता यात्रा का शुक्रवार को ओरछा में समापन हुआ। इस अवसर पर यात्रा की अगुवाई कर रहे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि गांव-गांव जाकर कट्टर हिंदू तैयार किए जाएंगे। हिंदू के न रहने पर हिंदुस्तान भी नहीं रहेगा। न भारतीय संस्कृति रहेगी और न ही परंपराएं बचेंगी। शुक्रवार को नौवें दिन यात्रा की शुरुआत ओरछा तिगैला से हुई। यहां से आठ किलोमीटर का सफर पूरा कर यात्रा भगवान रामराजा सरकार के मंदिर पहुंची। यहां पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ध्वज चढ़ाया और यात्रा में शामिल रहे लोगों के लिए मंगल कामना की। समापन के मौके पर पं. धीरेंद्र कृष्ण ने कहा कि विभिन्न परिस्थितियों के चलते तमाम सीधे-साधे लोग उन तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में इस यात्रा में एक संकल्प लिया है कि वे बीच-बीच में गांव-गांव जाएंगे और वहां वे लोगों से दक्षिणा नहीं लेंगे, बल्कि यह वचन लेंगे कि उन्हें आखिरी सांस तक अपने धर्म में बने रहना है। इस दरम्यान उन्होंने हिंदू राष्ट्र का संकल्प भी दोहराया। साथ ही उन्होंने कहा कि जाति-पाति और छुआछूत का भेद मिटाने के उद्देश्य से यात्रा निकाली गई थी। यात्रा का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# कार्रवाई का यू टर्न: 24 घंटे में ही 18 पुलिसकर्मी पाक साफ

■ तीन साल पहले अवैध वसूली की लिस्ट सोशल मीडिया पर हुई थी वायरल

■ जांच रिपोर्ट में लिस्ट को बताया फर्जी, कहा, बर्खास्त कांस्टेबल ने रची थी साजिश

■ कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को दर्ज हुआ था केस, शुक्रवार को मुकदमा रद

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित




**राज्य मुख्यालय।** तीन साल पहले वसूली की लिस्ट प्रसारित करने के बाद सिपाही को बर्खास्त कर जेल भेजने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्न आनंद के आदेश पर तत्कालीन एसपी, प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सहित 18 पुलिसकर्मियों पर दर्ज किया गया मुकदमा महज 24 घंटे में रद कर दिया है। एसपी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा रद किया गया है। तत्कालीन चंदौली एसपी मौजूदा समय में अलीगढ़ पीएसी की 45वीं बटालियन में कमांडेंट हैं। जांच में सामने आया कि सिपाही ने सोशल मीडिया पर फर्जी वसूली लिस्ट वायरल की थी। इतना ही नहीं आरोपित ने खुद के अपहरण की भी कहानी का तानाबाना बुना था।

## चंदौली में तैनात था सिपाही

चंदौली में तैनात सिपाही अनिल कुमार सिंह ने वर्ष 2021 में अवैध कार्यों के एवज में हर महीने 12.50 लाख रुपये मुगलसराय पुलिस की ओर से वसूली की रेट लिस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की थी। इस लिस्ट में तत्कालीन चंदौली एसपी आइपीएस अमित कुमार द्वितीय का भी नाम था।

## डीआईजी ने विजिलेंस जांच कराई थी

सोशल मीडिया पर रेट लिस्ट जारी होने के बाद पुलिस की किरकिरी हुई थी। मामले ने तूल पकड़ा तो डीआईजी ने विजिलेंस जांच कराई थी। सिपाही अनिल कुमार सिंह का आरोप है कि जांच के बीच ही चंदौली के तत्कालीन एसपी ने अवैध गतिविधियों में संलिप्तता दिखाकर 28 फरवरी 2021 को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### सिपाही ने खुद की हत्या की जताई थी आशंका

बर्खास्त सिपाही अनिल कुमार सिंह ने कार्ट को दी अपनी अर्जी में खुद की हत्या करने की आशंका का आरोप भी लगाया था। इसके साथ ही दवा किया था कि भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले मंजूनाथ, अमित जेठवा, सत्येंद्र कुमार दुबे, सतीश शेट्टी, शशिधर की हत्याएं भी साजिश के तहत करा दी गईं थीं। हालांकि जांच के बाद स्पष्ट हो गया कि सिपाही ने खुद की हत्या की साजिश रची थी।

### इन लोगों पर दर्ज मुकदमा हुआ रद

आइपीएस अमित कुमार द्वितीय, स्वाट टीम प्रभारी राजीव कुमार सिंह, सर्विलांस प्रभारी अजीत प्रताप सिंह, क्राइम ब्रांच प्रभारी सत्येंद्र कुमार यादव, चकरगट्टा में तैनात आरक्षी आनंद कुमार गोंड़, राणा प्रताप सिंह, भुल्लन यादव, चंदौली पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी अमित सिंह, चंदौली सर्विलांस सेल के देवेंद्र कुमार सरोज, प्रेमप्रकाश यादव, नीरज कुमार मिश्रा, कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक धानापुर सत्येंद्र विक्रम सिंह, बबुरी थाने पर तैनात अंकित सिंह, रोहित कुमार, गौरव राय, चालक मनोज कुमार, स्वाट टीम के आनंद सिंह व सर्विलांस के अजीत कुमार पर दर्ज मुकदमा रद कर दिया गया है।

## संभल हिंसा: सपा का 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल आज करेगा दौरा, कांग्रेस नेता 2 दिसंबर को पहुंचेंगे

जन एक्सप्रेस। संभल

संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा की जांच के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) का 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शनिवार को संभल का दौरा करेगा। सपा राज्य अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने शुक्रवार को इस दौरे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल वहां जाकर हिंसा की परिस्थितियों का विवरण एकत्र करेगा और रिपोर्ट पार्टी प्रमुख को सौंपेगा। सपा के प्रतिनिधि मंडल में विपक्ष के नेता मता प्रसाद पांडे, विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव, सांसद जयिाउर्रहमान बारक, हरेंद्र मलिक, रुचि वीर, इक़रा हसन और नीराज मौर्य सहित कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। सपा ने इस दौरे को पहले स्थगित कर दिया था। दरअसल, पार्टी के नेताओं ने प्रदेश के पुलिस प्रमुख से बात की थी और यह आश्वासन लिया था कि हिंसा की निष्पक्ष जांच की जाएगी। सपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने बिना किसी ठोस आधार के उनके पार्टी कार्यकर्ताओं पर स्नढ्ढक्र दर्ज की। इसके बाद, डीजीपी ने पार्टी को तीन दिन बाद दौरे की अनुमति दी। कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष अजय राय ने भी बताया कि उनकी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल 2 दिसंबर को संभल जाएगा। कांग्रेस की ओर से हिंसा की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है, और पार्टी के नेताओं का कहना है कि पूरे मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए।

# रामायण मेले में 181 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में 181 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के राज्य मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने भगवान गणेश के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कर प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही है जिसके तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सामूहिक विवाह कराएं जा रहे है। इसमें हर वर्ग के गरीब लोगों की शादियां होती है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित सम्बन्धित अधिकारियों आयोजित किया गया है। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में सफल रहे एवं परिवार के साथ कुशल व्यवहार के साथ मिलजुल कर रहे तो घर आगे बढ़ सकता है। इस योजना में मुख्यमंत्री द्वारा 51,000 रुपये दिए जा रहे है ताकि किसी प्रकार की कमी न रहे। इसके अलावा समस्याएं होने पर समाज कल्याण अधिकारी को अवगत कराएं। इस योजना के अंतर्गत पूरे उत्तर प्रदेश में 30 लाख से ज्यादा शादियां कराई गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ सबका विकास नारे के साथ देश व प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि कार्यक्रम में 181 जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कराया गया है। जिसमें बौद्ध धर्म के 23, मुस्लिम धर्म के एक जोड़े का विवाह विवाह संपन्न कराया गया है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के जरूरतमंदों की मदद के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की गई है। इसके तहत जिले में निरंतर गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह कराया जा रहा है। इसके लिए सरकार की तरफ से 51 हजार रुपए की धनराशि खर्च की जाती है। जिसमें 35 हजार रुपए नगद कन्या के खाते में दिए जाते हैं। इसके अलावा 10,000 रुपये कन्या के जेवरात व श्रृंगार के लिए तथा 6 हजार रुपए आयोजन में व्यय किए जाते है। कहा कि यह महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत दल मां भगवती संगीत पार्टी द्वारा विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा वर-वधू को विवाह प्रमाण-पत्र भी दिए गए।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, जॉइंट मजिस्ट्रेट और उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष हरि ओम करवरिया, विधायक प्रतिनिधि रवि त्रिपाठी, साधना सिंह, सुरेश अनुरागी सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति घायल हो गए थे। जिसमें गुरुवार को इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। कस्बा जालौन के मोहल्ला भवानीराम निवासी ममता देवी 45 वर्ष बीती 16 नवंबर को पति रणविजय बहादुर सिंह के साथ मायके मूसानगर जिला कानपुर देहात एक कार्यक्रम में शामिल होने मोटरसाइकिल से जा रही थी। तभी मूसानगर क्षेत्र में ही तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें ममता और उसका पति रणविजय घायल हुए थे। हालत गंभीर होने पर ममता को परिवार के लोग कानपुर ले गए थे जहां उसका इलाज चल रहा था पर गुरुवार को ममता की मौत हो गई। जिसके लड़के लवकुश सिंह ने बताया कि घायल पिता घर पर है जबकि मां की मौत होने से परिवार के सभी लोग गमगीन हैं।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा पर दिया गया जोर



**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**

लिंग धारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मऊ ब्लाक सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए बाल सभा एवं महिला सभा का गठन करने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी में बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं, टोल फ्री नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी ग्राम सभाओं में बाल सभा एवं महिला सभा का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी को महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा एवं संरक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इस मौके पर सीडीपीओ धमेन्द्र सिंह, मुख्य सेविका ऊषा शुक्ला, बीसीपीएम शीलनिधि खरे व मनीष दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# बस एक कॉल करें, मौके पर पहुंचेगा शव वाहन

### विधायक विनोद चतुर्वेदी ने शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर जनता को किया समर्पित



**जन एक्सप्रेस । उरई**

अब किसी की मौत के बाद शव ले जाने के लिए परेशानी नहीं झेलनी होगी। बस एक नंबर डायल करने पर शीघ्र वातानुकूलित शव वाहन आपके द्वार पर पहुंचेगा। शहर में कहीं भी शव ले जाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। फौरी तौर पर लाभ के लिए इमरजेंसी नंबर (9451662645, 9453555-237) भी जारी किया गया है।

बता दे कि ब्राह्मण समाज सेवा समिति के सदस्य महेंद्र दीक्षित राकेश तिवारी रानिया, नीलू महाराज कैथेरी, अशोक त्रिपाठी, सुनील तिवारी, दीपक दिक्षित, अंकित रावत एवं अपूर्व मिश्रा की पहल पर कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी एवं महामंडलेश्वर सिद्धरामदास जी महाराज महंत ठंड़ेश्वरी मंदिर ने शहर के पीलीकोठी के समीप स्थित सुहाग महल उत्सव ग्रह से शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर आम जनता को समर्पित किया। इससे पूर्व वाहन का विधिवत पूजन-अर्चन किया। पहले शहर में शव वाहन की कमी होने से परिजनों को मृत देह अपने गंतव्य स्थान तक ले जाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब मृतकों के परिजनों को शव वाहन निशुल्क उपलब्ध होगा। नंबर डायल करने के बाद बताए पते पर पहुंचने के साथ ही शव को घर तक भी ले जाएगा।शव वाहन पूरी तरह से वातानुकूलित है। यह वाहन आम लोगों के लिए है। जिसे जरूरत होगी उसे मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। साथ ही समिति के द्वारा समाज के लिए दो डेड बॉडी फ्रीज़र बॉक्स भी निशुल्क रूप से संचालित किए हैं।

# कस्बे में भव्य निकली खाटूश्याम की शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट/ राजापुर**




राजापुर कस्बे के श्याम घराना की तरफ से भगवान श्री कृष्ण के प्रतीक खाटूश्याम की एक शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से डीजे की ध्वनि के साथ नर नारियों के द्वारा बड़े श्रद्धा भाव से निकाली गई और नगर में जगह जगह खाटू श्याम प्रसाद वितरित किया गया।

बताते चलें कि द्वापरकाल में महाभारत युद्ध के समय बर्बरीक नामक योद्धा से भगवान श्रीकृष्ण ने सर दान मांग कर युद्ध की विभीषिका से पांडवों को बचाया था और भगवान श्रीकृष्ण का पर्याय खाटू श्याम जी नाम से जाना जाता हैं और पूजा जाता हैं जब बर्बरीक ने अपना पहला बाण छोड़ा तो उसने पेड़ के सभी पत्तों को चिन्हित किया और भगवान श्रीकृष्ण के पैरों के चारों ओर चक्कर लगाना शुरू कर दिया तब श्रीकृष्ण ने बर्बरीक से बाण का रहस्य पूछा और बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के पैरों के नीचे एक पत्ता दबा हुआ हैं उसी पत्ते को लक्ष्य बनाकर बाण चारों ओर घूम रहे हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने योद्धा बर्बरीक को श्याम स्वरूप होने का आशीर्वाद दिया तभी से सनातनी खाटू श्याम के नाम से पूजा अर्चना मन्नत मांगने की परंपरा चली आ रही हैं। शोभायात्रा के आयोजक धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार, रिंकू, जयप्रकाश, कृष्णा, विशाल मिश्रा, चीकू अग्रवाल, नीतीश, अमन जयसवाल, रवि ने बताया कि भगवान खाटूश्याम की शोभायात्रा यमुना पुल से प्रारम्भ होकर तुलसी इंटर कालेज रोड, तुलसी मानस मंदिर रोड, यमुना रोड, तुलसी स्मारक रोड होते हुए प्रारम्भ स्थान में विराम दिया जाएगा और शायम काल सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या प्रदेश के उच्च कोटि के भजन गायकों के द्वारा रात्रि जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा और वही वृहद भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर मंगी केवट और उसके चार बेटों को न्यायालय ने सुनाई सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गैंगेस्टर मंगी केवट और उसके चार बेटों को विशेष न्यायाधीश ने उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि बीती 18 मार्च 2014 को कर्वी कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक शिवबचन सिंह ने शंकर बाजार कर्वी निवासी मंगी उर्फ दयाशंकर केवट उसके बेटे सागर उर्फ संतोष केवट, छोटा केवट, राजा केवट व मुन्ना केवट के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। पुलिस ने अनुसार गैंग लीडर मंगी केवट नाजायज गिरोह संगठित रूप से तैयार कर अपराध कर रहा था। क्षेत्रीय जनता दबी जबान से इस बात को स्वीकार करती थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के पश्चात शुक्रवार को धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें मंगी उर्फ दयाशंकर केवट के साथ उसके बेटे सागर उर्फ संतोष केवट, छोटा केवट, राजा केवट व मुन्ना केवट को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने शुक्रवार को उरई कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में गंदगी देखते हुए नाराजगी जताई। साथ ही नाजिर की फटकार भी लगाई और साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

बता दें कि शुक्रवार को जिलाधिकारी ने दोपहर के वक्त अभिलेखागार, रिकॉर्ड रूम, संयुक्त कार्यालय, अभियोजन कार्यालय तथा निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय, स्टाफ न्यायालय सहित अन्य विभागों में पहुंचकर दस्तावेज संबंधी जानकारी ली। साथ ही उन्होंने गंदगी का अंबार लगा देख नाजिर की फटकार लगाई। साथ ही उन्हें कड़े निर्देश दिए कि यदि दोबारा गंदगी मिलती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने पटलों पर आई शिकायतों संबंधी जानकारी ली। साथ ही अधीनस्थों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायत है, उसे क्रमवार तरीके से निस्तारित किया जाए। जिससे फरियादियों को बार-बार चक्कर न लगा पड़े। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। साथ ही उसकी गुणवत्ता की भी जांच की।जिलाधिकारी ने कहा कि है उनका औचक निरीक्षण था। जिसमें कई खामी मिली थी। जिसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

# गाय, भैंस और बकरियां बांटकर किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिए किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



हंस आजीविका परियोजना के अंतर्गत सूक्ष्म डेयरी कार्यक्रम के तहत मऊ तथा मानिकपुर में किसानों को 48 मुर्रा भैंस, 20 साहिवाल गाय एवं 157 बकरियां बाटी गई।

मानिकपुर पशु चिकित्साधिकारी डॉ तरुण कुमार साहू ने कहा कि मऊ एवं मानिकपुर के ऐसे किसानों का चिन्हांकन किया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर एवं अपनी आजीविका को बढ़ाने के प्रयास में संघर्ष कर रहे है। हंस आजीविका परियोजना के तहत क्षेत्र के निर्धन एवं असहाय किसान बागवानी एवं दुग्ध उत्पादान के तहत बकरी पालन, भैंस एवं गायों का पालन कर आजीविका को बढ़ाने के लिए जुड़ रहे हैं।

आजीविका परियोजना के प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य समाज में ऐसे वंचित समुदायों की आजीविका को सुधार कर उन्हें मुख्य धारा में लाना है, जो सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उनकी आजीविका को सुधारने के लिए उन्हें दुधारू जानवर एवं बकरियों का वितरण किया गया है, हंस आजीविका परियोजना के द्वारा किसानों को जानवर का बीमा एवं स्वास्थ्य चेकअप करने के बाद ही किसानों को जानवर दिए जाते है, जिसके लिए किसान 20 प्रतिशत का अनुदान स्वयं से लगाकर इस परियोजना से जुड़ता है। इसके बाद उसे दुधारू जानवर देकर उसकी आजीविका को बढाने का कार्य किया जा रहा है। मऊ के ब्लॉक समन्वयक आसाराम एवं मानिकपुर ब्लाक के समन्वयक मुकेश तिवारी के द्वारा दोनों ब्लॉकों में ऐसे गरीब किसानों का चिन्हांकन किया है जो समाज की मुख्य धारा से छूटे हुए हैं।

## चोरी करने आए के खिलाफ एफआईआर करने की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के तरांव गांव के निवासी राम कुमार पुत्र रामचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि बीती 25 नवम्बर को रात में गांव का ही एक युवक छोटू यादव चोरी करने के लिए उनकी छत में छिप गया था। घर वालों को संदेह होने पर युवक छत से कूदकर भाग गया। इसकी सूचना उन्होंने थाने में भी दी है, किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते आरोपी युवक उन्हें धमका रहा है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## 51 फाइलेरिया मरीजों को बांटी किट

**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में 51 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट के तहत बाल्टी, टब, मग, तौलियां, साबुन एवं एंटीसेप्टिक क्रीम का वितरण किया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ हारून ने बताया कि फाइलेरिया को बढ़ने से रोका जा सकता है। इस पर ध्यान देते हुए नियमित साफ-सफाई एवं योगाभ्यास करते रहना चाहिए। इस मौके पर शीलनिधि खरे, धर्मवीर सिंह, रामसेवक यादव आदि मौजूद रहे।

# नर्स के साथ मारपीट व दुष्कर्म की घटना में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । उरई**

ड्यूटी पर जाते वक्त एक महिला नर्स के साथ दो महिलाओं सहित सात लोगों ने मारपीट की थी। साथ ही उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया था। इतना ही नहीं उसकी नाजुक अंगों में मिर्च भी डाल दी थी। जिस पर उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। साथ ही टीम गठित कर उनकी गिरफ्तारी का भी प्रयास शुरू कर दिया है। उरई कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला में कानपुर देहात के मूसानगर की महिला रह रही है, जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है, वह गुरुवार को स्कूटी से सुबह के समय ड्यूटी के लिए निकली थी। जहां चुर्खी थाना क्षेत्र के मुसमरिया मोड़ के पास महिला जयंती देवी ने अपने पिता गोविंद सिंह, मां सीमा, भाई राममिलन और राजेश के साथ मिलकर स्कूटी से गिरा दिया और उसको पकड़कर जंगल में ले गए। जहां जंगल में ले जाकर उसको बंधक बनाकर जमकर पीटा था। यह मारपीट महिला ने अपने पति से अवैध संबंधों के शक में की थी। इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन अतएव हमलावर मौके से भाग गए थे। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए महिला नर्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती महिला ने मारपीट करने वालों पर गैंग दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। साथ ही उसके आरोप लगाया था कि उसके नाजुक अंग में मिर्च भी डाल दी है। जिस पर महिला नर्स की शिकायत पर चुर्खी थाना पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले गोविंद सिंह, राममिलन, सीमा, राजेश, जयंती के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा देर रात को बीएनएस की नई धारा 70(1) गैंगरेप सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

**जन एक्सप्रेस । उरई/कालपी**



संभल की घटना की वजह से शुक्रवार को पुलिस प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा। प्रशासन तथा पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच कालपी की दर्जन पर भर मस्जिदों में जुमें की नमाज संपन्न हो गई। स्थानीय नगर की शाही जामा मस्जिद बड़ा बाजार, खानकाही मस्जिद राजेपुरा, बड़ी मस्जिद जुलैहटी, मुड़िया गुंबद मस्जिद गल्ला मंडी, मखदूमिया मस्जिद रावगंज, तहसील मस्जिद,सुभान मस्जिद हरीगंज आदि के अलावा गुलौली गांव की तीन मस्जिदों में जुमे की नमाज सामूहिक रूप से शान्ति पूर्वक हजारों नमाजियों द्वारा अदा की गई। शुक्रवार की सुबह से उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह प्रभारी क्षेत्रधिकारी समीर सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, टरननंगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह, शिवम सिंह सेंगर, रामगंज चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार सिंह भ्रमण शील रहे तथा पुलिस जवानों के साथ मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। इसके अलावा मुन्ना फुल पावर चौराहा, टरननंगंज बाजार समेत विभिन्न स्थानों में भी प्रशासनिक पुलिस तथा खुफिया विभाग के कर्मचारी सक्रिय बने रहे। इससे पहले कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक की मौजूदगी में ड्रोन उड़ा करके कई स्थानों की निगरानी की गई।

## प्राणघातक हमले के मामले में दस्यु गोप्पा को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपने गांव के ही एक युवक को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में बंद दस्यु भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा को न्यायालय ने सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 10 जुलाई 2015 को पहाड़ी थाने के हर्रा गांव के निवासी रामराज पुत्र सूरजदीन ने अपने गांव के ही रहने वाले दस्यु भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार दस्यु गोप्पा ने अपने साथियों के साथ जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर किया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए घायल का चिकित्सीय परीक्षण काराया था। इस घटना के लगभग दो साल बाद दस्यु गोप्पा को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



आगामी प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी व मंडल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म नंबर एक, दो व तीन पर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया तथा सफाई को और बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। यात्री सूचना प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण किया और इसकी उपयोगिता को बढ़ाने पर जोर दिया। स्टेशन पर लगी बोतल क्रशिंग मशीन का निरीक्षण कर इसे यात्रियों के लिए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही यात्रियों को जागरूक करने और मशीन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाने का सुझाव दिया। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में चल रहे कार्यों की प्रगति पर महाप्रबंधक ने संतोष व्यक्त करते हुए सुव्यवस्थित और यात्री अनुकूल बनाने के लिए निर्देश दिए। पार्किंग, प्रवेश-निकास व्यवस्था और सिग्नलिंग सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की सराहना की। महाप्रबंधक ने नई स्टेशन भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। जहां बताया गया कि इस भवन को आधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके अलावा महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। इसमें प्लेटफॉर्म शेड, यात्री प्रतीक्षालय, शुद्ध पेयजल सुविधाएं, एलईडी लाइटिंग, और स्टेशन के डिजिटलीकरण के कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को महाकुंभ 2025 से पहले समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। कहा कि रेलवे की प्राथमिकता है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को साफ-सुथरा, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान किया जाए।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता आशुतोष चैरसिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जे संजय कुमार, वरिष्ठ सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजिनीयर आयुष श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर नितिन गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक सुरेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद चित्रकूटधाम कर्वी से वापसी यात्रा पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा द्वारा शिवरामपुर, भरतकूप तथा चरखारी रेलवे स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया गया। जहां यात्री सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए प्रथक रूप से चैड़े प्रवेश तथा निकासी द्वार चैड़ीकरण कार्य को देखा और कार्य में पूर्ण संरक्षा के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए।



**बिजली विभाग में निजीक्षेत्र के आहट के बीच...**

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड एवं इसकी सहयोगी कंपनियों पूर्वांचल (वाराणसी) ,मध्यांचल (लखनऊ), केस्को (कानपुर) , दक्षिणांचल (आगरा) और पश्चिमांचल (मेरठ) के माध्यम से विद्युत आपूर्ति का कार्य पूरे प्रदेश में कर रही हैं। पढ़ें पेज 12 पर...

# स्थानीय निकायों में तैनात अधिशासी अधिकारियों की मनौती पूरी होगी

## स्थानीय निकायों में तैनात अधिशासी अधिकारियों की अरसे से लंबित मांग को योगी सरकार जल्द ग्रेड पे बढ़ाने जा रही है

- अधिशासी अधिकारी लंबे समय से अपना न्यूनतम ग्रेड पे 2800 से बढ़ाकर 4200 करने करने की मांग कर रहे हैं
- सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही नगर विकास इसको लेकर शासनादेश जारी कर सकता है
- प्रदेश की 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्थानीय निकायों में तैनात अधिशासी अधिकारियों की अरसे से लंबित मांग को योगी सरकार जल्द पूरा करने जा रही है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने इनका ग्रेड पे बढ़ाने का मन बना लिया है। दरअसल, अधिशासी अधिकारी लंबे समय से अपना न्यूनतम ग्रेड पे 2800 से बढ़ाकर 4200 करने करने की मांग कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस पर सहमति बन चुकी है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही नगर विकास इसको लेकर शासनादेश जारी कर सकता है। प्रदेश की 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं।

### अधिशासी अधिकारियों का ग्रेड पे 2800 रुपये और अवर अभियंताओं का न्यूनतम ग्रेड पे 4200 रुपये

अधिशासी अधिकारियों का ग्रेड पे 2800 रुपये है जबकि उनके अधीन काम करने वाले अवर अभियंताओं का न्यूनतम ग्रेड पे 4200 रुपये है। इसी वजह से अधिशासी अधिकारियों को अवर अभियंताओं से काम लेने में बाधा आती थी। इसीलिए अधिशासी अधिकारी लंबे समय से ग्रेड पे बढ़ाए जाने की मांग करते आ रहे हैं। जो अब पूरी होती दिख रही है। कहा जा रहा है कि अधिशासी अधिकारियों का ग्रेड पे 4200 होने के बाद वरिष्ठता का विवाद खत्म होगा।

### अधिशासी अधिकारियों को अधीनस्थों से काम लेने में दिक्कते आती हैं

नगर पालिका और नगर पंचायतों में विभागाध्यक्ष के तौर पर अधिशासी अधिकारियों की तैनाती की जाती है। कैटेगरी ए को छोड़ दें तो कैटेगरी दो के अधिशासी अधिकारियों की नियुक्ति 2800 ग्रेड पे पर होती है। जबकि उनके नीचे काम करने वाले अवर अभियंता का ग्रेड पे 4200 रुपये होता है। इस वजह से अधिशासी अधिकारियों को अधीनस्थों से काम लेने में दिक्कते आती हैं।

### अब एजेंसियां आउटसोर्सिंग कर्मियों को मनमाने तरीके से नहीं निकाल पाएंगी

प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब एजेंसियां इन कर्मियों को मनमाने तरीके से नहीं निकाल पाएंगी। उन्हें निकालने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा हर माह की तय तारीख पर ही इन कर्मियों को मानदेय दिया जाएगा। सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मियों को सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से ही रखना अनिवार्य कर दिया है।

# नए अफसरों से और मजबूत होगी जेल सुरक्षा- डी जी कारागार

- यूपी के 3 अधीक्षकों समेत उत्तराखण्ड के 17 डिप्टी जेलर की हुई पासिंग आउट परेड

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




नए जेल अफसर नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जेलों की सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ करेंगे। यह बात शुक्रवार को डा0 सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में आयोजित 118 वें दीक्षान्त समारोह में पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामा शास्त्री ने कही।

8 महीने के प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को संस्थान में उत्तर प्रदेश के 3 जेल अधीक्षकों एवं उत्तराखण्ड के 17 डिप्टी जेलर की पासिंग आउट परेड (पीओपी) हुई। जेल अधीक्षक प्रीती यादव ने परेड को कमाण्ड किया और बेस्ट कैडेट का खिताब भी हासिल किया, जेल अधीक्षक कुलदीप कुमार द्वितीय कमाण्डर एवं जेल अधीक्षक, मुकेश कुमार तृतीय कमाण्डर रहे। पीओपी के बाद संस्थान के निदेशक एवं डीआईजी आरएन पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षु अफसरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एआईजी धमेन्द्र सिंह, डीआईजी हेमंत कुटियाल, डीआईजी सुभाष चन्द्र शाक्य, वरिष्ठ अधीक्षक, शशिकान्त सिंह एवं एफ0सी0, आबिद अली समेत प्रशिक्षण संस्थान के सभी अधिकारी / कर्मचारी तथा प्रशिक्षु अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।

## विभागीय जांच पूरी होने के बाद आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को राज्य सरकार ने डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच जारी होने की वजह से विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में लिफाफा बंद रखा गया था।

बीती 19 नवंबर को उनकी जांच समाप्त होने के बाद उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी कर दिया गया। बता दें कि हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं। डीआईजी बनने पर उनकी वापसी होनी है। इसके बाद उन्हें नई जगह तैनात किया जाएगा।

करीब पांच वर्ष पहले नोएडा के तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने हिमांशु कुमार पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। बता दें कि इस मामले में विजिलेंस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। इसमें बीते वर्ष अप्रैल माह में हिमांशु को क्लीन चिट मिल गई थी।

इससे पहले विजिलेंस ने भी उनके खिलाफ लगे आरोपों का दो बार परीक्षण किया था। इसमें आरोपों की पुष्टि नहीं होने पर राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजी थी।

# एकजुट होकर 2027 में करहल-सीसामऊ भी जीतेंगे




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव में मिली हार से हताश भाजपा में दिखी खेमेबंदी अब खत्म हो चुकी है। इसका साफ संकेत उपचुनाव में सात सीटों पर चुनाव जीतने वाले विधायकों के सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम में भी दिखा। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह कहकर इसे और स्पष्ट कर दिया कि सरकार और संगठन अभी से एकजुट होकर मिशन-2027 के लिए जुटें तो करहल और सीसामऊ सीट भी जीत लेंगे।

भाजपा के छह और रालोद के एक विधायकों को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री ने उपचुनाव में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जमकर सराहना कर यह भी संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार और संगठन में बंटकर रहेंगे तो कमजोर होंगे।

### तारीफों का दौर चला

भाजपा मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में संगठन और सरकार की आपसी जुगलबंदी खूब दिखी, सीएम ने संगठन महामंत्री धर्मपाल के नाम से पूरी टीम के काम करने की तारीफ की तो दोनों डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष ने भी सीएम योगी के नेतृत्व पर भरोसा जताया। हर किसी के भाषण में एक-दूसरे का जिक्र आया, सभी विधानसभा सीटों पर जिम्मेदारी निभा रहे मंत्रियों और विधायकों के साथ कार्यकर्ताओं तक की मेहनत पर खूब तालियां बजीं।

### सीएम ने ली सुरेश खन्ना और दयाशंकर पर चुटकी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री सुरेश खन्ना के बारे में बोला कि ये कभी-कभी घूमने कश्मीर चले जाते हैं। चुनावी कार्यक्रम में मंत्रियों के क्षेत्र में रहने का जिक्र करते वक्त उन्होंने ये बात कही। आगे सीएम ने मंत्री दयाशंकर पर कहा कि वो खुद खन्ना जी के पड़ोसी हैं, उनके जैसी ही कई आदतें हैं।

### सबसे ज्यादा कुंदरकी विधायक का क्रेज

कुंदरकी से रिकॉर्ड मतों से जीतकर भाजपा के लिए किला भेदने वाले रामवीर सिंह सबसे ज्यादा समर्थकों और मीडिया के लोगों से घिरे रहे, खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में विशेष तौर पर कुंदरकी के नए विधायक का जिक्र किया।

### 2027 में होगी इससे भी बड़ी जीत

उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत ही कुंदरकी और कटेहरी जैसी विषम समीकरण वाली सीटों पर बंपर मतों से भाजपा की जीत हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं को अभी से 2027 में होने वाले चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि 2027 में भाजपा की इससे भी बड़ी जीत होगी। मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। नवनिर्वाचित विधायकों को सीख देते हुए योगी ने कहा कि जनता से बेहतर संवाद और संगठन के साथ मिलकर काम करेंगे तो जीत का यह सिलसिला कायम रहेगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के खिलाफ जांच की आंच यूपी तक पहुंची

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के खिलाफ पोर्नोग्राफी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में छापा मारा। छापों की जद में आए लोग राज कुंद्रा की कंपनी में तकनीकी कार्य करते हैं। इनके खातों में कुछ संदिग्ध लेन-देन मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। कानपुर में राज कुंद्रा की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के आवास को खंगाला गया है।

इसी तरह गोरखपुर में एक और कुशीनगर में दो ठिकानों पर भी ईडी की मुंबई कार्यालय की टीम ने छापा मारा। इस दौरान ईडी के लखनऊ और प्रयागराज के अधिकारी भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक चारों ठिकानों से संपत्तियों और बैंक खातों से जुड़ी जानकारी जुटाई गई है। टीम ने कुछ इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी कब्जे में लिए हैं।

# हड़ताल किया तो बर्खास्त होंगे संविदा बिजलीकर्मी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी कॉर्पोरेशन के पूर्वांचल वाराणसी एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा के प्रस्तावित विघटन को लेकर संविदाकर्मियों के आंदोलन को लेकर अल्टीमेटम मिलना शुरू हो गया है। संविदा बिजलीकर्मियों को अल्टीमेटम दिया जा रहा कि उनके द्वारा हड़ताल करने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

कॉर्पोरेशन के द्वारा पूर्वांचल निगम में तीन एवं दक्षिणांचल निगम में दो नई बिजली कंपनियों के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे बिजली अभियंताओं एवं कर्मचारियों में नाराजगी है, जिनका आरोप कि प्रबंधन कंपनियों के जरिये पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगम का निजीकरण करने जा रहा है।

### बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे संविदाकर्मी

संविदाकर्मियों के नेता देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि उनकी प्रबंधन स्तर पर वार्ता हो चुकी है। जिन्होंने संविदाकर्मियों के साथ कोई अन्याय न होने का दावा किया है। इस संबंध में आठ दिसंबर को संगठन कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जो निर्णय होगा, उसी आधार पर संविदाकर्मी अपने आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



इकौना। सौरूपुर गांव में बृहस्पतिवार संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। उसका शव उसी के कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक के बाबा की तहरीर पर इकौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सौरूपुर के मजरा लाल बनकटी निवासी जयप्रकाश (22) का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व तुलसीपुर बाजार निवासी रेनू के साथ हुआ था। जयप्रकाश के माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। परिवार के भरण पोषण के लिए वह मुंबई में रहकर मजदूरी करता था। कुछ दिन पूर्व वह वापस घर लौटा था। बृहस्पतिवार को उसके बाबा रामखेलावन व दादी खेत में धान की फसल कटवाने गए थे। इसी बीच रेनू कपड़ा फैलाने चली गई। जब वह लौटी तो जयप्रकाश अपने कमरे में नहीं था। जिसे तलाशती हुई रेनू दूसरे कमरे में गई तो देखा कि उसका शव फंदे के सहारे लटक रहा था। रेनू के चीख पुकार पर आसपास के लोगों ने खेत में जाकर उसके बाबा रामखेलावन को सहित पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सेमगढा चौकी प्रभारी अमित सिंह ने सीओ आलोक कुमार व प्रभारी निरीक्षक इकौना अश्विनी कुमार दुबे ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक इकौना ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ओएमआर शीट पर बच्चों ने दी निपुण परीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ। श्रावस्ती। परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार नैट परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान छात्रों का ओएमआर शीट के माध्यम से सवालों के जवाब दिए। पहले दिन की परीक्षा में कक्षा एक से तीन तक के छात्र शामिल हुए। परिषदीय विद्यालयों में निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट) की पहले दिन की परीक्षा शुक्रवार को कराई गई। इसमें कक्षा एक से तीन तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्रों ने हिंदी व गणित विषय के मौखिक सवालों का जवाब दिया। नोडल अधिकारियों ने विद्यालयों का भ्रमण कर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को कक्षा चार से आठ तक के छात्रों की परीक्षा कराई जाएगी। इसमें कक्षा चार से पांच तक के छात्रों की हिंदी, गणित, अंग्रेजी व पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा कराई जाएगी। वहीं कक्षा छह से आठ तक के छात्रों की हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।

### विश्व शांति की कामना लेकर तपोस्थली पहुंचे थाईलैंड के अनुयायी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ। कटरा। थाईलैंड का 25 सदस्यीय अनुयायियों का दल विश्व शांति की कामना लेकर बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती पहुंचे। अनुयायियों ने भिक्षु देवानंद के नेतृत्व में आनंद बोधि पर प्रार्थना कर बुद्ध मंत्र का जाप करते हुए तपोस्थली के विभिन्न मूमेंटों का भ्रमण किया। इस दौरान भिक्षु देवानंद ने कहा कि जिन्होंने महात्मा बुद्ध को देखा सुना था। प्रारंभिक धर्म नीति साहित्य के कुछ हिस्सों में उनके संस्मरण संग्रहित हैं। इस विषय में यहां विस्तार से प्रमाण नहीं दिए जा सकते। उस काल में लेखन कला अधिक प्रचलित नहीं थी। इसलिए स्मरणशक्ति तब आज की अपेक्षा प्राय- अधिक सही और तीव्र थी। इसका प्रमाण यह है कि इससे भी पूर्व का ग्रंथ ऋग्वेद स्मृति के सहारे हमें प्राप्त हुआ है। उसके पाठों में बाद के ग्रन्थों से कम विभिन्नता मिलती है। तपोस्थली के भ्रमण के दौरान अनुयायियों ने बुद्ध मंत्रणा करते हुए बुद्धम् शरणम् गच्छामि संघम् शरणम् गच्छामि धम्मम् शरणम् गच्छामि का उद्घोष भी किया। इसके बाद उनके द्वारा तपोस्थली स्थित गंध कुटी, सभामंडप, कौशांबी कुटी, अंगुलिमाल स्तूप, पूर्वाराम बिहार, सूर्य कुंड आदि का भ्रमण भी किया गया।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ। सड़क हादसों में दिव्यांग कर्मकार और मूंगफली का ठेला लगाने वाले की मौत हो गई। बहराइच के लालई मऊ के रहने वाले



चंद्रभान मिश्रा (45) दृष्टिबाधित थे। वह पारा स्थित राजकीय कौशल विकास केंद्र में कर्मकार थे। राजकीय संकेत विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिशंकर ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े नौ बजे चंद्रभान केंद्र के बाहर टहल रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ट्रॉमा में शुक्रवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। परिवार में पत्नी आराधना व एक बेटी है। बहराइच के कैसरगंज के रहने वाले जुगनू (32) इंदिरा नगर स्थित संजय गांधीपुरम में रहते थे। वह लेखराज मार्केट के पास मूंगफली का ठेला लगाते थे। चचेरे भाई रामदीन के मुताबिक भाई बीते बुधवार को साइकिल से मूंगफली लेने वजीरगंज गए थे, वहां बांसमंडी के पास टेंपो की टक्कर से घायल हो गए थे। ट्रॉमा में शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी राधा देवी व तीन बच्चे नैंसी, आदित्य व अनुज हैं।

# शिक्षक ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवनलीला की समाप्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को गोमतीनगर क्षेत्र में निजी स्कूल के शिक्षक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक विशालखंड-3 निवासी आरुणी मिश्रा (40) जयपुरिया स्कूल में पढ़ाते थे। वह काफी समय से स्कूल नहीं जा रहे थे। साथ ही आर्थिक समस्या से जूझ रहे थे। इस कारण अवसाद में थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11.30 बजे वह बिना बताए घर से निकल गए। जहरीला पदार्थ खा लिया। दोपहर ढाई बजे लौटे और कमरे में चले गए। काफी देर तक जब बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर परिजन कमरे में गए तो शिक्षक फर्श पर पड़े थे। मुंह से झाग निकल रहा था। उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# रिहायशी इलाके में तीन अवैध कारखानों में लगी भीषण आग




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की शाम अयोध्या रोड शक्तिनगर दल पर सोफा-गद्दा बनाने की फैक्टरी में आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

गाजीपुर के रिहायशी शक्तिनगर इलाके में शुक्रवार शाम बनी दो मंजिला इमारत में चल रहे तीन अवैध कारखानों में आग लग गई। आग के बीच वहां मौजूद 40 लोग फंस गए। सभी ने इमारत की बाउंड्री फांद कर जान बचाई। आग की चपेट में आने से वहां रखे चार छोटे गैस सिलिंडर ताबड़तोड़ फटने लगे। दमकल कर्मियों 12 गाड़ियों से पांच घंटे में आग पर काबू पा लिया।

चौक के राजा बाजार निवासी प्रखर रस्तोगी की शक्तिनगर ढाल के पास दो मंजिला बिल्डिंग है। बिल्डिंग में मेट्रो सिटी निवासी अशरफ का गद्दे का कारखाना, रशीद का फर्नीचर और रफी उल्ला का फोम का कारखाना है। तीनों कारखानों में तीन परिवार समेत 40 लोग रहकर वहीं काम करते हैं। शुक्रवार शाम छह बजे कुछ लोग काम कर रहे थे, जबकि महिलाएं खाना बना रही थीं। इस बीच अशरफ के गोदाम में अचानक आग लग गई और ऊंची-ऊंची लपटें और धुआं उठने लगी। यह देख सभी घबरा गए। वे चीखने चिल्लाने लगे।

### 10 फीट ऊंची बाउंड्री फांदकर बचाई जान

आग से फंसने लोग मदद के लिए शोर मचाने लगे। जान बचाने के लिए वह बिल्डिंग के गेट से लगे जीने पर चढ़कर 10 फीट ऊंची बाउंड्री में बने गड्ढों के सहारे उतर कर अपनी जान बचाई। इस बीच आग ने रशीद और रफीउल्लाह के गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में रखे गैस सिलिंडर एक के बाद एक फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि पड़ोसी व मजदूर सहम उठे। आग इतनी भयानक थी कि आसपास के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी। घटना की जानकारी लोगों ने दमकल, पुलिस और बिल्डिंग के मालिक को दी।

### एक किलोमीटर दूर से दिख रहा था धुआं

आग की खबर पाकर सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ इंदिरानगर शत्रुघन, एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत टीम के साथ पहुंच गए। नौ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाना का काम शुरू किया गया। कारखानों में फोम व लड़की होने के कारण आग विकराल होती चली गई। इस पर सीएफओ को दो और गाड़ियां बुलानी पड़ी। दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटी रहे। आग की विकटता का अंदाजा करीब एक किलोमीटर दूर से ही उठ रहे धुएं को देख सहज ही लगाया जा सकता था।

### रह-रहकर धधकती रही आग

कारखानों से निकल रहे धुएं के कारण दमकल व अन्य लोगों को सांस लेना दूभर हो गया था। आग पर थोड़ा काबू पाने के बाद दमकल कर्मियों ने थोड़ी राहत की सांस ली। वहीं दमकल कर्मी को बीआर सेट पहना कर बिल्डिंग में दाखिल किया गया। मगर आग एक बार फिर आग तेज हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद पांच घंटे में गाड़ियों से दमकल कर्मियों ने आग पूरी तरह से बुझा ली।

### पहले भी लग चुकी है छुटपुट आग

इमारत के ठीक पीछे रहने वाले अधिवक्ता राहुल सिंह के मुताबिक कारखानों में पहले भी छोटी-मोटी आग लग चुकी है। मगर तब लोगों ने समय रहते ही उस पर काबू पा लिया था। तीनों कारखाने करीब चार साल से रिहायशी इलाके बीच चल रहे हैं। राहुल ने और अन्य लोगों ने कई बार मालिकों से कारखानों को बंद की बात कही गई, मगर कुछ नहीं हुआ।

# किशोरी से दुष्कर्म, डीजे संचालक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



गोसाईंगंज। किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गोसाईंगंज पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी डीजे संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक गोसाईंगंज के एक गांव में बृहस्पतिवार को आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में रसूलपुर निवासी अभिषेक रावत डीजे बजाने आया था। रात में अभिषेक ने नित्यक्रिया के लिए निकली 14 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध पर मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकला। घर पहुंचकर किशोरी ने आपबीती बताई। प्रधान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन कर केस दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी कक्षा आठ की छात्रा है।

### फंदा लगाने जा रहे युवक की पीआरवी कर्मियों ने बचाई जान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ। पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने खुद को कमरे में बंद कर फंदा लगाने का प्रयास किया। पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल (पीआरवी-6373) में तैनात पुलिस कर्मियों ने दरवाजा तोड़कर युवक की जान बचा ली। घटना मड़ियांव इलाके में शुक्रवार दोपहर की है। फैजुल्लागंज में रहने वाली प्रतिमा ने बताया कि पति सोनू गौतम (40) नशे के आदी हैं। आए दिन मारपीट करते हैं। दोपहर करीब 2.30 बजे पति घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। उन्होंने यूपी-112 पर सूचना दी तो सोनू ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और आत्महत्या का प्रयास करने लगे। पीआरवी में तैनात अजीत शुक्ला और अक्षय भाटी मौके पर पहुंचे। रोशनदान से झांका तो सोनू ने पंखे के सहारे कंबल से फंदा लगा लिया था।

## सीएमएस ने एसओजी प्रभारी पर लगाया अभद्रता का आरोप कार्यवाही हेतु एसपी को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को पत्र लिख कर एसओजी प्रभारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की माँग की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप अग्रवाल ने पत्र में लिखा कि गुरुवार अपराह्न 1:00 बजे मैं वार्ड संख्या 2 पर राउण्ड में था तथा वहां का कार्य पूर्ण कर अपने कक्ष की ओर लौट रहा था तभी सुरक्षा गार्डो ने बताया कि कुछ लोग अपने आप को एस0ओ0जी टीम बताकर वार्ड नं. 2 पर किसी मरीज का बयान दर्ज करने गये थेमैं वार्ड की तरफ जाने लगा तो वह टीम बाहर आ रही थी जिसमें सभी सिविल ड्रेस में थे। गार्ड के शिनाख्त में मेरे द्वारा पूँछा गया कि कैसे आये हो और क्यों आये हो तो उनके प्रभारी के द्वारा अभद्र भाषा में जवाब दिया गया कि हम सरकारी कार्य से आये हैं। जब मेरे द्वारा इस सन्दर्भ में कहा गया कि न तो आप ड्रेस में है कम से कम आपको मुझसे पूँछकर जाना चाहिए था तो इस पर उनके प्रभारी ने अकड़ते हुए अभद्र भाषा में कहा गया कि हम सरकारी कार्य से आये है उनके द्वारा बाद में देख लेने की धमकी भी दी गयी। उक्त प्रकरण को लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही की माँग की।

# शहर के होटल में लगी आग: नहीं थे कोई सेफ्टी इंतजाम, फायर विभाग की NOC भी नहीं थी

## फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

- हादसे में कोई जनहानि नहीं, किचन से उठी थी आग

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**




जनपद में एक निजी होटल में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग गई. होटल में रह रहे लोगों को जब आग लगने की जानकारी हुई तो वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे. सूचना पाकर मौके पर डायल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

शहर कोतवाली क्षेत्र के झलकारी बाई चौराहे पर स्थित होटल ओम क्लार्क इन में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग गई। होटल के कमरों में रुके लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। धुएं के गुबार को देखकर लोगों के होश उड़ गए। जानकारी पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड की दो-दो गाड़ियां आग बुझाने पहुंचीं।

**होटल में ठहरे लोगों ने बताई हादसे की कहानी**

होटल में रुके दिल्ली के रहने वाले सुजीत पांडे ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ दूसरी मंजिल के कमरा नंबर 305 में रुके थे. सुबह वह नहा रहे थे तो अचानक लाइट चली गई। इतने में मुझे कुछ गंध आई तो उनके दोस्त ने कहा कि रूम में धुआं आ रहा है। पता चला कि होटल में आग लगी है वह अपनी बच्चीवाइफ व भाई को लेकर किसी तरह बाहर निकले।

होटल वालों ने फायर सेफ्टी को लेकर किसी भी प्रकार के इंतजाम नहीं किए हुए थे यहां पर न ही कोई स्टाफ था और ना कोई सिक्योरिटी अलार्म बजा। किसी तरह हमने अपनी जान बचाई एक अन्य कमरे में ठहरे सतीश ने बताया कि स्मेल जब आने लगी तो आग लगने की जानकारी हुई। होटल की तरफ से कोई भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी।

किसी तरह हम लोग कमरों से बाहर निकले और अपनी जान बचाई। अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सुबह लगभग 7:00 बजे के आसपास उन्हें होटल में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर तत्काल फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाने लगीं।

समय रहते हमने आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है अधिकारी ने बताया कि आग होटल के किचन में लगी थी। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है उन्होंने बताया कि पड़ताल में ये बात भी सामने आई है कि होटल ने फायर विभाग से एनओसी नहीं ली हुई थी।

## गंगोत्री पैरामेडिकल में मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से संपन्न हुआ निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

गंगोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड स्किल डेवलपमेंट रायबरेली में मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के लगभग 250 से अधिक मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण मेदांता लखनऊ के चिकित्सको से परामर्श प्राप्त किया मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा बीपी, ब्लड शुगर, ई सी जी, बीएमआई, एस पी ओ टू की जांच निःशुल्क की गई। कैंप के दौरान चिकित्सको ने बताया कि किस प्रकार से हम अपनी दैनिक दिनचर्या को व्यवस्थित रखकर अपने शरीर को स्वस्थ व निरोग रख सकते हैं। कैंप का उद्घाटन मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों , गंगोत्री पैरामेडिकल के मैनेजिंग ट्रस्टी आयुष द्विवेदी, संरक्षक डॉक्टर शक्तिधर वाजपेई एवं मेदांता हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर प्रभात मिश्रा के द्वारा किया गया। कैंप में मुख्य रूप से सुनील द्विवेदी, सभासद पुष्पा यादव, क्षमा शुक्ला, अंजली शर्मा, प्राची मिश्रा, विमलेश सोनकर, अरविंद बाजपेई एवं गंगोत्री पैरामेडिकल में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पांच दिसंबर को रामायण मेले का उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** चार दिवसीय रामायण मेले का उद्घाटन पांच दिसंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। रामायण मेला पांच से आठ दिसंबर तक रामकथा पार्क में आयोजित होगा। इस उत्सव में सरयू तट पर चार दिनों तक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रसधारा प्रवाहित होगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद होने जा रहे पहले रामायण मेले को भव्य बनाने की तैयारी है। पिछले दिनों ही रामायण मेला समिति के पदाधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें मेले के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया था। सीएम ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष मिश्र ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ चार दिवसीय रामायण मेले का पांच दिसंबर की दोपहर तीन बजे उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार रामायण मेले में कई नए कार्यक्रम जोड़े गए हैं जो उत्सव को भव्यता प्रदान करेंगे। मेले के प्रवचन सत्र को नया आयाम देने की जिम्मेदारी जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य को सौंपी गई है। आशीष ने बताया कि अलग-अलग सत्र में अलग-अलग कथा व्यास रामकथा की महिमा सुनाएंगे इसकी सूची रामदिनेशाचार्य तैयार कर रहे हैं। जबकि संस्कृति विभाग के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में राम विवाह के उत्सव को भी शामिल किया गया है।

## डिग्री होम्योपैथिक की, एलोपैथिक पद्धति से कर रहे इलाज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** दर्शननगर के पास स्थित प्राइम हॉस्पिटल में होम्योपैथिक की डिग्री लेकर एलोपैथिक पद्धति से इलाज करने के आरोप लगे हैं। इससे मरीजों के साथ अनहोनी की आशंका भी जताई जा रही है। जिलाधिकारी से शिकायत के बाद सीएमओ ने मामले में जांच बैठाई है। जिले के कनकपुर निवासी शिवम गौड़ ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि आशापुर दर्शननगर के पास प्राइम हॉस्पिटल संचालित है। इसके प्रबंधक डॉ. दिपांकर गुप्ता बीएचएमएस हैं। इसके बावजूद वह मरीजों का इलाज एलोपैथिक पद्धति से कर रहे हैं। जबकि इसके लिए उनके पास योग्यता नहीं है। अस्पताल में लगे उपकरण व संसाधन एलोपैथिक इलाज से संबंधित हैं। इस तरह गलत इलाज से मरीजों के साथ अनहोनी की आशंका है। वहीं, गलत इलाज के कारण मरीजों पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। अस्पताल प्रबंधक सरकारी व परिषदीय कर्मचारियों से आर्थिक लाभ लेकर चिकित्सीय अवकाश की संस्तुति भी करते हैं। जिलाधिकारी ने शिकायत पर जांच व कार्रवाई के लिए सीएमओ को निर्देशित किया तो सीएमओ ने मामले में जांच शुरू कराई है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि एसीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त करके आख्या मांगी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## करंट की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के रेतिया बंदे अली छावनी स्थित एक दुकान में दो चचेरे भाइयों के शव एक साथ चिपके हुए मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों की करंट लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मौके से बिजली मीटर व केबल भी जला हुआ मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम से नमूने लिए हैं। कैंट थाना क्षेत्र के नया पुरवा कुर्मी टोला निवासी अजय श्रीवास्तव के पुत्र अवनीश श्रीवास्तव (21) ने जमथरा घाट की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक किराये की दुकान में दोना-पत्तल बनाने की मशीन लगाई थी। सोमवार की रात लगभग 10:30 बजे वह घर से भोजन करके दुकान के लिए निकले और साथ में चचेरे भाई शिवम श्रीवास्तव (18) को भी ले लिया।

# अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुआ 181 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को जनपद के भेटुआ विकासखंड के निकट एक इण्टर कालेज में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 181जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि चार विकास खण्ड अमेठी,भेटुआ भादर व संग्रामपुर में 181 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।जिसमें 157 हिन्दू तथा 24 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दी प्रज्वलित कर किया।समारोह में वैवाहिक उपहार कन्या पक्ष की तरफ से प्रशासन द्वारा बर पक्ष को दिया गया।इस दौरान जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र दिया गया।

साथ ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं।स्थानीय लोगों की माने तो कार्यक्रम में दिए गए उपहार की क्वालिटी निम्न स्तर की है।घड़ियों से सेल गायब थे।और भोजन व्यवस्था खराब थी।जिससे लाभार्थियों में असंतोष देखा गया।इतना ही नहीं कई जोड़ों के विवाह को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिससे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और मंशा पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। हालांकि कागजों पर सभी कुछ ठीक-ठाक बताया गया।लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आई।जिससे कि प्रशासन और संबंधित विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।अब देखना होगा की पारदर्शिता और व्यवस्था सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## शहर में रहकर पढ़ सकेंगीं बेटियां, डीएम ने किया छात्रावास का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर से सुदूर गांवों में रहने वाली बेटियों का जल्द ही शहर स्थित जीजीआईसी के छात्रावास में रहकर पढ़ने का सपना साकार होगा। शहर के पुलिस लाइंस चौराहे पर स्थित जीजीआईसी में निर्माणाधीन राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की क्या प्रगति है, इसकी हकीकत जानने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पहुंचीं। उन्होंने वहां पर निर्माण कार्यों की हकीकत देखी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन एजेंसी के ठेकेदार से तय समय में निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तय मानकों और गुणवत्ता के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि यह छात्रावास 48 शैय्या से सुसज्जित होगाबता देंसरकार की तरफ से माध्यमिक शिक्षा के छात्राओं को सुविधा देने के उद्देश्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रावास बनवाया जा रहा है।

## यातायात माह के अंतर्गत रायबरेली सुल्तानपुर रोड पर खड़े वाहनों को हटवाया गया व उनका चालान किया गया



**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

पुलिस अधीक्षक महोदय रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 29.11.2024 को यातायात माह के उन्नतीसवे दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग रायबरेली से फतेहपुर मार्ग पर राजघाट पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, तथा एफसीआई गोदाम के सामने रायबरेली लखनऊ मार्ग एवं रायबरेली से अमेठी सुल्तानपुर मार्ग पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों को हटवाते हुए उनके चालान किए गए साथ ही भविष्य में वाहन रोक कर सड़क पर न खड़े करने की चेतावनी दी गई इसके अतिरिक्त रायबरेली शहर में बाजार तथा सार्वजनिक मार्गों स्कूलों एवं सड़कों के किनारे वाहन खड़ा करके जाम का कारण बनने वाले वाहनों को हटवाया गया, चेतावनी दी गई साथ ही उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई।

## डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुआ बवाल, बिना दुल्हन के लौटी बारात

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

बृहस्पतिवार को देर रात आई एक बारात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर घराती और बाराती आमने-सामने हो गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया।काफी देर चले विवाद के बाद बाराती बिना दुल्हन के ही वापस लौट गए।कन्या पक्ष की माने तो बारातियों में किसी बात को लेकर आपस मे ही झगड़ा हुआ था।जिसके बाद सभी बिना शादी के ही वापस चले गए।गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के संभावा गांव के इन्दई का पुरवा के रहने वाले नंदलाल कोरी की बेटी की शादी सूरज कोरी पुत्र राम अंजोर कोरी रानीपुर थाना उदयपुर जिला प्रतापगढ़ के साथ तय हुई थी। बृहस्पतिवार को देर रात वर पक्ष बारात लेकर पहुँचा।जहाँ डीजे पर गाना बजाने को लेकर कुछ विवाद हो गया।देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बाराती बिना शादी किये ही वापस लौट गए। बारात के वापस जाने के बाद कन्या पक्ष में मायूसी छा गई।दुल्हन के पिता नंदलाल कोरी पुत्र जोगीराम ने बताया कि बाराती जनवासे में किसी बात को लेकर आपस मे भीड़ गए थे।बारात के वापस जाने के बाद कन्या पक्ष में मायूसी छा गई।दुल्हन के पिता नंदलाल कोरी पुत्र जोगीराम ने बताया कि बाराती जनवासे में किसी बात को लेकर आपस मे भीड़ गए थे।जिसके बाद कुछ युवकों में मारपीट हुई थी।घटना के बाद बाराती बिना शादी के ही वापस लौट गए।लड़के और उसके पिता से बात हुई है।कन्या पक्ष ने बताया कि वर पक्ष फिर वापस आएगा।जिसके बाद शादी होगी।

# क्रिकेट बाल जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



जिला क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा 27 से 29 नवम्बर 2024 तक टेबल टेनिस बालक/बालिका जूनियर वर्ग, क्रिकेट-बालक जूनियर वर्ग एथलेटिक्स बालक जूनियर वर्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी पर्व पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज क्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें कि कुल बालक 130 खिलाड़ियों प्रतिभाग किया जिसके परिणाम इस प्रकार रहा आज जिला स्तरीय क्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन में फाइनल मैच श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली ए बनाम श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली बी के मध्य खेला गया जिसमें कि श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली बी 03 रनों से विजेता टीम रही और श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली ए उपविजेता टीम रही इस प्रतियोगिता के निर्णायक- 1-ईशिता पटेल 2-निहारिका यादव 3-अनामिका शुक्ल 4-अश्विनी चन्द्रा 5-धनन्जय सिंह 6-आशीष कुमार त्रिपाठी 7- सिविल रावत 8-कुलदीप कुमार 9-राजेश सिंह 10-करनवीर सिंह प्रतियोगिता के दौरान अत्यधिक गणमान्य लोग उपस्थित होकर मैच का आनंद लियाखेल भावना की सराहना की प्रतियोगिता के मैच का उद्घाटन/संचालन धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम, जिला क्रीड़ाधिकारी, रायबरेली के द्वारा किया गया क्रीडाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को खेल के प्रति उत्साह बढाया एवं बढ़िया खेल प्रर्दशन करने हेतु प्रेरित किया इस भव्य प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु बाबूलाल मन्जू, नरेश कुमार निषाद अश्वनी चन्द्रा शोएब खान कोच द्वारा सहयोग प्रदान किया गया साथ विभाग की ओर से दिये गये दिशा-निर्देशो तथा उच्चाधिकारियों के अनुपालन में प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। प्रतियोगिता के अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ी गण उपस्थित रहे प्रतियोगिता और अन्त में क्रीडाधिकारी रायबरेली ने प्रतियोगिता में आये हुऐ समस्त खिलाड़ियों एवं आगन्तुकों दर्शकों का आभार प्रकट किया ।

## जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, लीगल ऐड क्लीनिक व काष्ठ प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान बन्दी रोगियों की समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिनकी जमानत माननीय उच्च न्यायालय से होनी है तथा उनके पास अधिवक्ता न हो तो वह माननीय उच्च न्यायालय, विधिक सेवा समिति इलाहाबाद को प्रार्थना पत्र लिखकर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। दौरान निरीक्षण व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला, उप कारापाल धर्मपाल सिंह, उप कारापाल अंकित गौतम, उप कारापाल सुमैया परवीन, डॉ0 सुनील अग्रवाल व डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

## रायबरेली जेल में कैदी ने की आत्महत्या: दहेज उत्पीड़न के मामले में 5 साल से था बंद, अमेठी का रहने वाला था कैदी

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



दहेज उत्पीड़न के मामले में जेल में बंद विचाराधीन कैदी ने गुरुवार की शाम को आत्महत्या कर ली, इससे पहले उसने जेल के फोन से परिवार से बातचीत की थी इसके बाद जान दे दीघटना के बाद जेल प्रशासन में अफरातफरी मच गई सदर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जेल में पहुंचकर जांच-पड़ताल की। नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच कीअमेठी के थाना मोहनगंज के गांव कंचना का रहने वाला वारिस रायनी (28) पुत्र आरिफ रायनी दहेज उत्पीड़न के मामले में जेल में बंद था। वह पिछले 5 साल से सजा काट रहा था गुरुवार की शाम को 4.30 बजे के आसपास उसने जेल में बने टेलीफोन बूथ से परिवार से बातचीत की इसके बाद शाम 5 बजे के बाद वह जेल के अस्पताल के पीछे बागवानी ग्राउंड में चला गया। यहां उसने आत्महत्या कर ली। जेल प्रशासन के अनुसार शाम को बैरक के अंदर जाने के बाद कैदियों की गिनती की गई तो पता चला कि एक कैदी लापता है।

खोजबीन करने के बाद उसकी लाश मिली इसकी जानकारी स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई। फोरेंसिक टीम भी मौके पर आ गई, वहीं जांच करने मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सदर तेजस्वी त्रिपाठी ने बताया कि प्राथमिक जांच में कैदी के आत्महत्या करने की बात सामने आई है कैदी अमेठी का रहने वाला था सीसीटीवी में वह जेल में जहां खेती होती है उधर जाता हुआ नजर आया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि रात 10 बजे वह मजिस्ट्रेट जांच के लिए जेल में पहुंचे। जेल प्रशासन, स्थानीय पुलिस फोरेंसिक ने जांच की है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### कथा व्यास ने श्रोताओं को कराया भरत चरित्र कथा का रसपान

# भरत जैसा भाई संसार में दुर्लभ: आचार्य शान्तनु जी महाराज

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीरामकथा के आठवें दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने भरत चरित्र की कथा सुनाते हुये कहा कि **जग जप राम राम जप जेहि** अर्थात भगवान स्वयं भरत जी का स्मरण करते हैं।

मानस में भरत को अनेक लोगो ने महिमा मंडित किया है। तीर्थराज प्रयाग ने कहा की भरत सब विधि साधु है। भगवान ने स्वयं कहा कि लखन भरत जैसा पवित्र भाई संसार मे नही मिल सकता। उन्होंने कहा कि जनक जी ने सुनैना जी से कहा कि भरत की महिमा राम जानते तो है।परंतु वे भी बता नही सकते। भरत की साधना को बताते हुये कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि उनकी कठिन साधना को देखकर बड़े बड़े साधु संत भी उनके पास जाने में घबराते थे। स्वयं वसिष्ठ जी भी जाने से कतराते थे।

पिता की मृत्यु अवाम भगवान के वन गमन का समाचार मिलने पर भरत विह्वल हो गये।और विलाप करने लगे माता कैकेई को बहुत बुरा भला कहा है। सारी सभा को फटकार लगाई है। कौशल्या के समझाने पर भरत शांत हुये है। और सबको आश्वासन दिया कि हम सबको भगवान से मिलाने ले चलेंगे और पूरी प्रजा भरत जी के साथ भगवान से मिलने चित्रकूट चली। भगवान से मिलन हुआ।



भगवान के आदेश से उनकी पादुका सिरोधार्य कर भरत जी अयोध्या वापस आये।

और उसी पादुका को सिंहासन पर रखकर अयोध्या के राजकाज को संभाला। इस कारुणिक प्रसंग को सुनकर सम्पूर्ण जनमानस श्रोता समाज भाव विभोर हो गए। सबकी अश्रुधार फूट पड़ी एवं सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीराम कथा के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय सिंह, एससी एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिला अधिकारी निशा अनंत एडीएम अर्पित गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, रचना कोरी आदि ने कथा व्यास का माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के आयोजक राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह, कुंवर अवनींद्र प्रताप सिंह,संजय त्रिपाठी, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश जायसवाल, घनश्याम चौरसिया सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 30 नवंबर, 2024






**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल के...**

किसान सहकारी चीनी मिल के पिराई सत्र 2024 2 025 का शुभारंभ हो गया। चीनी मिल के लिए प्रथम बार गन्ना लेकर आने वाले दो किसानों को उपहार देकर सम्मानित किया। ▸ खबर पेज 10 पर...

# गेस्ट हाउस से 5 लाख रूपए के जेवरात से भरा बैग हुआ चोरी





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

घाटमपुर के पतारा स्थित आराध्या गेस्ट हाउस से चोरों ने चढ़वे के बैग पर ही हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि बाग में लगभग 5 लाख रुपए के जेवरात सहित चढ़ावे के कपड़े रखे हुए थे। दूल्हे पक्ष ले बैग चोरी की सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगी हुई है। दूल्हे के पिता ने गेस्ट हाउस मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।

सूत्रों के मुताबिक घाटमपुर थाना क्षेत्र के अशोक नगर दक्षिणी मोहल्ले निवास ए इंद्र बहादुर ने बताया कि उसके बेटा सौरभ सिविल इंजीनियर है ? उन्होंने अपने बेटे की शादी रायपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार की बेटी रश्मि के साथ तय की थी। गुरुवार देर शाम वह बारात लेकर पतारा कस्बा स्थित आराध्या गेस्ट हाउस गए हुए थे। दूल्हे के पिता ने बताया कि उनके पास कमरे में लगाने के लिए ताला नहीं था। इसके बाद उन्होंने गेस्ट हाउस मालिक से ताला मांगा तो गेस्ट हाउस के प्रबंधक ने कहा कि ताला आप अपना लगाइए। बाहर ताला ना मिलने की वजह से गेस्ट हाउस प्रबंधक ने एक ताला चाभी दे दिया। जलवा से में नाश्ता पानी होने के बाद बारात अगवानी के लिए निकल पड़ी। इस दौरान कमरे के अंदर चढ़ावें के बैक के पास लड़के के पिता इंद्र बहादुर बैठे थे। पिता इंद्र बहादुर ने बताया कि उनके पास एक युवक आया उसने उससे कहा कि आपको द्वारचार के लिए बुलाया जा रहा है। जिस पर वह कमरे में ताला लगाकर द्वारचार के लिए चले गए। जब उन्हें रिश्तेदारों ने देखा तो कहा कमरे में कौन है। तब वह वापस कमरे में लौटे तो कमरे का ताला टूटा पड़ा था। चढ़ावा और जेवरात से भरा बैग चोरी हो चुका था। उन्होंने चोरी की सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी। बेतवा की जानकारी मिलते ही घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घाटमपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया की घटना सूचना मिली थी। सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की जा रही है जल्दी ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# प्राथमिक विद्यालय चांदेताल गांव में बच्चे गेट से झूला झूलते मिले



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील के ब्लॉक ककवन की शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। 2.30 बजते ही स्कूल ज्यादातर बंद हो जाते हैं। शुक्रवार को ब्लॉक के चांदेताल प्राथमिक विद्यालय में दोपहर के समय दो बच्चे गेट पर लटककर झूला झूले थे गेट के अंदर पहुंचते ही मैदान में घास पर आराम से बैठकर बच्चे कैरम खेल थे वहीं पर कुछ बच्चे तहरी खा रहे थे वहीं पर मौजूद शिक्षिका प्रियंका से पूछा तो वह आग बबूला हो गई उन्होंने बताया कि मैदान में घास पर बच्चे क्या कर रहे हैं यह मेरा काम नहीं है मेरा काम सिर्फ पढ़ाना है उन्होंने कहा कि हम इस संबंध में इंचार्ज अध्यापिका से बात करे हैं और खंड शिक्षा अधिकारी से बात करे हैं मेरा काम नहीं है कि कहां पर बच्चे हैं क्यों झाड़ियां खड़ी है स्कूल में और क्यों बच्चे कैरम खेल रहे हैं तमाम सवाल वह अपने आप ही बोलते चले गई हैं थोड़ी देर बाद जब उनसे उनका नाम पूछा तो नहीं बताया और इंचार्ज अध्यापिका से बात कराने का आग्रह किया तो उन्होंने नंबर दिया इंचार्ज अध्यापिका शाइमा आफरीन ने बताया कि हम अवकाश पर हैं बाकी घास पर दवा का छिड़काव प्रधान द्वारा कराया जा चुका है घास सूख जाएगी इसके बाद में उसको हटवा दिया जाएगा ककवन ग्राम सभा के प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि पतावार और जो बाबुल खड़ी है उसको भी जल्द कटवाकर मैदान साफ करा दिया जाएगा जब उनसे यह कहा गया इन झाड़ियां में बरसात के सीजन में सांप और बिच्छू पल जाते हैं अगर यह सफाई हो जाएगी तो किसी भी बच्चों के साथ अनहोनी नहीं हो सकती है उन्होंने कहा जल्द हम इसकी सफाई करवा देंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता ने बताया कि जब एक अध्यापक अवकाश पर है तो जो वहां पर है उसकी जिम्मेदारी है कि बच्चे गेट पर और कहां पर खेल रहे हैं झाड़ियां में उसको ध्यान रखना चाहिए।

## एसडीएम गौशाला में त्रिपाल, भूसा आदि व्यवस्था देखने के लिए पहुंची



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों एसडीएम रश्मि लांबा गौशालाओं पर विशेष ध्यान दे रही हैं सर्दी के दिनों में अगर किसी गौशाला में ट्रिपाल, भूसा आदि की व्यवस्था नहीं है तो वहां पर बुलाकर लेखपाल सचिन प्रधान को फटकार भी लगा रही हैं शुक्रवार को औरौताहरपुर गौशाला में पहुंचकर उन्होंने हकीकत जानी उसमें वहां पर 82 गोवंश मौजूद थे। एक गोवंश बीमार मिला वहीं पर केयरटेकर मौजूद थे सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरज पटेल, सचिव अखिलेश कुमार और प्रधान ने पहुंचकर तिरपाल भूसा रखरखाव की व्यवस्थाएं देखी उन्होंने बीमार गोवंश के बारे में भी डॉक्टर से विचार विमर्श किया उन्होंने वहां पर मौजूद कर्मचारियों से कहा पर्याप्त मात्रा में भूसा दाना खिलाते रहे अगर कोई बीमार है और डॉक्टर कर्मचारी कोई नहीं पहुंचता है तो सीधे हमको भी फोन कर बताएं हम सब का दायित्व है कि कोई भी गोवंश सर्दी में बीमारी के चलते मौत ना हो सके।

# ककवन ब्लॉक परिसर में एम्लिको के कैंप में 52 विकलांगों का पंजीकरण हुआ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में विकलांगों के लिए रजिस्ट्रेशन रजिस्ट्रेशन और प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोकप्रिय सांसद अशोक रावत की पहल पर एम्लिको द्वारा विकलांगों के रजिस्ट्रेशन और जांच प्रत्येक ब्लॉक पर कराई जा रही थी चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर के बाद शुक्रवार को ककवन ब्लॉक परिसर में एम्लिको के कैंप में 52 लोगों का पंजीकरण हुआ। ककवन विकासखंड कार्यालय में आयोजित हुए दिव्यांग शिविर में कुल 52 लोगों के कृत्रिम अंगों के लिए पंजीकरण कराया इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे सत्यवीर सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इं विनय यादव की मौजूदगी में क्षेत्र के विकलांगों लोगों ने अपने-अपने जरूर कृति मांगों के लिए आवेदन किया खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत की ओर से बताया गया कि कल 52 लोग ने पंजीकरण कराया है जल्दी सभी को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे कोकन ब्लैक प्रमुख पुत्र इंजीनियर विनय यादव ने आए हुए विकलांगों और उनके साथ में परिजनों को दो-दो समोसे खिलाएं। साथ में प्रधान अनिरुद्ध कोरी, अनिल यादव, होरी लाल गौतम, अरविंद कोरी, गोरे लाल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश में तीसरा सबसे ठंडा शहर रहा कानपुर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चक्रवाती हवाओं की वजह से रात का तापमान लगातार नीचे जा रहा है। 29 नवंबर को रात का पारा 11 वर्ष बाद सबसे कम 9 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले 2013 को न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इस तरह से शुक्रवार को कानपुर प्रदेश के सबसे ठंडे शहरों में तीसरे स्थान पर रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में रात के साथ दिन में भी ठंड पड़ने लगेगी।मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार एक नया विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उत्तरी हिस्सों में पहुंच गया।

जो पूर्व की ओर से अफगानिस्तान व पाकिस्तान होते हुए देश के मध्य और पूर्वी क्षेत्रों तक पहुंचने लगा है। इसकी वजह से नम हवाएं भी तेजी यहां आ रही है। ऐसे में ठंडक बढ़ रही है। बताया कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के मध्य क्षेत्रों से होकर गुजर रहे हैं। इसकी वजह से ठंडक आने वाले दिनों और बढ़ेगी। इस तरह की स्थिति तीन दिसंबर तक बनी रह सकती है। इस बीच अधिकतम पारा 26.2 डिग्री रहा। जबकि हवा में नमी की मात्रा अधिकतम 93 और न्यूनतम 47 प्रतिशत रही।

# निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन, शिविर में ढाई सौ मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शुक्रवार को यू. सी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गणेश नगर, और गोल्डन लायनेस अनमोल क्लब (बी-2) के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें 250 से अधिक बच्चों, शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में उपस्थित मरीजों को नेत्र समस्याओं का निदान करने के साथ-साथ उचित परामर्श और दवाइयां भी प्रदान की गईं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बढ़ती नेत्र समस्याओं को पहचानना, उनके अनुचित खान-पान पर ध्यान दिलाना और उसे सुधारने के लिए जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोल्डन लायनेस क्लब की मंडल अध्यक्ष श्रीमती अर्पणा सिंह और विशिष्ट अतिथि श्रीमती हेमलता शर्मा उपस्थित रहीं। इस शिविर का आयोजन यू. सी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गणेश नगर के संस्थापक श्री अनुराग श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव के सहयोग से किया गया। शिविर में क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ममता श्रीवास्तव, सचिव श्रीमती मोनिका अग्रवाल और साइट फर्स्ट की चेयरपर्सन श्रीमती मीना मल्होत्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर्स टीम, जिनमें डॉ.अखिलेश, डॉ.प्रिया, और असिस्टेंट्स जसलीन व पलक शामिल थीं, ने परीक्षण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इसके अलावा, हेल्थ चेकअप चेयरपर्सन डॉ.मधु भार्गव, सुषमा वर्मा, और फिटनेस एक्सपर्ट डॉ.कविता अरोड़ा ने भी अपना योगदान दिया। शिविर में विद्यालय की मैनेजमेंट टीम से खुशबू सिंह, सुचिता विश्वकर्मा, राधा गार्डनर, लक्ष्मी विश्वकर्मा, और आशिफा सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। यह शिविर बच्चों के शारीरिक और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में अत्यंत सफल रहा।

## बेटा- बेटी ने दिलाया पिता को न्याय

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। बिठूर थाने के रमेल कस्बे के रहने वाले अनिल कुमार गौड़ सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ रंजिशन गैंगरेप सहित पास्को एक्ट की धारा में वर्ष 2013 में बिठूर थाने में फर्जी मुकदमा पंजीकृत किया गया था। परिवार से आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अनिल कुमार अपने मुकदमे की पैरवी किसी अच्छे वकील से नहीं करा सकें। जब सभी अच्छे वकीलों ने मुकदमा लड़ने से इनकार कर दिया। तब अनिल कुमार ने अपने मुकदमे की पैरवी करने के लिए अपने बेटे और बेटी से कहा। मुकदमे के दौरान उन्हें 3 महीने का कारावास भी झेलना पड़ा। जिसमें 27 नवंबर को माननीय न्यायालय कानपुर से दोष मुक्त कर दिया गया है। इस प्रदीप कड़वे के कारण प्रार्थी को 11 वर्षों तक बदनामी का बोझ लेकर जिम्मेदारियां को निभाते हुए अपनी जिंदगी जीनी पड़ी। ऐसे ही ना जाने कितने मुकदमे फर्जी तरीके से आए दिन लिखवाए जाते हैं। माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को को एक्ट अधिनियम योगेश कुमार द्वारा दोष मुक्त किए जाने के बाद अनिल कुमार गौड़ ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं मेरे बेटे और बेटी तो आत्मविश्वास की हुई है। दुनिया में जो मेरा साथ छोड़ दिया तब आत्मविश्वास से भरे हुए मेरे बेटे व बेटी ने मेरे मुकदमे को लड़ा और अंत में सत्य की विजय हुई। अनिल कुमार गौड़ ने बताया कि हाल ही में 28 मार्च 2024 को उनके बेटे ऋषभ को वकालत का लाइसेंस मिला है। और पहला केस मेरा ही लड़ना पड़ा। मेरा पुत्र जज की तैयारी कर रहा है। मेरे बेटे ऋषभ हुआ बेटी उपासना ने मेरा सर फक्र से ऊंचा कर दिया है। शायद ही कोई बेटा और बेटी ऐसे होंगे जिन्होंने ऐसी कठिन परिस्थिति में जी तोड़ मेहनत कर अपने पिता को सर उठाने योग्य बनाया हो।

# बाइक व स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अकबरपुर थाना क्षेत्र के बरौला गांव के पास शुक्रवार शाम पांच बजे करीब तेज रफ्तार बाइक व स्कूटी सवार आमने सामने टकरा गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची व महिला गंभीर घायल हो गईं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूरा के आंबेडकर नगर वार्ड निवासी अमित कुमार (32) शुक्रवार शाम को पत्नी अनीता को दवा दिलाने के लिए साली मनु उर्फ मानवी (12) के साथ अकबरपुर आ रहा था। जैसे ही रूरा-अकबरपुर मार्ग पर बरौला गांव के सामने पहुंचे। तभी सामने से एक वाहन को ओवरटेक करते हुए बाइक से आए ऋषि (30) पुत्र दिनेश तिवारी निवासी बाजार वार्ड किराना गली रूरा से भिड़ंत हो गई।

दोनों वाहनों की रफ्तार अधिक होने के कारण स्कूटी व बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर घायलों को पड़ा देख राहगीरों ने अकबरपुर पुलिस को सूचना दी। इधर लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा। यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने ऋषि व अमित को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनीता व मनू को भर्ती कर इलाज किया। अपराध निरीक्षक अखिलेश जायसवाल ने बताया कि शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के आने व तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऋषि की मौत पर बदहवाश रहे परिजन

हादसे में ऋषि की मौत की जानकारी मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। पत्नी प्रिया, मां रानी, पिता दिनेश तिवारी बिलखते रहे। अस्पताल पहुंचे परिवार के लोगों ने बताया कि वह किसी काम से माती मुख्यालय आया था। यहां से वापस लौटने के दौरान हादसा हो गया।

### दामाद की मौत पर बिलखती रही सास

अमित मूल रूप से ग्राम पाली थाना बीघापुर उन्नाव का रहने वाला है। वह महाराष्ट्र की एक कंपनी में काम करता था। अगस्त माह में वहां से घर लौटा था। इस समय वह ससुराल रूरा आंबेडकर नगर रूरा में रह रहा था। अमित की मौत पर जहां पत्नी अनीता अनजान रहीं। वहीं सास किरन व अन्य परिवार के लोग बदहवाश नजर आए।

### मौके पर एसडीएम ने पहुंच घायलों का लिया हाल

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत होने की जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर एके सिंह जिला अस्पताल जा पहुंचे। वहीं सीएमएस डॉ. खालिद रिजवान भी पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों को बेहतर इलाज के निर्देश इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों को दिए। इधर एक साथ कई हादसे होकर पहुंचने पर अस्पताल में चीखपुकार मची रही।

### सुरक्षा कर्मियों से मारपीट

सड़क हादसे में शुक्रवार दोपहर डेरापुर के पास एक महिला की मौत हो गई थी। महिला का शव अस्पताल के इमरजेंसी के बगल में बने कमरे में रखा था। जिस वक्त बरौला के पास हुए हादसे में घायल व मृत पहुंचे। इसी बीच महिला का शव लेने के लिए एबुंलेंस से परिवार के लोग जा पहुंचे। इमरजेंसी के बाहर जैसे ही शव लेने के लिए एंबुलेंस लगाई गई। इसी बीच सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने एबुंलेंस हटवा दी। इसी बात से नाराज कुछ लोगों ने सुरक्षा कर्मियों के साथ हाथापाई कर दी। इस दौरान मौजूद पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे। सीएमएस डॉ. खालिद रिजवान ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ड्यूटी पर जा रही स्टॉफ नर्स से किया दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही स्टॉफ नर्स को दो महिलाओं व दो युवकों ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद उसे झाड़ियों में ले गए। जहां उसे बंधक बनाकर मारपीट कर दुष्कर्म किया। स्टॉफ नर्स का आरोप है कि उसकी नकदी, मोबाइल भी आरोपियों ने छीन लिया। महिला के चीखने-चिल्लाने पर उक्त लोग उसके अंदरुनी अंग में मिर्ची डालकर भाग गए।

कानपुर देहात के मूसा नगर थाना क्षेत्र की एक महिला चुर्खी थाना क्षेत्र के एक पीएचसी में स्टॉफ नर्स हैं। गुरुवार सुबह वह स्कूटी से ड्यूटी के लिए निकली थीं। तभी थाना क्षेत्र के मुसमरिया मोड़ के पास दो महिलाओं व दो पुरुषों ने उन्हें रोका और स्कूटी से गिराकर झाड़ियों में ले गए। जहां उसके साथ मारपीट और दुष्कर्म किया गया।

बचाव के लिए चीखने-चिल्लाने पर उसके अंदरुनी अंग में मिर्ची डाल दी। महिला की चीख-पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल व नकदी लेकर भाग गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने महिला से जानकारी ली और उसे अस्पताल पहुंचाया।

वहीं, ग्रामीणों में चर्चा है कि पीएचसी के पास रहने वाली महिला नर्स पर अपने पति के साथ संबंध पर शक करती है। इसे लेकर कुछ दिन पहले भी विवाद हुआ था और महिला ने नर्स को देख लेने की धमकी दी थी। इसी का बदला लेने के लिए घटना अंजाम दी है। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि पीड़िता का इलाज चल रहा है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। महिलाओं के बीच मारपीट की बात सामने आई है। जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिया से टकराकर गड्ढे में गिरी बाइक, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर देहात में गजनेर थाना के पास गुरुवार देर रात बाइक सवार पांच युवक पुलिया से टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां से हैलट रेफर किए गए हैं।

अकबरपुर थाना क्षेत्र के आलमचंद्रपुर निवासी इमरान (22), उसका भाई अमीन (20), गांव का छुट्टन (30), सलावतपुर निवासी छोटू (23) व सुशील (30) गुरुवार रात को गजनेर स्थित सरदार गेस्ट हाउस में शादी समारोह में वेटर का काम करने गए थे। देर रात को एक बजे के करीब सभी एक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बाइक में हेड लाइट न होने से डिपर के सहारे चल रहे थे। गजनेर थाना से 100 मीटर पहले बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। इससे सभी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को सीएचसी गजनेर ले गई। वहां डॉक्टर सलिल सचान ने सुशील व छुट्टन को मृत घोषित कर दिया। जबकि इमरान, आमिर व छोटू को जिला अस्पताल रेफर कर किया। अनहोनी पर परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। थानाध्यक्ष प्रशिक्षु सीओ आलोक सिंह ने बताया कि शव मोर्चरी भेजे गए है। परिवार वालों को घटना की जानकारी दी गई है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज कुंद्रा के करीबियों पर कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगह छापा मारा। टीम यहां राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारी और उनके करीबियों के ठिकानों पर गई। कानपुर के अलावा, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी की गई है। गोरखपुर से एक युवक को हिरासत में लेने की बात सामने आई है।

मोबाइल एप के जरिए अश्लील सामग्रियों को तैयार करने और प्रसारित करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह कार्रवाई की है। कानपुर में शुक्रवार की सुबह ईडी ने श्याम नगर में छापेमारी की। यहां रहने वाले नर्वदा श्रीवास्तव का बड़ा बेटा अरविंद श्रीवास्तव, जो कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद से बाहर जॉब कर रहा था। अरविंद्र श्रीवास्तव पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद्र श्रीवास्तव सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभालता था। बताया जा रहा है कि टीम यहां मुंबई पुलिस के द्वारा 2021 में दर्ज हुए केस की जांच करने पहुंची थी।

उधर, प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापा मारा है।

यहां भी आशंका जताई जा रही है कि मुंबई के पोर्नोग्राफी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में ये छापा मारा गया है। यहां पडरौना के वार्ड नंबर छह में सॉफ्टवेयर कंपनी से जुड़े श्रीवास्तव परिवार के यहां टीम ने छापा मारा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है।

इसके बाद गोरखपुर सेंटर में टीम जांच का रही है।

गोरखपुर से ही टीम ने एक गिरफ्तारी भी की है। बताया जा रहा है कि ये छापा भी राज कुंद्रा के साथ जुड़े नेटवर्क की जांच को लेकर मारा गया है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आलोचना पर दमनात्मक रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा

**एसआईटी कोर्ट ने उन आरोपों से सहमति जताई कि यह अनियोजित भीड़ द्वारा की गई घटना नहीं थी, बल्कि इसमें साजिश शामिल थी। 31 दोषियों को भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश, हत्या और हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। गुजरात सरकार ने बाद में आरोपियों को बरी किए जाने पर सवाल उठाए। जिन्हें दोषी ठहराया गया, उन्होंने भी गुजरात हाई कोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट ने मामले में कुल 31 दोषियों को दोषी ठहराया था और 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।**

*सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों के नेताओं को आलोचना जरा भी बर्दाश्त नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया पर यदि सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कुछ लिखा या बोला जाता है तो उन पर सरकारें दमनात्मक कार्रवाई करने पर उतारू हो जाती हैं। राजनीतिक दल चाहे राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय, किसी को आलोचना बर्दाश्त नहीं है। उनका निशाना विपक्ष और मीडिया रहता है। सत्तारुढ़ दलों को आलोचना तभी तक सुहाती है जब वह विपक्षी दलों की हो। ऐसे में सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए राजनीतिक दलों के नेता सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखते।   एक फिल्म साबरमती रिपोर्ट को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार के मंत्री गदगद नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बीबीसी ने जब गोधराकांड के बाद गुजरात में हुए दंगों को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई तो न सिर्फ उस प्रतिबंध कर दिया गया, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी पर छापे की कार्रवाई की। विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट को हरियाणा, छत्तीसगढ़ के साथ ही अब मध्य प्रदेश में भी टैक्स फ्री कर दिया गया है। इन तीनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की तारीफ के बाद राजनीतिक महकमों में भी इसकी चर्चा बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा फिल्म को देखने के बाद इसकी सराहना की गई। विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की केंद्रीय भूमिका वाली यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित है। गोधरा स्टेशन के पास खड़ी साबरमती एक्सप्रेस की बोगी नंबर एस6 में आग लगा दी गई थी। अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू कारसेवक जिंदा जल गए थे। मरने वालों में 27 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल थे। उसके बाद पूरे गुजरात में जो दंगा भड़का, वह आजाद भारत के सबसे भयावह दंगों में से एक था। मोदी उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अब द साबरमती रिपोर्ट के जरिए बड़े पर्दे पर गोधरा कांड का खौफनाक मंजर दिखा है। पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम मंत्रियों और बीजेपी नेताओं ने द साबरमती रिपोर्ट की प्रशंसा की है। गोधरा में ट्रेन जलाए जाने की भयानक घटना का परिणाम पूरे राज्य में हिंसक दंगों की शक्ल में सामने आया। पूरा गुजरात जल उठा था। केंद्र सरकार ने 2005 में राज्यसभा को बताया था कि दंगों में 254 हिंदुओं और 790 मुसलमानों की जान गई थी। कुल 223 लोग लापता बताए गए थे। हजारों लोग बेघर भी हो गए थे। तत्कालीन मोदी सरकार ने एक जांच आयोग का गठन किया था। उस आयोग में जस्टिस जी टी नानावटी और जस्टिस के जी शाह शामिल थे। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मारे गए 59 लोगों में से अधिकतर कारसेवक थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जस्टिस यूसी बनर्जी की अध्यक्षता में एक अलग जांच आयोग का गठन किया। इस आयोग ने मार्च 2006 में सौंपी अपनी रिपोर्ट में इस घटना को एक दुर्घटना बताया। सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट को असंवैधानिक और अमान्य करार देते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष जांच दल का गठन किया। गोधरा कांड और उसके बाद भड़के दंगों ने भारत की राजनीति को हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया। इस मामले में अदालती कार्रवाई जून 2009 से, घटना के आठ साल बाद शुरू हुई। स्पेशल एसआईटी कोर्ट ने 1 मार्च, 2011 को 31 लोगों को दोषी ठहराया, जिनमें से 11 को मौत की सजा और 20 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने इस मामले में 63 लोगों को बरी भी किया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मनुष्य मत्र्य है लेकिन मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य मरता ही है। लेकिन उसका सृजन अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है, शेष देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर तो अक्षर-अविनाशी है ही। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं।**

# पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं



हृदयनारायण दीक्षित

**गाली भी शब्द सामर्थ्य के बिना असंभव। ज्यादातर गालियां बहिन बेटी व माता को चोट पहुंचाती हैं। यह उचित नहीं है। लड़ाई पुरुषों में और अपशब्द स्त्रियों के लिए कहना पाप है। शब्द प्रयोग में सतर्कता जरूरी है। शब्द जीवमान, मार्गदर्शक, पालक व पोषक हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं।**

शब्द सामाजिक संपदा हैं। हरेक भाषा में शब्द हैं। प्राचीन काल में शब्द बोले जाते थे। सुने जाते थे। तब लिपि की खोज नहीं हुई थी। बोले और सुने गए शब्द विशेष प्रकार की ध्वनि थे। शब्द किसी न किसी रूप के प्रतिनिधि होते हैं। शब्द शक्तिशाली होते हैं। प्रत्येक शब्द अर्थ धारण करता है। अर्थ की अभिव्यक्ति भी शब्दों से होती है। मनुष्य शब्दों का प्रयोग करते हैं। प्रयुक्त न होने वाले शब्द चलन से बाहर भी हो सकते हैं। ज्यादा प्रयुक्त होने वाले शब्द लम्बी यात्रा करते हैं। देश काल के प्रभाव में अर्थ भी बदल सकते हैं। कविता और अन्य सृजन शब्दों में होते हैं। शब्द बोले जाते थे, सुने जाते थे। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई का ज्ञान विकसित हुआ। शब्द संचय पुस्तक बने। भाव संवेदन, विषाद प्रसाद और हर्ष उल्लास की अभिव्यक्ति बने शब्द। शब्द ज्ञान विज्ञान के साथ अपनी देशज सभ्यता संस्कृति भी लाते हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने अंग्रेजी के शब्द मैनिफेस्ट को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। बताया गया है कि इस शब्द को कैम्ब्रिज डिक्शनरी में 1 लाख 30 हजार बार खोजा गया। भारत में ऐसे अनेक शब्द हैं जिनका प्रयोग बहुतायत से होता है। हिन्दी सिनेमा के संसार में 'साजन' और 'सावन' शब्दों का प्रयोग लाखों बार हुआ है। भोजपुरी में एक शब्द है 'करेजहू'। पिया शब्द भी पति या प्रेमी के लिए होता है। ऋग्वेद में सविता की स्तुति वाला गायत्री मंत्र है। लाखों बार पढ़ा गया है। अंग्रेजी का एक शब्द है फैंटसी। इसका मूल अर्थ है कई ध्वनियों का मिलना। यही जब सुन्दर का अनुभव देता है तब फैंटास्टिक। अर्थ बदलते हैं। इसका उदाहरण अथर्ववेद के भूमिसूक्त में है। वैदिक काल में विभिन्न उत्सवों के समय ग्राम मिलन होता था। भूमिसूक्त में इसके लिए संग्राम शब्द का प्रयोग होता था। अब संग्राम का अर्थ युद्ध हो गया है। कुछ शब्द लम्बी दूरी की यात्रा में थक जाते हैं। विश्व शब्द आपूरित हैं। प्राचीन सभ्यताओं में शब्द भी प्राचीन होते हैं। दशो दिशाओं से गतिशील हैं शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। ऋग्वेद की अनुभूति में जीवन्त कविताएं परम व्योम में रहती हैं और जागृत चित्त में उतरने की कामना करती हैं। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। पहले अरूप थे। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष विषाद, क्रोध और बोध प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार लगातार बढ़ रहा है। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। उससे भी ज्यादा शब्द। शब्द ब्रह्म हैं। शब्दों से निर्मित वाक्यों से पुस्तकें बनती हैं। पुस्तकों को प्रणाम करना हमारी स्वाभाविकता है। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में शब्दों के प्रति है। अप्रत्यक्ष रूप में जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है और शब्द ब्रह्म के प्रति भी है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं, बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं। कुछ शब्दों के कई अर्थ होते हैं। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें बड़ा काम करती हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। पतंजलि ने महाभाष्य में लिखा है कि, एक ही शब्द, प्रयोग के अनुसार भिन्न-भिन्न अर्थ देता है। उन्होंने शब्द प्रयोग में सावधान रहने का निर्देश दिया है। भारतीय संस्कृति दर्शन में ओउम की महत्ता है। ओउम शब्द नहीं है। पतंजलि ने इसे अस्तित्व का नाम बताया है-तस्य वाचक प्रणवः कहा है। भिन्न भिन्न मतभिन्नता के बावजूद दर्शन में ओउम की महत्ता है। शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। सुकुमार और काम्य कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। उन्होंने विचार धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। शब्द इस ब्रह्म को धारण करते हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में ही मनुष्य का अमरत्व है। सतत् अध्ययन भी सृजन कर्म है। अध्ययन स्वयं के पुनर्सृजन की कार्रवाई है। शब्दों से बनी पुस्तकें हमारे पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना, जाने हुए को बताना उपनिषद ऋषियों का आदेश है। नवसृजन के अवसर और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं शब्द। मनुष्य शब्दों का उपयोग आजीवन करते हैं। यहाँ वस्तुओं से ज्यादा भावनाओं के लिए शब्द हैं। प्रेम भाव का शब्द प्रसार और प्रसाद अधिकाँश विश्व में है। मजेदार बात है कि भारत में क्रोध व्यक्त करने के लिए ठोस शब्द हैं। गाली भी शब्द सामर्थ्य के बिना असंभव। ज्यादातर गालियां बहिन बेटी व माता को चोट पहुंचाती हैं। यह उचित नहीं है। लड़ाई पुरुषों में और अपशब्द स्त्रियों के लिए कहना पाप है। शब्द प्रयोग में सतर्कता जरूरी है। शब्द जीवमान, मार्गदर्शक, पालक व पोषक हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। शब्द रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। वेद, उपनिषद, रामायण और गीता आदि का आदर पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। लेकिन अर्थ अपने-अपने। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। साहित्यकार अनुभूति का मधुरस जोड़ते हैं। नया संसार गढ़ते हैं। पुस्तक रचनाकार के शब्द कौशल का परिणाम है।



**सम्यक शब्द प्रयोग के प्रभाव सारी दुनिया में देखे जाते हैं। गांधी की 'हिन्द स्वराज' (1909) के शब्द हमारे हृदय में पैठे थे। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है।**

## एक्सप्रेस कविता

*गए दूर तुझसे न हम नजर जाएंगे।*
*अखबारों में खबर बनकर आएंगे।*
*हर तरफ सिर्फ अंधेरा ही अंधेरा है।*
*अंधेरे में बता तुझें कैसे निहार पाएंगे।।*
*आरजू तमन्नाएं अब कुछ भी नहीं,*
*जर्रा हैं हम हवाओं में बिखर जाएंगे।।*

*तीर आसमान की तरफ मत चलाना*
*तीर तेरी तरफ फिर लौटकर आएंगे।।*
*ख्वाहिश है आखरी बार देखने की तुझे,*
*अब हम खुदा जाने हम किधर आएंगे।।*
*ये सजर है तेरे ही गांव का शायद,*
*इजाजत हो थोडी देर ठहर जाएंगे।*
*मौसम यूँ ही आते जाते रहेंगे संजीव*
*हैम केवल दास्तान बनकर रह जाएंगे।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**नफरत को हजार मौके दो कि वो प्रेम में परिवर्तित हो जाए, लेकिन प्रेम को एक भी मौका मत दो, कि वो नफरत में बदल जाए**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 10:30 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 12:34 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | अतिगण्ड, 16:44 |
| सूर्योदयः | 06:56 |
| सूर्यास्तः | 17:23 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 09:33-10:51 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:48-12:30 |

## जन एक्सप्रेस

### क्या देते संदेश ?

*कर रहा कानून जब ।*
*अपन कोई काम ।।*
*ठीक नहीं ये अड़चनें ।*
*डाले जो तमाम ।।*
*हाथ में कानून लेकर ।*
*क्या देते संदेश ?*
*अराजकता ठीक नहीं ।*
*बनना यदि विशेष ।।*
*बेवजह हो हल्ले से ।*
*है होता नुकसान ।।*
*होती छवि धूमिल ।*
*गिरता है सम्मान ।।*
*हर पल का आक्रोश ।*
*बन जाती बीमारी ।।*
*मर्यादा में रह कर ही ।*
*आगे की तैयारी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में लाल मूली खाने से पाचन तंत्र को मिलते हैं कई फायदे, डाइट में जरूर करें शामिल



**सर्दियों** में कई लोगों को पाचन संबंधित समस्याएं रहती हैं। इस दौरान हमारा वाटर इंटेक कम हो जाता है। साथ ही हमारा लाइफस्टाइल भी पूरी तरह बदल जाता है। हम वर्कआउट करना और चलना फिरना कम कर देते हैं। इस कारण खाना पचने में मुश्किल होती है और पाचन संबंधित समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए सर्दियों में हमें मौसम के मुताबिक फल और सब्जियां खाना चाहिए। सर्दियों में बाजार में लाल मूली भी देखने को मिलती है। यह सब्जी केवल सर्दियों के मौसम में आती है और इसके फायदे भी मौसम से जुड़े होते हैं। इसके सेवन से पाचन संबंधित समस्याएं कम होती हैं। साथ ही, पाचन क्रिया भी तेज होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं पाचन तंत्र के लिए सर्दियों में लाल मूली खाना क्यों फायदेमंद है?

**कब्ज से राहत मिलती है:** सर्दियों में कई लोगों को कब्ज की समस्या भी रहती है। लेकिन लाल मूली के सेवन से कब्ज से राहत मिलती है। इसमें डायटरी फाइबर मौजूद होता है, जो बॉवल मूवमेंट में मदद करता है। इससे कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। फाइबर होने से गट हेल्थ भी बूस्ट होती है और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।

**टॉक्सिन क्लीन होते हैं:** लाल मूली के सेवन से पाचन तंत्र से टॉक्सिन बाहर आते हैं। रोज लाल मूली खाने से लिवर से टॉक्सिन निकलते हैं और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। इससे गट हेल्थ बूस्ट होती है और ब्लोटिंग की समस्या ठीक होती है।

**पाचन क्रिया ठीक रहती है:** लाल मूली में डाइजेस्टिव एंजाइम मौजूद होते हैं। ये एंजाइम पाचन क्रिया को ठीक रखने में मदद करते हैं। लाल मूली बॉडी में कार्बोहाइड्रेट को पचाने में मदद करते हैं। इससे अपच की समस्या ठीक होती है और ब्लोटिंग नहीं होती है।

**बाइल जूस का प्रोडक्शन बढ़ता है:** खाना पचने के लिए बाइल जूस जरूरी होता है। लाल मूली खाने से बाइल जूस प्रड्यूज होता है। यह फैट्स को ब्रेकडाउन करने में मदद करता है और इससे पाचन तंत्र ठीक होता है।

**गट हेल्थ बूस्ट होती है:** मूली में वाटर और फाइबर कंटेंट होता है। इससे पाचन तंत्र में गट माइक्रोबायोटा बना रहता है। लाल मूली के सेवन से गट में गुण बैक्टीरिया प्रड्यूज होते हैं। इससे एसिड रिफ्लेक्स और हार्टबर्न भी समस्या नहीं होती है।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं:** लाल मूली में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो स्वस्थ पाचन के लिए जरूरी हैं। यह डाइजेस्टिव ट्रैक्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। इससे इर्रिटेशन कम होती है मदद गैस्ट्रिक और डाइजेस्टिव इशुज ठीक होते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# परेशान किसान, असुरक्षित फसलें, जीएम मक्का का भयावह सच



डॉ. ममतामयी प्रियदर्शिनी

**एक डाटा के अनुसार सन 2023 में यूरोपीय संघ में लगभग 61.4 मिलियन टन जीएम-रहित मक्का उत्पादन हुआ। इसी तरह, ब्राजील ने जीएम-रहित मक्का और सोयाबीन के निर्यात-बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है।**

**आज के समय में वैश्विक स्तर पर खासकर यूरोप और एशिया के कुछ हिस्सों में उपभोक्ताओं द्वारा जीएम-मुक्त खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। कई देश पुख्ता सबूतों के साथ ऐसा दावा करते हैं कि गैर-जीएम कृषि को प्राथमिकता देना न केवल व्यावहारिक कदम है, बल्कि यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और आर्थिक उत्थान के लिए भी फायदेमंद है।**

**आज** भारत अपनी कृषि नीति के एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां हमारे नीति-निर्माताओं पर जीएम मक्का के पैरोकारों द्वारा अलग अलग प्लेटफार्म के जरिये जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) मक्का को अपनाने का निरंतर दबाव डाला जा रहा है। जीएम मक्का के पैरोकारों के अनुसार, जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलें अपने देश की खाद्य सुरक्षा और कृषि चुनौतियों को बेहतर तरीके से हल कर सकती हैं। सतही तौर पर यह आकर्षक लग सकता है लेकिन गहराई से आकलन किया जाए तो ये तस्वीर उतनी लुभावनी नहीं है जैसी दिख रही है। पूरे विश्व में वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जीएम मक्के के दीर्घकालीन दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। कल, मुझे चौंकाने वाली खबर पढ़ने को मिली, जिसमें बताया गया था कि जीएम फ्री इंडिया नामक संस्था के पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडु में जीएम मक्का की अवैध खेती और देशभर में प्रोसेस्ड और अनप्रोसेस्ड मक्का उत्पादों में इसकी मौजूदगी को लेकर चिंता जताई है। उनका यह दावा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड्स टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट द्वारा की गई रिसर्च पर आधारित है। साइंस डायरेक्ट नामक प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में और आधारित विधियों का उपयोग कर मक्के में जीएम मक्का के अंश का पता लगाया गया। शोध में यह पाया गया कि उनके द्वारा परीक्षण किए गए 15 प्रतिशत से अधिक नमूनों में तकनीकों के माध्यम से जीएम लक्षण पाए गए। और तो और, उनमें से लगभग 20त्न नमूनों में जीएम मक्का के समान कार्यात्मक विशेषताएं मौजूद थीं। भारत में जीएम फसलों पर सख्त नियामक प्रतिबंधों के बावजूद, ऐसी खबरें ये दर्शाती हैं कि भारत में भी चोरी-छिपे जीएम फसलों का धड़ल्ले से प्रवेश हो रहा है। अब इसका कारण चाहे अवैध रूप से जीएम मक्के का आयात हो या प्रयोगात्मक परीक्षणों में लीक हो, दोनों सूरतों में जीएम मक्के का भारत के बाजार में ऐसे प्रवेश एक जबरदस्त खतरे की घंटी है। कई पर्यावरण कार्यकर्ताओं और जीएम फ्री इंडिया जैसे संगठनों ने इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की है तथा इसे हमारे देश के लिए एक गंभीर नियामक चूक बताया है। हमें ये समझना पड़ेगा कि यह सिर्फ नियम तोड़ने का ही मामला नहीं है; बल्कि यह हमारे नागरिकों के स्वास्थ्य, किसानों के भविष्य, और हमारी पारिस्थितिकी और भूमि की उर्वरता के लिए एक खिलवाड़ जैसा है जिसका खामियाजा हमारी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा, जीएम मक्का की शुरुआत भारत की विविध स्वदेशी मक्का किस्मों के लिए खतरे का कारण बनती है, जिससे परागण और आनुवंशिक संदूषण का जोखिम उत्पन्न होता है। इससे आनुवंशिक विविधता में कमी आएगी, जिससे फसलें जलवायु परिवर्तन और बीमारियों के प्रति कम लचीली होंगी। इस घटनाक्रम में सबके लिए एक सीख है और अब ये जरूरत है कि भारत की कृषि विरासत और खाद्य प्रणालियों की रक्षा के लिए जीएम मक्का के खिलाफ विज्ञान-आधारित नीतियों को और प्रभावी बनाये जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति ना पैदा हो। भारत कृषि प्रधान देश है जहाँ कृषि अधिकांशतः छोटे और सीमांत किसानों पर निर्भर है। हमारे देश में मक्के की ऐसी कई देशज किस्में उपजाई जाती हैं, जिसके लिए परंपरागत तरीके का उपयोग करते हैं और उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर निर्भर नहीं रहना होता। कई पर्यावरणविद् ऐसी आशंका जता रहे हैं कि जीएम मक्के के आने यह संतुलन बिगड़ जाएगा, क्योंकि जीएम फसलें विदेशी कंपनियों द्वारा पेटेंट की गए बीजों पर निर्भर हैं। अगर किसान जीएम मक्का उपजाने लगे तो उन्हें को हर साल इन्हीं गिनी चुनी कंपनियों से महंगे बीज खरीदने के मजबूर होना पड़ेगा जिससे उनकी कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ उनकी इन कंपनियों पर निर्भरता भी बढ़ेगी। जो किसान मक्का की उपज को अपनी आर्थिक उन्नति का जरिया समझ रहें हैं वो बेचारे ऐसी स्थिति में कहाँ जायेंगे, ये सोचनीय विषय है। जीएम मक्का के गुणों की बात की जाए तो इसे जेनेटिक रूप से ऐसे संशोधित किया जाता है जो इन्हें कीटनाशकों और हर्बिसाइड्स, जैसे ग्लाइफोसेट, के प्रति सहिष्णु बनाता है। हालांकि इन तकनीकों से कीट और खरपतवार नियंत्रण का दावा तो किया जाता है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सम्बन्धी रोगों और पर्यावरणीय जोखिम की संभावना बढ़ जाती है। कई अध्ययनों ने जीएम फसलों को एलर्जी, पर्यावरणीय असंतुलन और कैंसर जैसी बीमारियों से जोड़ा है। ग्लाइफोसेट का उपयोग माइक्रोबियल प्रतिरोध और विषाक्तता को बढ़ा सकता है। अतः हानिकारक कीटों के साथ साथ इससे मधुमक्खियों जैसे लाभकारी कीट भी प्रभावित होते हैं।

# शोशल मीडिया का प्यार, पति सात समुंदर पार मासूम बच्चे को लेकर पीड़िता लगा रही न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**प्रेम से विश्वासघात तक का सफर, प्रेम शादी, फिर धोखा**

सऊदी में दूसरी शादी कर पत्नी और मासूम बच्चे को छोड़ा बेसहारा
बेहद चौंकाने वाला मामला
सोशल मीडिया से शुरू हुई प्रेम कहानी का दर्दनाक मोड़

**लखीमपुर खीरी।** यह एक ऐसा मामला सामने आया है जो समाज की कलई खोलकर रख देता है।जहां एक तरफ प्रेम और विश्वास की डोर टूट की कगार पर, वहीं दूसरी तरफ एक मासूम बच्चे का भविष्य दांव सदर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती की कहानी आज पूरे जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है। युवती सऊदी अरब में जाप करने वाले अबुल हसन पुत्र हाफिज मोहम्मद जावेद अशरफ 10/40 तीसरी मंजिल गली नंबर 40 जाकिर नगर जामिया नगर दक्षिणी दिल्ली (पासपोर्ट संख्या 2916746व वीज़ा संख्या 6047350882 तथा मोबाइल नम्बर 966534422485 तथा 966 571489119) ने शोशल मीडिया के जरिए अपने प्रेमजाल में ऐसा फंसा की युवती अबुल हसन के झूठे फरेबी प्यार में इस कदर अंधी हो गई अबुल हसन ने युवती के परिजनों को झूठा प्रलोभन दे राजी कर लिया और सऊदी अरब से आकर 5.मई.2021 को युवती से निकाह कर लिया और पति अबुल हसन ने युवती के परिजनों से कहा वह अपने साथ युवती को दिल्ली में रखकर पढ़ा लिखाकर युवती का कैरियर बनाएगा दोनों साथ रहेंगे। शादी के बाद दो माह बाद पति अबुल हसन अपने वादे से मुकरते हुए यह कह कर सऊदी अरब चला गया की हर माह रूपए भेजने और बहुत जल्दी वीज़ा बनवा सऊदी अरब बुला साथ रहेंगे पति चला गया।युवती गर्भवती हो गई जिसकी सूचना जब पति अबुल हसन को दी तो पति आग बबूला हो गया और दवा खाकर या डाक्टर से सम्पर्क कर भूण समाप्त करने का दबाव बनाया युवती ने पति की बात नहीं मानी पुत्र को जन्म दिया पति द्वारा मूर्ख बनाया गया पुत्र के जन्म प्रमाण के लिए फेंक आधार कार्ड दिया जो बाद में जांच में ग़लत साबित हुआ पति नहीं आया तीन वर्ष के बाद युवती को पता चला पति दिल्ली में अपना मकान बेचने के इरादे से आया है वहां जाकर युवती ने पति को पकड़ लिया और मायके लेकर आई युवती के घर वालों ने युवती और उसके पुत्र को बेसहारा छोड़कर तीन वर्ष बाद आने का कारण पूछा पति ने पुनः युवती व उसके घर वालों को विश्वास में लेकर आगे युवती के साथ ऐसा बर्ताव नहीं करेगा युवती को अपने पास सऊदी अरब बुला लेगा पति चला गया। उसके बाद युवती का पासपोर्ट वीज़ा बना और युवती सऊदी अरब चलीं गई जहां पति अबुल हसन ने एक फ्लैट लेकर युवती को रखा वहां युवती को पता चला की अबुल हसन ने युवती से शादी करने के एक साल बाद दूसरी शादी कर ली और उससे दो पुत्र हैं।युवती के पैरों तले जमीन खिसक गई विरोध करने पर पति द्वारा युवती को बंधक बना मोबाइल छीन कर यातनाएं दी गईं।बच्चे को भूखा रखा गया मारने व बेचने का प्रयास किया गया युवती ने सऊदी मे दो माह किस तरह से बिताए सोच कर रूह कांप उठती युवती के पिता भी सऊदी अरब में जॉप करते है बड़ी मुश्किल से युवती ने पिता से सम्पर्क किया पिता ने युवती की दयनीय स्थिति देखकर दिनांक 16. नवम्बर.2024 को भारत भेजा न्याय के लिए दर दर भटक रही युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया गया है।उक्त प्रकरण सिर्फ एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है।ऐसे मामलों में समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर कार्य करने का विकल्प निकालना जरूरी है।

# मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से की भेंट वार्ता

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शुक्रवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दिनांक 29/11/2024 को दिन के लगभग 11 बजे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निवास पर पहुंच कर भेंट वार्ता की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को साल भेंट कर, एक पत्र सौंपा। तथा केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री से वार्ता करते हुए मनरेगा अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने उनको याद दिलाया मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के नेताओं ने 2017 में मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व प्रतिनिधि मंडल ने केशव प्रसाद मौर्य तत्वकालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से तीन दौर की वार्ता की थी। बाद में तत्वकालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने 2017 के विधानसभा चुनाव में समर्थन दिया था। प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य ने वादा किया था। की 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है। तो दो तीन मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के पदाधिकारियों को उत्तर प्रदेश सरकार में मनोनित करेंगे। लेकिन सरकार बनने के बाद अब तक मनरेगा अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा व किसी पाधिकारी को भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मनोनीत नहीं किया है। जब की सात आठ विधायकों ने ऋषि संतोष कुमार शर्मा को मनोनीत करने के लिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखा था। कि ऋषि संतोष कुमार शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में मनोनीत किया जाए। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा 2024 के चुनाव में लखीमपुर सीतापुर सहित प्रदेश के तमाम जिलों के तमाम मनरेगा मजदूर मिस्त्रियो, वैज्ञानिक विश्वकर्माओ ने खुलकर समर्थन नहीं किया था। इस लिय उत्तर प्रदेश की तमाम लोकसभा सीटें हार गई थी। उत्तर प्रदेश में 2027 में फिर विधान सभा का चुनाव होंगा। इस लिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से अनुरोध किया गया है। मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा को उत्तर प्रदेश की सरकार में मनोनीत किया जाए। क्योंकि उत्तर प्रदेश में मनरेगा मजदूर मिस्त्रियों की संख्या 8 करोड़ है। वैज्ञानिक विश्वकर्माओ की संख्या 3 करोड़ है। ग्राम पंचायत सदस्यों की संख्या 7 लाख से ऊपर है।अति पिछड़े अति दलित जैसे बढ़ई, लोहार सुनार ठठेरा शिल्पियों, लोहार बढ़ाया, नाई बारी, तेली, भुर्जी, कुमार कहार गुड़िया, मल्लाह, बराई धोबी धानुक आदि की कुल संख्या 60 प्रतिशत है। जिनके उत्थान के लिय लगभग 30 साल से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायधीश, राज्यपालों को लाखों ज्ञापनों के माध्यम से उपरोक्त सभी लोगों के उत्थान के लिय काम किया है।

# अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण किसानों की बढ़ी परेशानियां

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण किसानों की परेशानियां बढ़ रही हैं।किसानों की परेशानियों को देखते हुए संचालकों ने मिल के उद्घाटन में शामिल नहीं होने का फैसला लिया था। किसानों का मानना है कि डोंगा पूजन एक दिखावटी कार्य किया गया है जबकि चीनी मिल को प्रारम्भ करने के लिए किए जाने वाले कार्य भी परिपूर्ण नहीं हो पाए हैं, तो मिल चलेगी कैसे।मिल अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों व किसानों को मिल चलाने का दिखावटी रूप दिखा कर आनन फानन में डोंगा पूजन कर पर्चियों का वितरण भी कर दिया। लेकिन मिल का संचालन 29 नवम्बर को भी सही ढंग से नही हो पाया है। डोंगा पूजन के बाद भी चीनी मिल का संचालन सही ढंग से नहीं होना किसानों के लिए बड़ी समस्या है।चीनी मिल के सही ढंग से संचालन न हो पाने से किसान औने पौने दामों पर अपना गन्ना बेंचकर अपनी जीविकोपार्जन के लिए फसल को बो रहा है।किसानों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिल पाने के कारण किसान को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा हैं। बताते चले कि किसानों द्वारा मिल संचालकों को एक सख्त सन्देश दिया गया था कि अगर मिल 25 नवम्बर तक मिल नहीं चल पाई तो 26 नवम्बर को किसानों द्वारा एक बड़ा अनशन किया जाएगा। इस सन्देश को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने आनन फानन में 25 नवम्बर को डोंगा पूजन कर इति श्री प्राप्त कर ली और किसानों द्वारा किये जाने वाले अनशन को भी टाल दिया।अधिकारियों ने किसी तरह से मिल का संचालन 27 नवम्बर को देर रात कर दिया लेकिन मिल का संचालन 2 दिन भी नही चल सका। मिल में करीब 6 माह से रिपेयरिंग का कार्य प्रारंभ था फिर भी अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते मिल प्रारंभ में ही भष्ट हो गयी।

27 नवम्बर को मिल चलने से किसानों के अंदर एक आस जगी थी कि उन्हें गन्ने को औने पौने दामों में बेचने से कुछ राहत मिलेगी लेकिन किसानों की आशा को अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति ने निराशा में बदल दिया।किसानों का मानना है, कि किसानों की परेशानियों का समाधान निकालने के लिए सरकार और प्रशासन को ऐसे भ्र्ष्ट अधिकारी जो केवल खाऊ कमाऊ नीति के कारण किसान के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उनपर कार्रवाई करनी चाहिए।

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवती को देह व्यापार में ढकेलने की कोशिश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता का कहना है कि वह पिछले एक महीने से थाने के चक्कर लगा रही है। कार्रवाई न कर चौकी प्रभारी पीड़िता को ही डरा धमका रहे हैं और सुलह का दबाव बना रहे हैं। बताते चलें

मितौली थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसके पिता का निधन हो चुका है। घर में कोई पुरुष नहीं है। वह अपनी मां के साथ रहती है।कुछ महीने पूर्व गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर ने एक महिला के जरिए नौकरी का ऑफर भिजवाया था। इसके बाद, एक व्यक्ति गुड्डू ने फोन पर उससे बात की और नौकरी का प्रलोभन दिया। बाद में सीतापुर के एक युवक, योगेश, जिसने खुद को दरोगा बताया,ने फोन पर बात की।योगेश ने कहा कि पहले पुलिस की तरह कद-काठी की जांच होगी। अगर पसंद आ गई तो करोड़ों रुपए मिलेंगे। गुड्डू और योगेश ने लड़की को 25 अक्टूबर को एक सफेद कार (क्र32 स्ङ्ख 7261) से सीतापुर ले जाने की योजना बनाई। लेकिन लड़की को उनकी मंशा पर शक हुआ। उसने न सिर्फ कार में बैठने से इनकार किया, बल्कि गाड़ी का वीडियो बनाकर सबूत के तौर पर सुरक्षित कर लिया। युवती ने बताया कि कार में बैठने से इनकार करने और साक्ष्य जुटाने के बाद से आरोपियों की ओर से उसके पास धमकी भरे कॉल्स आ रहे हैं। युवती ने बताया कि उसने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत स्थानीय पुलिस और आईजीआरएस पोर्टल पर की, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उल्टा, कस्ता चौकी इंचार्ज पर लड़की को हस्ताक्षर कर सुलहनामा करने के लिए धमकाने लगे।

एक महीने तक पुलिस की निष्क्रियता से परेशान किशोरी ने अब एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता ने अपने पास मौजूद सभी सबूत एसपी को सौंप दिए हैं और न्याय की उम्मीद जताई है।

## स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

नगर पंचायत में शासन के मंशानुरूप व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पंचायत के मैरिज हाल में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई।नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने वार्डो की सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिये स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति का गठन किया है। जिसमें वार्ड से सदस्य, वरिष्ठ नागरिक और युवाओं को रखा गया है। जो वार्ड की सफाई कैसे बेहतर हो इस पर बैठक करके विचार विमर्श करेंगे। जिसको लेकर नगर पंचायत के मैरिज हाल में नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई।

बैठक में नगर को कचरा मुक्त बनाने, खुले स्थान एवं नाले में कचरा न फेंकने, डोर टू डोर कलेक्शन में मदद करने, कूड़े को अलग-अलग रखने, गीले कूड़े से होम कंपोस्टिंग बनाने, पॉलीथिन एवं प्लास्टिक का उपयोग न करने आदि के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई।

इसके अलावा स्वच्छ शौचालय प्रतियोगिता व स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के विषय में चर्चा की गई चर्चा में सभी लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे।

और नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में राम नरेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, सूरज कनौजिया, ध्रुव कुमार, अंकित मौर्य एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जिला युवा महोत्सव में केडीसी के प्रतिभागियों का भी रहा दबदबा



जन एक्सप्रेस । बहराइच

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में आयोजित जिला युवा महोत्सव के दौरान महिला पीजी कॉलेज में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इन प्रतियोगिताओं में किसान पीजी कॉलेज का भी दबदबा कायम रहा भाषण चित्रकला तथा विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं में कॉलेज के प्रतिभागियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है।

किसान पीजी कॉलेज में पर्यावरण विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि उनके निर्देशन में पर्यावरण नियंत्रण को लेकर एक मॉडल तैयार किया गया जिसे छात्र प्रभुता सिंह अंजलि कश्यप नसबा खान और छात्र अजीत ने तैयार किया। इस मॉडल को निर्णायक मंडल की ओर से द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। टीम का नेतृत्व डॉ सुमित श्रीवास्तव तथा प्राचीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ बैजनाथ श्रीवास्तव ने किया। चित्रकला विभाग की प्रवक्ता सविता वर्मा ने बताया कि उनके विभाग की छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इनमें कॉलेज की छात्रा शिवानी वर्मा को निर्णायक मंडल की ओर से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. तस्नीम फातिमा जैदी,चित्रकला विभाग की सविता वर्मा तथा इंटरनल ब्लिस स्कूल की ज्योति सिंह शामिल रहीं।

इसी क्रम में भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अजय प्रताप सिंह ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा चंचल मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

इन सभी छात्र छात्राओं को कालेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह तथा प्राचार्य डॉ विनय सक्सेना ने शाबाशी देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में शिक्षण संस्थाओं के साथ सीडीओ ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य पिछड़े वर्ग हेतु संचालित पूर्वदशम् छात्रवृत्ति कक्षा 9-10, दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में 26 एवं 27 नवम्बर को 100-100 शिक्षण संस्थानों के साथ विकास भवन सभागार में बैठक आहूत की गई। मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने बैठक में मौजूद प्राचार्य/प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया कि पंजीकृत छात्र/छात्राओं के सापेक्ष शत-प्रतिशत पात्र छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन पत्र को भरवाना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने कहा कि जिन छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दिया गया उसे तत्काल वेरीफाई कर अग्रसारित करें जिससे कोई भी आवेदन पत्र संस्था स्तर पर लम्बित न रहने पाये। सीडीओ ने कहा कि जनपद के सभी पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति समयान्तर्गत प्राप्त हो इसके लिए सम्बन्धित विभाग व शिक्षण संस्थान निर्धारित समयसारिणी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज सहित जनपद के कक्षा 9-10, 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं का संचालन करने वाले प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, विभागों के पटल सहायक एवं कम्प्यूटर आपरेटर मौजूद रहे।

### जनपद पहुंची नोडल, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले की नोडल अधिकारी सचिव, वित्त विभाग मिनिस्ती एस जनपद खीरी पहुंची, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिले की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की विभागवार, बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर आयोजित पांच अलग-अलग स्थान पर लखीमपुर महोत्सव कराने की सराहना की। बैठक में डीएम, एसपी, सीडीओ, डीएफओ, सीएमओ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एसपी ने दी कानून व्यवस्था की जानकारी, बताए उल्लेखनीय कार्य

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले की नोडल अधिकारी सचिव, वित्त विभाग मिनिस्ती एस जनपद खीरी पहुंची, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिले की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने कानून व्यवस्था की जानकारी ली एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिले की कानून व्यवस्था को रेखांकित किया। जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, थानो की लोकेशन और पुलिस व्यवस्थापन की जानकारी दी। पांच नए थाने शारदानगर, पढ़ुआ, उचोलिया, मझगई, खमरिया सृजित होने से अपराध नियंत्रण और पर्यवेक्षण में मदद मिली है। साइबर अपराध रोकने के लिए जिले स्तर पर किए जाने वाले उल्लेखनीय प्रयास बताएं। जिले में संचालित परिवार परामर्श केंद्र की क्रियाशीलता बताते हुए बताया कि 352 मामलों में सुलह कराई गए। अभिनव प्रयास के तौर पर शुरू सैनिक सेल संचालन से पुलिसकर्मियों को सुविधा हुई है। ऑपरेशन दृष्टि से अपराध और ट्रैफिक मैनेजमेंट के सकारात्मक परिणाम भी बताए।

# 2023 में निवेशकों द्वारा कुल 210 एमओयू हस्ताक्षरित, 149 एमओयू अपलोड

■ डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक, व्यापारी हितों को लेकर अफसरों के साथ किया गया मंथन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 210 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर 2690.20 करोड़ लागत के 149 एमओयू अपलोड किये गये थे।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड के सापेक्ष अब तक रू. 2644 करोड़ के ओ.एम.यू. ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हो गये हैं जो कि लक्ष्य का 108 प्रतिशत है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 99 इकाईयां क्रियाशील हो गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 28 नवम्बर 2024 तक 2486 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2237 आवेदन स्वीकृत, 170 आवेदन पत्र निरस्त एवं 27 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 47 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत है तथा 05 आवेदन पत्र समयोपरान्त लम्बित हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों को लम्बित न रखा जाय। लम्बित आवेदनों के सम्बन्ध में लोक निर्माण व लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एमओयू के माध्यम से निवेश को बढ़ाया जाय।

जिला उद्योग बन्धु अन्तर्गत पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) का निर्माण करने वाली इकाई श्याम जेपी शकुन्तला इंडस्ट्रीज, बहराइच को नान इनोवेटिव इकाई से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में उद्यान विभाग को निर्देश दिया गया कि मुख्यालय पुनः पत्र प्रेषित करायें। जबकि एक अन्य प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में लो.नि.वि. द्वारा बताया गया कि प्लेजपार्क विकसित करने के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध में बताया गया कि इस वर्ष की कार्ययोजना में उक्त मार्ग पर पक्की सड़क के निर्माण कार्य को सम्मिलित कर लिया गया है। बैठक के दौरान आबकारी, विद्युत एवं नगर पालिका परिषद बहराइच से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोज़गार योजनाओं पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार व ओडीओपी वित पोषण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पीएमईजीपी अन्तर्गत कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 138 के सापेक्ष प्रेषण 411, स्वीकृति 80 तथा 70 का वितरण किया गया है।

इसी प्रकार ओडीओपी वित पोषण योजना वार्षिक लक्ष्य 100 के सापेक्ष प्रेषण 135, स्वीकृति 34 तथा 30 का वितरण किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि सीएम डैश पोर्टल पर दोनों स्कीमों में ए. श्रेणी है। डीएम ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी ऐसे बनाये रखें।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, ईओ प्रमिता सिंह, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषन अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, दाऊ जी सोनी व अन्य उद्यमी, व्यापारी, निर्यातक व सम्बन्धित मौजूद रहे।

# वन माफिया ने काट डाले सैकड़ों हरे सागौन



जन एक्सप्रेस । बस्ती

बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में वन माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलंद है कि बेखौफ होकर वन माफिया ने आज शुक्रवार को बानपुर पटवा गांव में सैकड़ो हरे सागौन के पेड़ काट डाले।

योगी सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर है और पौधारोपण करा रही है।

वही वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। इसके अलावा प्रशासन भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है।

हर वर्ष शासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है।

इस पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरतते हैं।

वन माफिया क्षेत्र में कुछ पेड़ो की परमिशन की आड़ में खुलेआम हरे पेड़ काट रहे हैं।

वन विभाग की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर कटान का काम हो रहा हैं ।

## राम रेखा मंदिर प्रांगण में एक दूसरे के बंधन में बंधे 152 जोड़े

**जन एक्सप्रेस । बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया विधानसभा के रामरेखा मंदिर



में आज सीएम सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। नव विवाहित जोड़ों को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, ष्टष्ठह्र जयदेव सीएस, स्ष्ठरूविनोद कुमार पांडेय, क्चष्ठह्र सुनील कौशल और भाजपा विधायक अजय सिंह सहित तमाम अन्य जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद दिया ।समाजकल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पांडेय ने बताया कि 152 जोड़ो में... 4मुस्लिम जोड़ो की भी सगाई कराई गई है। नव विवाहित जोड़ों के विवाह कार्यक्रम के लिए जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा भव्य तैयारी की गई थी। भाजपा विधायक अजय सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तारीफ करते हुए कहा कि मैं ऐसे कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इतनी बड़ी योजना ला कर गरीबों का उद्धार किया है और उनका कल्याण किया है।

## विशेषज्ञों ने किया छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे से कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस की कार्यशाला का आयोजन विद्यालय में पीएम श्री योजना के तहत किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के तत्वाधान में जिला रोजगार कार्यालय, बहराइच के सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिसमें विषय विशेषज्ञों के द्वारा उचित परामर्शदाता एवं छात्राओं को दिया गया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया विषय विशेषज्ञ के रूप में इन्जीनियरिंग, मेडिकल, सीए, सीएस, बैकिंग, सूचना प्रोद्योगिकी, प्रशासनिक सेना आदि के बारे में बताया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. योगेश चन्द्र द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश कुमार, प्रवक्ता अर्थशास्त्र एवं डॉ. रामानुज पाण्डेय, लाईब्रेरियन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक दयावती, संजीव कुमार शुक्ला, योगेश कुमार, वीके वर्मा, बीके पाण्डेय, सपना सिह, आशीष कुमार सिंह, नेहा शुक्ला, श्वेता द्विवेदी, अरूण कुमार, डॉ. मोहम्मद सलमान, अली अहमद, राजेश कुमार चतुर्वेदी एवं राम मिलन सिंह आदि। सायं तीन बजे से विद्यालय में एक मेडिकल चेकपक कैम्प का आयोजन पीएम श्री योजना के तहत प्राचार्य डॉ. योगेश चन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में की गयी जिसमें डॉ. नरेश सिंह, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. डीके वर्मा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. रमेश वर्मा तथा डॉ. रमन पाण्डेय ने विद्यालय के छात्रों को मेडिकल जांच की एवं उन्हें परामर्श दिया। कार्यकम में सर्वेश कुमार, नेहा शुक्ला एवं पूर्व छात्र जयन्त धर द्विवेदी की भी उपस्थिति रहे।

# अब नगर निगम कार्यालय में नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर

## गोरखपुर के सभी वार्डों में खुलेगा वार्ड ऑफिस, महिला सफाई मित्र के लिए होंगे विशेष प्रावधान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर नगर निगम शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है। राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सभी 80 वार्डों में आधुनिक वार्ड ऑफिस बनाए जाएंगे। पहले चरण में 4 करोड़ रुपये की लागत से 20 वार्डों में इन ऑफिसों का निर्माण किया जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

### गोरखपुर में वार्ड ऑफिस बनाने की है योजना: नगर आयुक्त

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा, 'हमारा लक्ष्य है कि सभी वार्डों में वार्ड ऑफिस बनें, जहां नागरिकों और सफाईकर्मियों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिलें। पहले चरण में 20 वार्डों में ऑफिस बनाए जाएंगे, जिससे अतिक्रमण से मुक्त जमीनें भी सुरक्षित होंगी।' गोरखपुर को मिलेगा स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर इस परियोजना से न केवल नागरिकों को समस्याओं के समाधान के लिए एक स्थायी केंद्र मिलेगा, बल्कि सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। यह कदम गोरखपुर को एक स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### नागरिकों-सफाईकर्मियों के लिए सुविधा केंद्र बनेगा वार्ड ऑफिस

नए वार्ड ऑफिस सिर्फ कार्यालय नहीं, बल्कि समाधान केंद्र बनेंगे, जहां नागरिक अपनी समस्याएं जैसे सफाई, कचरा प्रबंधन आदि सीधे जोनल सफाई निरीक्षक या सुपरवाइजर के पास रख सकेंगे। यह ऑफिस सफाईकर्मियों की उपस्थिति दर्ज करने, उपकरणों के रखरखाव और सफाई से जुड़े अन्य कार्यों के लिए भी उपयोगी होंगे। महिला सफाई मित्रों के लिए विशेष सुविधाएं महिला सफाई मित्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक वार्ड ऑफिस में विशेष सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। उनके लिए अलग और सुविधा सम्पन्न टॉयलेट बनाए जाएंगे। मासिक धर्म के दौरान उन्हें प्राइवेसी और आराम की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकेगा।



### जोनल कार्यालयों के साथ हर वार्ड में होगा ऑफिस का निर्माण

नगर निगम ने 80 वार्डों को 5 जोन में बांट दिया है, और हर जोन में एक जोनल कार्यालय पहले ही प्रस्तावित है। अब हर वार्ड में वार्ड ऑफिस बनाया जाएगा। मुख्य अभियंता संजय चौहान ने बताया कि इन कार्यालयों के लिए अतिक्रमण और कब्जे से मुक्त कराई गई जमीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इन वार्ड ऑफिसों में चाहरदीवारी, टॉयलेट ब्लॉक, स्टोर और सफाई उपकरणों की व्यवस्था होगी। साथ ही, सफाई गाड़ियां, जेसीबी और अन्य जरूरी संसाधन भी यहीं रखे जाएंगे।

## तीन किलो अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जटहा बाजार पुलिस को गुरुवार को देर रात एक गाजा तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल हुआ है। शुक्रवार को विधिक कार्यवाही के बाद पुलिस अभियुक्त को एन डीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया घटना में शामिल बाइक को सीज कर दिया।

थानाध्यक्ष जटहा बाजार मनोज कुमार वर्मा ने बताया की गुरुवार को रात करीब 9.57बजे गस्त के दौरान जटहा.पडरौना मुख्य मार्ग पर किन्नरपट्टी बाजार के पास पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक से जाता देख रोक कर तालासी लीगई तों उसके पास झोले में तीन किलो अबैध गाजा मिला पूछताछ में अपना नाम रामअवध यादव पता माघीकोठीलवा के मुन्नी लाल टोला निवासी बताया जिसको मौके से बाइक सहित गिरफ्तार कर थाने लाया गया।जिसको एनडीपीएस एक्ट में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। बाइक को सीज कर दिया गया। मौके पर उपनिरिक्षक देवब्रत यादव. आकाश कुमार गोवाल. कास्टेबल सुनील यादव, एकरामुद्दीन सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गोरखपुर-कुशीनगर में ईडी का बड़ा एक्शन

## बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के मनी लॉन्डिंग केस में अतुल श्रीवास्तव हिरासत में, पडरौना में परिवार से पूछताछ जारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और पोर्नोग्राफी केस के तार अब गोरखपुर से भी जुड़ गए हैं। इस हाई प्रोफाइल मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोरखपुर से अतुल श्रीवास्तव को हिरासत में लिया है। अतुल साफ्टवेयर कंपनी चलाता है। वह कुशीनगर जिले के पडरौना कोतवाली इलाके का रहने वाला है। अतुल को ईडी ने गोरखपुर के हिंदी बाजार स्थित एक दुकान से उठाया है। ईडी टीम उसे यहां से लेकर कुशीनगर के पडरौना के लिए चली गई है। ईडी की टीम इस वक्त उनके पडरौना स्थित घर पर छापेमारी कर परिवार से पूछताछ कर रही है। अतुल के पिता प्रमोद श्रीवास्तव और माता घर पर ही मौजूद हैं।

### संदिग्ध लेन-देन पर फोकस

ईडी को शक है कि अतुल श्रीवास्तव, जो सॉफ्टवेयर कंपनी चलाते हैं। उसके बैंक खातों में कई संदिग्ध इंटरनेशल लेनदेन हुए हैं। इन ट्रांजेक्शन्स का सीधा कनेक्शन राज कुंद्रा के नेटवर्क से होने की संभावना है। अधिकारियों ने उनके पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से भी घंटों पूछताछ की।

### गोरखपुर बना जांच का केंद्र

गोरखपुर में अतुल श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम ने कार्रवाई तेज कर दी है। पडरौना छावनी में उनके घर पर छापेमारी के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों के खातों और कागजातों की भी जांच की जा रही है। कुशीनगर और कानपुर में भी इस मामले से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

### सॉफ्टवेयर कंपनी से जुड़ा कुंद्रा नेटवर्क

सूत्रों के मुताबिक, अतुल श्रीवास्तव अपनी सॉफ्टवेयर कंपनी के जरिए राज कुंद्रा के डिजिटल नेटवर्क को तकनीकी सपोर्ट दे रहे थे। ईडी अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या उनके जरिए पोर्नोग्राफी से जुड़े प्लेटफॉर्म्स को ऑपरेट किया जा रहा था।

### ईडी की छापेमारी ने गोरखपुर मंडल के सभी जिलों में मचाई खलबली

ईडी की कार्रवाई ने गोरखपुर और आसपास के इलाकों में हलचल मचा दी है। मनी लॉन्ड्रिंग और पोर्नोग्राफी के इस मामले में राज कुंद्रा के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की परतें खुलने की संभावना है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# सीएम सिटी में 11.8 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंचा तापमान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में सर्दी का असर तेज होता जा रहा है। बीते दो दिनों से न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा चुका है। गुरुवार रात को यह 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के इस अचानक बदलाव ने खांसी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है। डॉक्टरों ने लोगों को ठंड से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

### दिन-रात के तापमान में बड़ा अंतर

मौसम विभाग के अनुसार, बीते पांच दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है। जहां दिन का तापमान 27 नवंबर को 26.5 डिग्री सेल्सियस था, वहीं यह मंगलवार तक 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है। दूसरी ओर, रात का तापमान तेजी से गिरकर सामान्य से नीचे चला गया है।

### शाम होते ही बढ़ रही है ठंड , लोग परेशान

दिन में धूप के कारण मौसम खुशगवार बना रहता है, लेकिन शाम के बाद ठंड बढ़ जाती है। दिन-रात के तापमान में अंतर होने के कारण लोग दिन में हल्के कपड़े पहनकर बाहर निकलते हैं, लेकिन शाम को घर लौटते समय ठंड से परेशान हो रहे हैं।

### अगले कुछ दिनों में और गिरेगा तापमान, बच्चों, बुजुर्गों के प्रति बरतना होगा एहतियात

मौसम विशेषज्ञ डॉक्टर. कैलाश पांडे के अनुसार, उत्तर पश्चिम भारत में चल रही जेट स्ट्रीम हवाओं और पाकिस्तान के आसपास बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण अगले दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान और गिर सकता है। यह 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।ठंड बढ़ने के कारण डॉक्टरों ने बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखने की सलाह दी है। गर्म कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने और ठंडी हवाओं से बचने की अपील की गई है।

# मैं सृष्टि के बॉयफ्रेंड से मिली हूं.... वह ठीक नहीं है

■ गोरखपुर में बहन बोली-आदित्य ने मौत की सूचना ऐसे दी, जैसे कुछ हुआ ही नहीं

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



बचपन में सबसे ज्यादा साथ रहने वाली सृष्टि अब सिर्फ याद बनकर रह गई है। हमारे घर शायद अब किसी दिवाली में रंगोली न बने... क्योंकि सृष्टि नहीं होगी। श्यह कहते हुए महिला पायलट सृष्टि तुली की बड़ी बहन राशि रो पड़ीं। गोरखपुर में जन एक्सप्रेस की टीम से राशि ने बताया कि सृष्टि का बॉयफ्रेंड आदित्य पंडित सही व्यक्ति नहीं है। उसने ही सृष्टि को मार डाला।

### कजिन कह दे तो लड़ जाती थी

सृष्टि राशि कहती हैं- अगर कोई मुझे उसकी कजिन कहता था, तो वह लड़ जाती थी। कई बार टीचर से भी लड़ गयी। वह साफ कहती थी कि वो (राशि) मेरी सगी बहन है। हम में ऐसा ही प्यार है।

### घर के उसी हिस्से में अस्थियां रखीं, जहां सृष्टि कंस्ट्रक्शन करवा रही थी

जन एक्सप्रेस टीम गोरखपुर में सृष्टि के घर पहुंची। यहां सृष्टि की बड़ी बहन राशि मिलीं। राशि ही तुली परिवार की पहली सदस्य थीं, जिन्हें सृष्टि के न रहने की हृदय विदारक सूचना सबसे पहले सुनने को मिली थी। परिवार ने घर के एक हिस्से में सृष्टि की अस्थियां रखी थी। यहां सृष्टि अपने लिए कंस्ट्रक्शन करवा रही थी।

### बिना हिचकिचाहट आदित्य ने कहा- वो मर गई

राशि कहती हैं- उनके पास सृष्टि की बैचमेट उर्वी ने फोन किया। उसने बताया की सृष्टि हॉस्पिटल में है। बहन की इम्यूनिटी कमजोर थी तो मुझे लगा कि बुखार हो गया होगा। इसीलिए मैंने पैकिंग शुरू कर दी कि मुम्बई जाऊंगी और बहन को ठीक कराकर लाऊंगी। लेकिन उर्वी ने आदित्य को फोन पकड़ा दिया और उसने बिना किसी हिचकिचाहट के बता दिया कि सृष्टि मर गई है। कोई इतनी आसानी से इतनी बड़ी बात कैसे कह सकता है?

### अच्छा नहीं लगता था आदित्य

राशि ने बताया- मैं सृष्टि से सिर्फ 3 साल बड़ी हूं। हम दोनों हर स्कूल में साथ पढ़े। क्लास अलग-अलग थीं, लेकिन हमारे रिश्ते को पूरा स्कूल जानता था। सृष्टि मेरे साथ हर बात शेयर करती थी। सभी दोस्तों के बारे में पता था। आदित्य पंडित के बारे में भी बताया था। मैं उससे दो-तीन बार मिली भी थीं। लेकिन आदित्य कुछ ठीक नहीं लगा। एक बड़ी बहन के रूप में मुझे लगा था कि आदित्य परफेक्ट नहीं है। शायद सृष्टि भी उसे समझ रही थी।

### हाथ जोड़कर कहती हूं, हमें न्याय चाहिए

राशि ने कहा-अब उनकी बहन तो नहीं आएगी। परिवार में उसकी कमी की भरपाई नहीं हो पाएगी। मुंबई पुलिस से उम्मीद है कि निष्पक्ष जांच होगी और दोषी को सजा मिलेगी। मैं हाथ जोड़कर न्याय मांग रही हूं। मैं और मेरे भाई मजबूत स्तम्भ की तरह परिवार के साथ खड़े हैं। हम न्याय मिलने तक रोएंगे नहीं।

### मेरी बहन आत्महत्या नहीं कर सकती

उन्होंने बताया- सृष्टि काफी मजबूत लड़की थी। वह अपनी नौकरी, परिवार से खुश थी। हमारी रोज बातें होती थीं। वह परिवार के हर कार्यक्रम में शामिल होने की कोशिश करती थी। हम सभी चार भाई-बहनों में बहुत प्यार था। दोनों भाई कुणाल व करन उसे नन्ही कहकर बुलाते थे। छोटी बहन की तरह प्यार करते थे। सृष्टि की दोस्तों से भी बात हुई, सभी ने बताया कि उसे कोई दिक्कत नहीं थी।

### बड़ी बहन ने पूछा तो नहीं बताया पासवर्ड

आदित्य पंडित को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राशि कहती हैं कि जब बड़ी बहन के नाते मैंने सृष्टि के मोबाइल का पासवर्ड मांगा तो आदित्य ने नहीं बताया। गुरुवार की शाम को परिवार को सूचना मिली है कि मुंबई पुलिस के सामने उसने पासवर्ड बता दिया है।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा, चार अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**जन एक्सप्रेस । 'देवरिया**




जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारियों से तथा बैठक में गैरमौजूद रहने पर एक अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता पर लिया जाए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी तो उत्तरदायित्व तय करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

डीएम ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड में कुल 41 योजनाओं एवं कार्यक्रमों के आधार पर रैंकिंग तैयार की जाती है जिनमें जनपद को 18 में ए प्लस तथा एक में ए मिला है। पाँच-पाँच योजनाओं में क्रमश बी, सी एवं डी ग्रेड मिला है एवं सात में ई मिला है। मंडी आय में खराब प्रदर्शन करने पर मंडी सचिव को, भूतत्व एवं खनिकर्म में आईएमएसएस के अनुसार प्रवर्तन कार्य में खराब प्रदर्शन करने पर खनन अधिकारी को तथा जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न करने पर उपायुक्त जीएसटी से स्पष्टीकरण तलब किया है। बिना किसी पूर्वानुमति के बैठक से अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त उद्योग से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिन योजनाओं में जनपद को ए प्लस की ग्रेड प्राप्त हुई है उनमें आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, सल्वेंसी सर्टिफिकेट, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, औषधि विक्रय लाइसेंस, गन्ना पर्ची वितरण, अमृत-2, राइट ऑफ वे, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना इत्यादि शामिल है। डीएम ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया तथा खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली सुधारने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस भी सीएम डैशबोर्ड का अहम घटक है। सभी माध्यमों से प्राप्त होने वाले जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। यदि प्रकरण में आख्या लगा दी गई है तो उसकी जानकारी भी आवेदनकर्ता को फोन के माध्यम से दी जाए। अकारण स्पेशल क्लोज प्रकरण लंबित न रखे।डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और समय से आंकड़े भरे। बैठक में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, सीआरओ जेआर चौधरी, एआईजी स्टांम्प पंकज कुमार, डीएसओ संजय पांडेय, राजीव कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## पोषण भी, पढ़ाई भी योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, ष्पोषण भी, पढ़ाई भीष् योजना के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में, सदर बीआरसी भवन में बाल विकास परियोजना सदर देवरिया की 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए त्रिदिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान दस हस्तक्षेप, सामुदायिक आधारित कार्यक्रम गतिविधियां, पोषण अभियान और पोषण संबंधी सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण और शिक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान करना और उन्हें सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण का प्रारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी देवरिया देवेंद्र कुमार के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ।प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों के रूप में डा. अरशद जमाल, नवीन शुक्ला, अली अहमद, संतोष गुप्ता, संध्या कुशवाहा और श्रीमती विनीता वर्मा उपस्थित रहे।

# कृषि वैज्ञानिको ने किसानों को विभिन्न तकनीकों और पराली प्रबंधन के उपायों से कराया अवगत

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कृषि सूचना तंत्र योजना, इनसीटू योजना एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल सीड्स के अंतर्गत एक जनपद स्तरीय गोष्ठीध्किसान मेला का आयोजन कृषि कल्याण केन्द्र, बैतालपुर, देवरिया में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चन्द्र तिवारी जी थे।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विशेष रूप से, पराली प्रबंधन और पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान पर गहरी चर्चा की गई। साथ ही, फसल अवशेषों के प्रबंधन हेतु वेस्ट डीकम्पोजर के उपयोग और इसके फायदों पर विस्तृत जानकारी दी गई।



कृषि मेला में बीज शोधन, भूमि शोधन और लाइन सोइंग जैसी उन्नत कृषि विधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, जनपद में बीजों और उर्वरकों की उपलब्धता पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे किसानों को अपनी कृषि जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष अंकुर राय, उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य, जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्य, विषय वस्तु विशेषज्ञ धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सलाहकार कृषि वैज्ञानिक दिग्विजय नाथ सिंह तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, जनपद के सभी विकास खंडों से बड़ी संख्या में किसानगण भी उपस्थित रहे।

# फाइनेंस कंपनियों द्वारा महिला लाभार्थियों से की जा रही है बदसलूकी, जिम्मेदार मौन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है इसी क्रम में नीजी क्षेत्र की फाइनेंस कंपनियों द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जरुरतमंद लोगों को ऋण उपलब्ध कराने से पहले नीजी क्षेत्र की फाइनेंस कंपनियां लोगों को तरह तरह के लुभावने वादे करती है और ऋण उपलब्ध कराने के पश्चात ऋण वसूली के लिए कंपनियों में कार्यरत फिल्ड एजुकेटिव लाभार्थी से साप्ताहिक व माहवार ऋण वसूली करते हैं। ऋण की किस्तें वसूली के दरम्यान लाभार्थियों को कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा लाभार्थियों से बदसलूकी भी की जाती है जिसका जिले के जिम्मेदार संज्ञान लेना मुनासिब नहीं समझते। इसी तरह का एक मामला जनपद के तरकुलवा विकास खंड का प्रकाश में आया है। जनपद में कार्यरत नीजी क्षेत्र की सैकड़ों फाइनेंस कंपनियों में मुख्य रूप से पहल फाइनेंस अहमदाबाद गुजरात, अन्नपूर्णा फाइनेंस भुवनेश्वर उड़ीसा, भारत फाइनेंशियल महाराष्ट्र, स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल हैदराबाद तेलंगाना, बंधन बैंक, उत्कर्ष फाइनेंस, स्वतंत्र फाइनेंशियल, क्रेडिट्सक्शन ग्रामीण लिमिटेड, सिधुंजा माइक्रो क्रेडिट नोएडा, आरबीएल फिंसर्व, फ्लूरटान इण्डिया ग्राम शक्ति, मित्रता इन्क्लूसिव फाइनेंशियल, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा पहले क्षेत्र के लाभार्थियों सब्जबाग दिखाकर ऋण उपलब्ध कराया गया और किस्तें निर्धारित समयावधि में वसूल की जा गई और ऋण की किस्तें पूरी होने के पूर्व ही दूसरे ऋण उपलब्ध करा दिए गए और उनकी किस्तें भी वसूली जाने लगी, ऋण उपलब्ध कराने के दरम्यान लाभार्थियों को बरगलाया जाता है कि यदि दूसरी बार ऋण नहीं लिया तो उनका आधार कार्ड निरस्त करा दिया जाएगा। ऋण की किस्तें वसूली के क्रम में कंपनियों के जिम्मेदार लोगों द्वारा ऋणी महिलाओं से बदसलूकी की जा रही है यहां तक कि महिलाओं को घर पर अकेला पाकर कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा जबरन घरों में घूसकर घरेलू सामान तक उठा ले जा रहे हैं और धमकी भी दे रहे हैं।

## न्यायालय के आदेश के बावजूद पत्थर नसब करवाने को लेकर भटक रहा है राजेद्र

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर/महराजगंज।** उपजिलाधिकारी फरेंदा के न्यायालय में वाद संख्या टी-202405470405198 राजेद्र बनाम राम उग्रह धारा -24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता का वादा दाखिल हुआ था जिसमें 1-7-2024 को पत्थर नसब हेतु आदेश पारित हुआ था। लेकिन आज तक पत्थर नसब करवाने को लेकर राजेंद्र दर -दर भटक रहा है। पत्थर नसब नहीं हुआ। इससे साबित हो रहा है कि न्यायालय का आदेश सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी के लिए बेमतलब साबित हो रहा है। बताया जाता है कि राजेंद्र पुत्र बाबूराम साकिम मौजा महुआ सर्वजीत तहसील फरेंदा जनपद महराजगंज का निवासी है। उन्होंने अपने दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि विपक्षी सरकस और गोलबंद है कई बार आमादा फौजदारी हो मारपीट कर चुका है। जब पैमाइश की जानकारी विपक्षी को हुई तो खेत की बुआई कर दिया।

# पनियरा विकास खंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना

**जन एक्सप्रेस । पनियरा-महराजगंज**

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शुमार महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में जहाँ एक तरफ सरकार श्रमिकों को गांवो में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है जिससे मजदूर अन्यत्र जगहों पर पलायन न करें।

वहीं ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों का जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण नहीं किए जाने से महात्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ रही है। मामला महराजगंज जनपद के विकास खंड पनियरा के ग्राम सभा सोहास, मोहद्दीनपुर, अनंतपुरमोथही, जंगल बड़हरा, जंगल बाकी टुकड़ा नंबर 14 सहित दर्जनों गांव है।



जहां मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगाकर घर बैठे ही मजदूरों की आनलाइन हाजिरी लगा कर लाखों का गोलमाल किया जा रहा है।

सोहास में बृहस्पतिवार को 251 मजदूरों का मस्ट्रोल जारी है लेकिन मौके पर 15से 20 मजदूर काम करते मिले।

वहीं अनंतपुर मोथही में 189 में 20-22 मजदूर ही काम करते मिले।

लेकिन शाम होते ही पूरे मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी 251 लोगों की लगा दी जा गई।

**सवाल यह है कि आखिरकार जिम्मेदार इस मामले में क्या कर रहें हैं?**

बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की जा रही है? घर बैठे सैकड़ों श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगा लाखों नका गोलमाल किए जाने का मामला अधिकारियो के संज्ञान में आने के बाद मस्ट्रोल जीरो क्यों नहीं हो रहा है?

**जिम्मेदार क्यों ख़ामोश बैठे हैं?**

क्या उनकी जिम्मेदारी कुछ नहीं है या उनका जेब पहले ही गर्म हो गया है।

**जिलास्तरीय जांच टीम गठित कर कराया जाएगा जांच: सीडीओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन ने बताया कि पूरे मामले में जिले की टीम गठित कर जाँच कर कार्यवाई की जाएगी।

# लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सबसे बड़ी खामी, जिसने बनाया इसे खूनी माँग...तो बच जातीं तीन डॉक्टर सहित पांच जानें

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तड़के भीषण सड़क हादसे में पांच जिंदगियों का दीपक हमेशा के लिए बुझ गया। मरने वालों में 3 युवा चिकित्सक भी शामिल थे। चिकित्सकों की कार डिवाइडर पर चढ़ने के बाद दूसरी लेन पर आकर ट्रक से टकराई थी। इस हादसे में एक बार फिर लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। क्रैश बैरियर न होना सबसे बड़ी कमी है।

302 किलोमीटर लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (सीआरआरआई) की ओर से किए गए सड़क सुरक्षा ऑडिट में कई गंभीर खामियों का खुलासा हुआ है। सीआरआरआई ने एक्सप्रेसवे की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई सिफारिशें की थीं, जिन्हें लागू करने में देरी की गई। वर्ष 2023 के अंत में, लगभग 100 करोड़ की लागत से कुछ सिफारिशों को लागू किया गया, लेकिन सवाल उठता है कि इन सिफारिशों को लागू करने में देरी क्यों हुई और इस दौरान हुई दुर्घटनाओं और जनहानि के लिए कौन जिम्मेदार है।

सीआरआरआई की ओर से नवंबर 2018 से दिसंबर 2019 के मध्य लखनऊ एक्सप्रेसवे का सड़क सुरक्षा ऑडिट किया गया। नवंबर 2017 से फरवरी 2019 (16 माह) के बीच उपलब्ध सड़क डेटा के अनुसार, एक्सप्रेसवे पर 1517 लोग घायल



हुए, 406 लोग गंभीर रूप से घायल हुए 118 लोगों की मौत हो गई। इसे देखते हुए यूपीडा ने सीआरआरआई से रोड सेफ्टी ऑडिट कराया। सीआरआरआई ने अपनी रिपोर्ट यूपीडा को सौंपी। सीआरआरआई ने सुझाव दिया था कि एक्सप्रेसवे के केंद्रीय रिज पर क्रैश बैरियर लगाए जाएं , ताकि वाहनों के विपरीत दिशा में जाने से रोका जा सके। हालांकि, एक्सप्रेसवे पर अधिकांश स्थानों पर ये बैरियर नहीं हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।

रेट्रो-रिफ्लेक्टिव मार्किंग की कमीः- क्रैश बैरियर और पुल के पैरापेट पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप न होने से रात के समय दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती हैं।

ट्रांजिशन ट्रीटमेंट और एंड ट्रीटमेंट का अभावः- क्रैश बैरियर के ट्रांजिशन और एंड ट्रीटमेंट की उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जो सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर की मरम्मत में देरीः- कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर की मरम्मत नहीं की गई है, जिससे सुरक्षा में कमी आई है।

वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पांच की हादसे में हो गई। उनकी गाड़ी केंद्रीय रिज को पार कर विपरीत दिशा में चली गई। यदि वहां क्रैश बैरियर होते, तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को इन मुद्दों पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। सड़क सुरक्षा में लापरवाही के कारण अनगिनत दुर्घटनाएं हुई हैं।

# भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर रेहरा बजार थाने की पुलिस टीम ने राज्य सरकार की दैवीय आपदा निधि का पैसा गबन करने वाले भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को रेहरा थाने की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ग्राम प्रधान के विरुद्ध 18 नवंबर को आवेदक अलख राम, लेखपाल क्षेत्र महदेइया सिरसिया तहसील उतरौला द्वारा थाना रेहरा बाजार में जाबिर अली पुत्र साबिर अली वर्तमान ग्राम प्रधान ग्राम कालू बनकट बिलरिया व विनय वर्मा पुत्र रामचन्दर निवासी इमिलिया बनधुसरा के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया, जिसमें उल्लिखित किया गया कि दिनांक 17 जून 2024 को जन्नतुननिशा पत्नी राजू निवासी ग्राम कालू बनकट की चार पुत्रियों की मृत्यु कुंआनो नदी में डूबने से हो गयी थी, जिसके उपरान्त दैवीय आपदा निधि से जन्नतुननिशा पत्नी राजू को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता धनराशि 16 जुलाई 2024 को जिला कोषागार बलरामपुर से ट्रान्सफर की गयी। नामित अभियुक्त जाबिर अली द्वारा दिनांक 18 जुलाई 2024 को विनय मेडिकल स्टोर के नाम से संचालित खाते में 06 लाख धनराशि नीफ्ट करा ली गयी।

अभियुक्त द्वारा आपदा निधि से प्राप्त धनराशि में अनियमितता की गयी तथा लाभार्थी को गुमराह कर छल व कपट से नीफ्ट करा ली गयी। उक्त छल कपट की जानकारी होने पर लाभार्थी द्वारा ग्राम प्रधान से पैसे वापस मांगे गये तो उनके द्वारा लाभार्थी पर सुलह समझौता का दबाव बनाया गया । पुलिस अधीक्षक विकास कुमर ने बताया कि अतिमहत्वपूर्ण प्रकरण में जो सरकारी धन का गबन किये जाने से सम्बन्धित था की गहनता से विवेचना करने व प्रभावी विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा पुलिस उपाधीक्षक (प्रशि0)/प्रभारी थाना रेहरा बाजार के कुशल नेतृत्व में विवेचक उ0नि0 उपेन्द्र यादव, चौकी प्रभारी पेहर द्वारा प्रकरण की गहन विवेचना की गयी जिसमें अभियुक्त ग्राम प्रधान जाबिर अली द्वारा लाभार्थी को सरकार द्वारा प्रदान की गयी आपदा धनराशि (सरकारी धन) का गबन करने की पुष्टि हुई। आरोप की पुष्टि होने पर अभियुक्त ग्राम प्रधान जाबिर अली को दिनांक 29 नवंबर 2024 को रेहरा बाजार पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 उपेन्द्र यादव, चौकी प्रभारी पेहर थाना रेहरा बाजार, बलरामपुर, हे0का0 ओम प्रकाश यादव थाना रेहरा बाजार, बलरामपुर शामिल हैं।

# दिव्यांगजन के विवाह पर मिलेंगे 35 हजार रूपये, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा यादव ने दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उनके अनुसार, इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग युवक-युवतियों के विवाह को प्रोत्साहित करना और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

उन्होंने कहा, ÷यह योजना दिव्यांगजन के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से एक पहल है। दम्पत्ति के दिव्यांग होने पर उन्हें ?15,000 से लेकर ?35,000 तक की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है, जो उनके जीवन को एक नई दिशा देने में मदद करेगी।÷

प्रतिभा यादव ने योजना की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया, ÷इच्छुक दिव्यांगजन को http://divyangjan.upsdc.gov.in पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना अनिवार्य है, और इसके बाद आवेदन की हार्ड कॉपी संबंधित कार्यालय में जमा करनी होगी।÷

वह आगे कहती हैं, ÷योजना के तहत युवक की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच और युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा, दिव्यांगता प्रमाणपत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना चाहिए, जो मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।÷

प्रतिभा यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदन करने वाले दम्पत्ति की शादी 1 अप्रैल 2023 के बाद सम्पन्न होनी चाहिए और किसी सदस्य का आयकर दाता नहीं होना चाहिए। वह यह भी बताती हैं, ÷इस योजना के जरिए दिव्यांगजन को कई सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी, जिससे उनके जीवन में सुधार होगा।÷

आवेदकों को अधिक जानकारी के लिए विकास भवन, अंबेडकर नगर के कक्ष संख्या-56 स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।

# मशरूम की खेती के बारे में लोगों को किया गया प्रशिक्षित



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के बाबा बरुआदास पीजी कालेज, परुइया आश्रम, में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मशरूम खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. शिशिर कुमार श्रीवास्तव और डॉ. प्रीति प्रकाश, वनस्पति विज्ञान विभाग, राणा प्रताप पीजी कॉलेज अमेठी रहे। महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. पूजा चौरसिया ने मशरूम के महत्व, विभिन्न प्रजातियों और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. शिशिर श्रीवास्तव ने मशरूम की खेती के तीन चरणों - व्हीट स्ट्रा कम्पोस्ट, केजिंग और लैब स्तर के बारे में विस्तार से बताया और स्लाइड शो के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित किया। डॉ. प्रीति प्रकाश ने मशरूम खेती को एक लाभदायक उद्यम के रूप में प्रस्तुत किया और किसानों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के साथ ही युवाओं को रोजगार के अभिनव अवसरों से सुपरिचित कराना है।

प्राचार्य ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल मशरूम खेती की तकनीक सिखाएगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनें। महाविद्यालय की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। निवर्तमान प्राचार्य प्रो. के के मिश्र ने भी मशरूम की खेती के फायदे को बताते हुए कहा कि मशरूम एक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ है और इसकी खेती कम लागत में की जा सकती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मशरूम खेती की तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना, मशरूम की विभिन्न किस्मों, उनकी खेती के तरीकों और बाजार की संभावनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना तथा किसानों को मशरूम खेती को एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का छायांकन आनिल केशरी ने किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के साथ ही क्षेत्र के संभ्रांत किसानों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 301 मरीजों का परीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के विकासखंड हरैया सतघरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुगौली कला में शुक्रवार को सेवा भारती द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 301 मरीजों का परीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को शिवपुरा खंड (हरैया सतघरवा) के ग्राम गुगौली कलाँ के पंचायत भवन पर सेवाभारती बलरामपुर द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क शल्य चिकित्सा का आयोजन किया गया। शिविर में पन्नालाल सरावगी लायंस आई हॉस्पिटल बलरामपुर के चिकित्सकों द्वारा 301 मरीजों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवाभारती गोंडा विभाग के विभाग अध्यक्ष बी डी जायसवाल ने किया। सेवाभारती के जिला अध्यक्ष रूपेश मिश्रा ने सर्वे भवंतु सुखिनः के पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए निशुल्क नेत्र परीक्षण का सफल आयोजन कराने में अपनी भूमिका का निर्वाहन किया। शिविर के समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख श्याम सुंदर व वनवासी कल्याण आश्रम के विभाग संगठन मंत्री सचिन, तुलसीपुर खंड के खंड कार्यवाह जसवंत, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री संजय एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला सत्संग प्रमुख शिवराम, जिला सेवा प्रमुख विहिप के धनीराम व पूर्व जिला सहसंयोजक बजरंग दल विक्रम सहित अनेक ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## कोल विधायक पर हुए हमले का फैसला नौ दिसंबर को

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** भाजपा नेता अनिल पाराशर के कोल विधायक निर्वाचित होने से पहले हुए हमले के मुकदमे में 28 नवंबर को बहस की प्रक्रिया पूरी हो गई। अदालत ने निर्णय सुनाने के लिए 9 दिसंबर की तारीख नियत की है। यह मुकदमा सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। यह घटना अगस्त 2012 की है। अनिल पाराशर उस समय तक वरिष्ठ भाजपा नेता व भाजयुमो के पूर्व महानगर अध्यक्ष थे। उसी दौरान उन्हें गोली मारी गई थी। इस हमले में वे बाल-बाल बच गए। इस मामले में पुलिस ने अनिल पाराशर के रिश्तेदार मनीष पचौरी पर हमला कराने का खुलासा किया था। जिसमें दो सुपारी शूटर जितेंद्र व अशोक भी गिरफ्तार हुए। इस मुकदमे का ट्रायल जिला जज की अदालत में चल रहा है। गवाही पूरी होने के बाद बहस की प्रक्रिया चल रही थी। इस मामले में बहस की प्रक्रिया पूरी हो गई है। डीजीसी फौजदारी चौ.जितेंद्र सिंह के अनुसार अब निर्णय के लिए अदालत ने 9 दिसंबर तारीख नियत कर दी है।

## एएमयू में 30 से खेलेंगी 36 विश्वविद्यालयों की टीमें

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** प्रतियोगिता में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, कश्मीर विश्वविद्यालय हजरतबल श्रीनगर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, दिल्ली विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, सीआरएस विश्वविद्यालय जींद और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र आदि की टीमें भाग लेंगी। एएमयू में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी प्रतियोगिता 30 नवंबर से शुरू हो रही है। 7 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सिंथेटिक और घास के मैदान पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ व राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ समेत उत्तर भारत की 36 विश्वविद्यालयों की टीमें खेलेंगी। प्रतियोगिता में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, कश्मीर विश्वविद्यालय हजरतबल श्रीनगर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, दिल्ली विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, सीआरएस विश्वविद्यालय जींद और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार, क्लस्टर विश्वविद्यालय, जम्मू, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल, श्रीनगर, सोबन सिंह विश्वविद्यालय अल्मोडा, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड बरेली की टीमें हिस्सा लेंगी।

# संगठन पर्व के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर संगठन पर्व के अंतर्गत शुक्रवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बूथ समिति गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को अटल भवन पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री व जिला चुनाव अधिकारी सुशील त्रिपाठी ने जिले भर के सभी मंडल अध्यक्षों से बूथ समिति गठन पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बूथ समिति गठन में शत प्रतिशत ईमानदारी होनी चाहिए। बिना बैठक के कोई भी बूथ समिति नहीं बननी चाहिए। चुनाव में लगे सभी कार्यकर्ता समितियों के गठन में कोई लापरवाही न करें। समिति का गठन कागजों पर न होकर धरातल पर होना चाहिए। पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता ही बूथ अध्यक्ष होना चाहिए।

कोई भी चुनाव बूथ अध्यक्षों के बगैर नहीं जीता जा सकता है। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य होने चाहिए। जिले भर में 2016 अभी तक सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। बलरामपुर जिले से लगभग 24 सौ सक्रिय सदस्य बनाकर प्रदेश में भेजना है। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण का कार्य करती है। जब तक बूथ का ढांचा सही नहीं होगा, तब तक बूथ समिति के गठन का कोई मतलब नहीं है। बूथ समिति सशक्त होनी चाहिए। जिससे कोई भी चुनाव पार्टी आसानी से जीत सके। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, पूर्व विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, महामंत्री वरुण सिंह मोनू, विष्णु देव गुप्ता, रवि मिश्रा, बिंदू विश्वकर्मा, विधान सभा प्रभारी गैसड़ी अजय सिंह पिंकू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, ललिता तिवारी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पांडेय, रवि वर्मा व अंशुमान शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र सेवा संकल्प के साथ एनसीसी ट्रैकिंग कैंप का समापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में स्थापित 51 वीं यू पी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे आल इंडिया यू पी ट्रैक द्वितीय के अंतिम दिन शुक्रवार को राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कैम्प का समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल ने 29 नवंबर को समापन समारोह में कैडेटों को संबोधित करते हुए कैडेटों को राष्ट्रसेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति देश के लिए जान ही दे बल्कि आवश्यकता है कि आप जहां भी जिस भी कार्य या भूमिका में हो उस



दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। ट्रैकिंग कैम्प के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति का भी मन पर गहरा शांत प्रभाव पड़ता है। दैनिक जीवन के निरंतर शोर और विकर्षणों से मुक्त शांत वातावरण छात्रों को आराम और तरोताजा होने का मौका देता है। चलने की लयबद्ध गति, उनके आस-पास की प्राकृतिक सुंदरता के साथ मिलकर एक ध्यानपूर्ण अनुभव प्रदान करती है जो मन को शांत करने में मदद करती है।इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजयी प्रतिभागी भी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के एन सी सी अधिकारी व पी आई स्टाफ मौजूद रहे।



# बंदर पकड़ो अभियान के तहत सैकड़ो बंदर हुए कैद

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर नगर में बंदरों के आतंक को कम करने के हेतु नगर पंचायत द्वारा बुधवार शाम से शिकारियों द्वारा बंदर पकड़ने का अभियान छेडा गया । गुरुवार को लगभग 250 बंदरों को पक्ड़ कर कुआनों जंगल ले जाकर छोड़ दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने 29 नवबंर को बताया कि नगर में बंदरों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है काफी लोग उनके हमले से घायल हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें जंगल में भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। मेरठ से आए शिकारियों की टीम के द्वारा बुधवार से बंदरो को पकड़ने का कार्यक्रम नगर पंचायत व थाना कार्यालय के पास से आरंभ किया गया। लगभग 120 बंदरो को तथा गुरुवार को कलश चौराहे से भवनियापुर वार्ड मे 135 बंदरों को पिंजरे में कैद कर कुआनो जंगल ले जाकर छोड़ दिया गया। बंदरो को पकड़ने एवं उन्हें जंगल मे छोड़ने का प्रक्रिया सतत चलती रहेगी। लगभग 1000 बंदरों को पड़कर जंगलात क्षेत्र में छोड़ने का लक्ष्य है जो और बढ़ भी सकता है। बंदरों के पिंजरे में कैद करने पर नागरिकों ने राहत की सांस ली है। दुकानदारों का कहना था कि बंदरों के उत्पात के कारण व्यापार करना दुश्वार हो गया था। घर में घुसकर तबाही मचा देते थे । रात्रि में झुंड बनाकर सड़क पर बैठे रहते हैं पैदल चलना दूभर हो रहा था।

# स्काउट गाइड शिविर के चौथे दिन ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के रोवर्स रेंजर्स प्रवेश निपुण शिविर जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय के निर्देशन मे आयोजित हो रहे रोवर्स रेंजर्स प्रवेश निपुण शिविर जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन प्रातः 9ः00 बजे ध्वज शिष्टाचार डॉ पवन कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर बीबीए ने किया । इस दौरान डॉ सुनील कुमार शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान, डॉ पी एन पाठक असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य, मसूद मुराद खान असिस्टेंट प्रोफेसर बीसीए, उपस्थित रहे । रेंजर्स प्रभारी डॉ वंदना सिंह व रोवर्स प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया । रोवर्स रेंजर्स शिविर के दौरान ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया । साथ ही अन्य विभिन्न प्रकार की शिक्षा दी गई । इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, डॉ आलोक शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विभाग, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र, डॉ डॉक्टर लवकुश पाण्डेय, डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ जितेंद्र भट्ट, डॉ राहुल बिसेन विभागाध्यक्ष बीबीए, सिद्धार्थ मोहंता, डॉ अरुण कुमार सिंह



पूर्व अध्यक्ष बीएड विभाग, डॉ पी एन पाठक प्रोफेसर वाणिज्य, जूलॉजी विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा तिवारी, (पूर्व रेंजर प्रभारी), डॉ संतोष कुमार तिवारी, डॉ वर्षा सिंह, डॉ आनंद बाजपेई, आशा केसी, डॉ के के सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य, अभिषेक अध्यक्ष बीसीए सिंह, मसूद मुराद, रमेश गुप्ता, संतोष कुमार यादव ट्रेनर तथा बलरामपुर के डीओसी सिराजुहक एवं डॉ एस के त्रिपाठी प्रभारी रोवर्स ने सिराजुल डीओसी बलरामपुर एवं ट्रेनर संतोष कुमार के द्वारा स्काउट गाइड का इतिहास, वर्दी, झंडा की बनावट की जानकारी दी गई। डॉ आशीष कुमार लाल असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्र, डॉ अनामिका सिंह विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, डॉ डी के मौर्य एसोसिएट प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र, डॉ बसंत कुमार गुप्त, असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र, डॉ दिनेश त्रिपाठी, डॉ देवेंद्र कुमार चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र विभाग, डॉ सुनील कुमार मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र, मणिका मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर गृह विज्ञान विभाग, डॉ श्रद्धा सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी डॉ रमेश शुक्ला अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ अभय नाथ ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ कृतिका तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-106-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3688/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल के पिराई सत्र का हुआ शुभारंभ





**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

किसान सहकारी चीनी मिल के पिराई सत्र 2024 2 025 का शुभारंभ हो गया। चीनी मिल के लिए प्रथम बार गन्ना लेकर आने वाले दो किसानों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल के नए पिराई सत्र के शुभारंभ पर प्रात 11ः00 बजे मिल परिसर में अधिकारियों द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विवेक वर्मा व उपसभापति नरेश चंद्र शर्मा की मौजूदगी में हवन पूजन कर नये पिराई सत्र का शुभारंभ किया गया।

हवन पूजन के उपरांत कार्यक्रम में प्रथम बार बैलगाड़ी से गन्ना लेकर आए ग्राम सफौरा के किसान हंसराम व ट्रैक्टर ट्राली लेकर आए ग्राम महेशापुर के शमशेर को शाल उड़ाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। हवन पूजन विद्वान पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। इस मौके पर मिल के प्रधान प्रबंधक डॉ हरिकृष्ण गुप्ता, मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार, चीफ केमिस्ट विद्याराम शुक्ला, चीफ इंजीनियर विजेंद्र सिंह, डिप्टी केमिस्ट आर बी सिंह, बॉयलर इंचार्ज संकेत शर्मा, केमिस्ट अविनाश शुक्ला दिलीप कुमार, दीपक मिश्रा सहित मिल के कई अधिकारी श्रमिक संघ के अध्यक्ष श्याम बहादुर शर्मा, डायरेक्टर राजू भैया शर्मा, गायत्री परिवार के तहसील प्रभारी सत्यपाल सिंह यादव शरद पाल सिंह, चीनी मिल के डायरेक्टर राकेश चंद्र मित्तल सहित मिलकर कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य गन्ना अधिकारी ने बताया कि नए पिराई सत्र के लिए 29 अक्टूबर को दसहजार कुंतल इंडेंट जारी करदिया गया है। 30 नवंबर को 25 हजार व 1 दिसंबर को 30000 कुंतल गन्ने का इंडेंट जारी किया जाएगा। पिराई सत्र 2024 25 के लिए 30 लाख कुंतल गन्ने की पिराई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से आगौला रहित साफ गन्ना चीनी मिल के लिए आपूर्ति करने की अपील की है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

- बंन्दियों से की वार्ता, जानी समस्याऐं एवं बंदियों की समस्याओं का निस्तारण करने के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के बैरक 04, 05, किशोर बैरक, महिला बैरक, भोजनालय, अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने महिला बैरक में महिला बन्दियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।

अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई और निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कैदियों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दहेज में नहीं मिली एक चीज, सप्ताह भर पहले निकाह से किया इनकार

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** बागपत जनपद के अमीनगर सराय में कार नहीं मिलने पर निकाह से आठ दिन पहले दूल्हे पक्ष ने निकाह करने से इनकार कर दिया। इस पर युवती पक्ष की तरफ से भेजा गया दहेज का सामान भी वापस भेज दिया गया। इसके बाद दोनों पक्षों की पंचायत में भी समझौता नहीं हो सका और रिश्ता तोड़ दिया गया। सिंघावली अहीर क्षेत्र के एक गांव की युवती का निकाह मेरठ जिले के जानी क्षेत्र के एक गांव के युवक से होना तय हुआ था। बताया कि गुरुवार को युवती पक्ष के लोगों ने निकाह से आठ दिन पहले दहेज का सारा सामान लेकर दूल्हे के घर भिजवा दिया। वहां दूल्हे पक्ष के लोगों ने दहेज में कार की मांग की और कार नहीं मिलने पर निकाह करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद युवती के पिता ने काफी मिन्नते की, लेकिन दूल्हे पक्ष के लोग नहीं माने और दहेज का सारा सामान वापस भेज दिया।

# उप गन्ना आयुक्त ने कांटा संख्या 1 एवं 2 का औचक निरीक्षण किया






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आज राजीव राय उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र बरेली द्वारा बरखेड़ा चीनी मिल पीलीभीत के मिल गेट कांटा संख्या 1 एवं 2 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तौल हो चुकी ट्रॉली की दुबारा तौल करायी गयी। वेब्रिज द्वारा वही वजन प्रदर्शित किया गया जो पूर्व मे तौल पर्ची मे अंकित था, मौके पर उपस्थित किसानो से पेयजल, रात्रि विश्राम, गन्ना तौल के बारे मे फीडबैक लिया। उप गन्ना आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि चीनी मिल किसानों की सुविधा के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित कर चीनी मिल के वरिष्ठतम अधिकारी को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त करे। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे अनवरत काम करेगा। इस कंट्रोल रूम में किसान गन्ना खरीद आदि के सम्बन्ध मे शिकायत/जानकारी कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक तौल केंद्रों पर डिजिटल डिस्प्ले ऐसे स्थान पर लगाया जाय जहां से गन्ना तुलवाने वाले किसानों को आसानी से दिख सके। उप गन्ना आयुक्त द्वारा जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत को निर्देश दिए गए कि कृषकों के गन्ना तौल में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रॉनिक वेब्रिज की शुद्धता की जांच के लिए टीमों का गठन कर प्रत्येक क्रय केंद्र की जांच करा लें यदि जांच के दौरान कहीं भी इलेक्ट्रॉनिक वेब्रिज अशुद्ध पाया जाता है तो चीनी मिल के तौल लिपिक एवं अध्यासी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश वैक्यूम पैन शुगर फैक्ट्रीज लाइसेंसिंग ऑर्डर, 1969 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही अमल मे लाएं। किसी भी कीमत पर घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय जहां भी अनियमितता प्रकाश में आती है तो निरीक्षण रिपोर्ट पंजीकृत डाक/विशेष वाहक के माध्यम से विधिक कार्यवाही हेतु गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक को मूल रूप में प्रेषित की जाए। अशुद्ध कांटा /घटतौली के प्रकरण में 24 घंटे के भीतर संबंधित तौल लिपिकों के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। निरीक्षण के समय खुशी राम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी, राम भद्र द्विवेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, मनोज कुमार साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बीसलपुर व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दी गई जानकारी




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




गन्ना विकास परिषद पीलीभीत क्षेत्र के गांव- खरुआ में आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वैज्ञानिक डॉ. आरडी तिवारी ने किसानों को पोषक तत्व प्रबंधन एवं बीज बदलाव के विषय में विस्तार से बताया। डॉ. तिवारी द्वारा बताया गया कि गन्ना किसान अपने खेत मे कार्बनिक खाद का प्रयोग अवश्य करे। ऐसा करने से जमीन की भौतिक एवं रासायनिक दशा मे सुधार आता है। किसानों को रेड रॉट, बीज उपचार के विषय मे विस्तृत चर्चा की गई रेड रॉट से बचाव के लिए फसल चक्र अपनाये तथा नवीन विकसित गन्ना किस्मो की बुवाई करे

जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, पीलीभीत ने खेती में समसामयिक गतिविधियों पर किसानों का मार्गदर्शन किया एवं विभागीय विकास योजनाओं के बारे मे बताया वर्तमान में गन्ने की आपूर्ति व्यवस्था, गन्ने की पताई प्रबंधन, गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप एवं प्रकाश परावर्तक पेंट के लगाए जाने के बारे में भी किसानों को बताया। कार्यक्रम में फसल अवशेष प्रबंधन के निमित्त सभी किसानों को निःशुल्क पूसा डीकंपोजर एवं संबंधित प्रचार साहित्य वितरित किया गया। किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर को पेराई सत्र के दौरान परिवर्तित न करने की अपील की गई ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी एलज़ एचज़ शुगर फैक्ट्री पीलीभीत से सनोज कुमार समेत गन्ना किसान मौजूद रहे।

## घर से स्कूल पढ़ने गया छात्र रहस्यमय गायब

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी माफी में घर से स्कूल पढ़ने गया छात्र रहस्य में ढंग से गायब हो गया छात्र की मां ने कोतवाली में तहरीर दी है। क्षेत्र के ग्राम टिकरी माफी निवासी लाल बहादुर की पत्नी रेनू ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसका बेटा अनुज 14 वर्ष जो गांव के विद्यालय में कक्षा 7 का छात्र है 27 नवंबर को वह सुबह घर से 8ः00 बजे अपने विद्यालय पढ़ने गया था जो लौटकर घर वापस नहीं आया उन्होंने अपने बेटे को हर संभावित स्थान पर तलाश लिया किंतु उसका पता नहीं चल रहा है पुलिस ने महिला की तहरीर पर उसके बेटे की गुमशुदी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्काउटगाइड शिविर हुआ संपन्न



**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

नगर के आरडी एसएस इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन स्काउट गाइड टोलियों ने टेंट निर्माण सहित अपनी कई प्रतिभाओं का जौहर दिखाया।

शिविर के समापन समारोह में प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार दुबे ने कहा कि स्काउट-गाइड अनुशासन के साथ ही देश सेवा की भावना को विकसित करता है।उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे छात्रों के बनाए टेंट व विभिन्न विषयों पर बनी रंगोली का भी अवलोकन किया। स्काउट-गाइड प्रशिक्षक निर्भय कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए चार चीजें आवश्यक हैं। किसी व्यक्ति के पास उपलब्धता, व्यवहार, योग्यता व समर्पण यह चार गुण है। शिविर के समापन पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रवक्ता राजकमल दुबे, बालकृष्ण मिश्रा, मुनीष मिश्र, शिवाजी यादव, आलोक बाजपाई, अमित गंगवार, अतुल शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# धर्मगुरुओं की बैठक का कोतवाली में हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

संभल में जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुए विवाद को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दियोरिया पुलिस ने धर्म गुरुओं की बैठक का आयोजन किया बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्म गुरुओं सहित तमाम संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह ने बैठक में मौजूद सभी समुदायों से कानून के दायरे में रहकर धार्मिक आयोजन करने की अपील की कोतवाली प्रभारी ने कहा कि कोई भी शासन की गाइडलाइंस के विरुद्ध कार्य नहीं करें जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे सरकार सभी धर्मों का सम्मान कर रही है लेकिन कानून का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी चेतावनी दी बैठक में कोतवाली क्षेत्र के तमाम धर्म गुरुओं सहित संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। बैठक में नरेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि, हरिओम गंगवार अध्यक्ष साधन सहकारी समिति इमलिया गंगी, अन्नू अग्रवाल प्रधान पति, इलावांस देवल के महंत कृष्णा नंद गिरि, बुहिता नाथ शिवमन्दिर के महंत ओम गिरि, राधे श्याम, अरशद रजा, नसीम खां मुनीश प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## महिला की अश्लील वीडियो बनाकर धमकाकर वसूले रुपए न देने पर की पिटाई




**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला के घर एक युवक व युवती का आना जाना था उक्त दोनों ने चोरी छुपे महिला की अश्लील वीडियो बना ली और उसे धमका कर उससे रुपए मांग ने लगेपरेशान होकर परेशान होकर महिला ने उक्त युवक व युवती सहित तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कोतवाली में पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी में एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाते हुए कहा है कि गांव स्थित उसके घर पर एक गांव की रहने वाली दामनी तथा हैप्पी सिंह व प्रेम सिंह काआना जाना था तथा आपसी संबंध थे इन्हीं संबंधों के चलते दामिनी तथा हैप्पी सिंह ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली पिछले 1 वर्ष से उक्त दोनों लोग महिला से वीडियो के माध्यम से कई बार रुपया हड़प लिए रुपए न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हैं 9 नवंबर को दामिनी तथा हैप्पी द्वारा पुनः रुपए की मांग की गई जब महिला के द्वारा रुपए देने से इनकार कर दिया गया इसके बाद हैप्पी व उसके पिता पिता प्रेम सिंह ने महिला से गाली गलौज किया उसे मारा पीटा पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

## लाइनमैन की ईलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव में मोन्टी कार्लो कंपनी के द्वारा बिना शटडाउन लिए ट्रांसफार्मर में कराए जा रहे विद्युत कार्य के दौरान बिजली की चपेट में आने से बुधवार की शाम सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के डेहुणा गांव निवासी प्राइवेट लाइनमैन अजय गौतम गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे आनन फानन में बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां हालात गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के डॉक्टर ने भी वाराणसी से रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार की दोपहर परी जिन्होंने कंपनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंचे विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बिजली विभाग और मोन्टी कार्लो कंपनी से पांच पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं आवास का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी बदलापुर प्रतिमा वर्मा, तहसीलदार राकेश कुमार प्रभारी निरीक्षक बदलापुर विनोद मिश्र, थानाध्यक्ष सिंगरामऊ अमित सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## महोत्सव स्थल का विधायक और क्षेत्राधिकारी ने किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर में स्थित सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज में आगामी सात और आठ दिसंबर को आयोजित बदलापुर महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, क्षेत्राधिकारी बदलापुर प्रतिमा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक बदलापुर विनोद मिश्रा ने निरीक्षण किया। इसके अलावा विधायक ने बदलापुर महोत्सव समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। विधायक ने बताया कि बदलापुर महोत्सव के प्रथम दिन सामूहिक विवाह के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहेंगे।

साथ ही कैबिनेट मंत्री उर्जा और नगर विकास विभाग एके शर्मा सात दिसंबर को बदलापुर के पट्टीदयाल में स्थापित ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का लोकार्पण और नगर पंचायत बदलापुर में हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा आठ दिसंबर को सरोखनपुर में नवनिर्मित रोडवेज बस डिपो का लोकार्पण करेंगे। बदलापुर महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोजपुरी के मशहूर कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी और पचास लाख का मुआवजा दे सरकार : रामअलच राजभर



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**जलालपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूपी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार को जलालपुर थाना क्षेत्र के रेहटी गांव में पहुंचकर मृतक पंकज राजभर के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मिडिया से बातचीत में उन्होंने बताया की आरोपितों की गिरफ्तार हो चुकी है। पुलिस के कार्य से परिवार के लोग संतुष्ट है। स्थानीय विधायक जगदीश नारायण राय के बारे में उन्होंने साफ कहा कि वह हमारे पार्टी को धोखा देकर वह लाल टोपी वालों के साथ है वक्त आने पर उनकों जनता सबक सिखाएगी। आपको बता दे की बीते मंगलवार की रात रेहटी गांव के निवासी पंकज राजभर को मकरा चौराहे के पास मामूली विवाद में दबंगो द्वारा कार से कुचल के मार डालने की घटना हुई थी। जिसके बाद यह हत्याकांड अब राजनीतिक रूप ले चुका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है उनके साथ मुख्य रुप से जखनिया के विधायक बेदी राम सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव डाँक्टर जे पी सिंह के आलावा अरबिन्दराजभर मौजूद थे।

### बीजेपी के लोग घटना की आड़ में सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं: रामअचल राजभर

**जलालपुर।** रेहटी गांव के मृतक पंकज राजभर के परिजनों से मुलाकात कर जैसे ही सुहेलदेव भारती समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर वापस लौटे उसके कुछ ही देर बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव राम अचल राजभर भी केराकत विधायक तुफानी सरोज के साथ पंकज राजभर के घर पहुंच गये और परिजनों से मिलकर उनकों न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में सरकार से मांग किया है की सरकार पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी एंव पचास लाख रूपए की आर्थिक मदद करें और मुकदमे की विवेचना स्थानीय थाने की जगह सीओ स्तर से निष्पक्ष विवेचना करानें की मांग की जिससें हत्यारों पर कठोर कार्यवाही हो सके। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा की वर्तमान सरकार के कथनी और करनी में अंतर है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को इस घटना का स्वतः संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार का आर्थिक मदद करने का घोषणा करना चहिए था परन्तु बीजेपी के लोग घटना की आड़ में सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने में लगे है। राष्ट्रीय महासचिव के साथ रत्नाकर चौबे नन्दलाल यादव प्रेमप्रकाश यादव मौजूद थे। आपको बता दें कि बीते मंगलवार की रात रेहटी गांव के निवासी पंकज राजभर को मकरा चौराहे के पास मामूली विवाद में दबंगो द्वारा कार से कुचल के मार डालने की घटना हुई थी। जिसके बाद यह हत्याकांड अब राजनीतिक रूप ले चुका है। हलांकि पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करने के बाल शुक्रवार को तीन आरोपित अभिषेक सिंह उर्फ छोटू पुत्र दिनेश सिंह नि0 ग्राम रेहटी थाना जलालपुर, रोहित कुमार सिंह पुत्र नरसिंह बहादुर नि0 ग्राम रेहटी थाना जलालपुर, अविनाश सिंह पुत्र अशोक सिंह नि0ग्राम लोहगाजर थाना जलालपुर जौनपुर को को गिरफ्तार कर लिया है।

# 'अटल' की याद में सजेगी 'साझी विरासत' की साहित्यिक महफ़िल

■ अन्नू कपूर, अशोक चक्रधर, वसीम बरेलवी, शबीना और मंजर भोपाली होंगे ख़ास मेहमान



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

दिसंबर की गुनगुनी धूप और गुलाबी ठंड की दस्तक कविताओं और गज़लों के साथ होगी। जहां गीत-गज़ल की महफ़िल सजेगी। साहित्य प्रेमियों का जमावड़ा होगा। साझी विरासत के इस आयोजन में सबसे बड़ा आकर्षण होंगे दिग्गज फिल्म अभिनेता और गज़ल के हस्ताक्षर अन्नू कपूर। उनके साथ प्रसिद्ध कवि पद्मश्री अशोक चक्रधर, वसीम बरेलवी, मंजर भोपाली, डॉ विष्णु सक्सेना, शबीना अदीब, डॉ सुनील जोगी, अज़्म शाकरी, प्रियांशु गजेन्द्र, तनवीर गाज़ी, उस्मान मिनाई और चांद देवबंदी भी होंगे। गज़ल और गीतों की इस महफ़िल की शान अन्नू कपूर भी फनकारों की जमात में शामिल होंगे। स्थानीय जीआईसी आडोटोरियम में साझी विरासत द्वारा आयोजित 10वां अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार 07 दिसंबर को रात 8 बजे से होगा। इस बार यह आयोजन भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रकवि अटल बिहारी बाजपेई की जन्मशती को समर्पित होगा। हंसी-ठहाकों, गज़ल, गीत और व्यंग की इस महफ़िल में बालीवुड के जाने-माने अभिनेता अन्नू कपूर शामिल होकर सभी श्रोताओं से रुबरू होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप और कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी राजेश अरोड़ा 'बब्बू' होंगे। बताते चलें कि जिले की ऐतिहासिक देवा महादेवा की धरती अपने सांस्कृतिक आयोजन के लिए जानी जाती है। फिर चाहे देवा मेले का 100वां मुशायरा हो या महादेवा का कवि सम्मेलन या फिर गांधी जयन्ती पर राजनाथ शर्मा द्वारा आयोजित तारीखी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा रहा हो, सभी ने उर्दू अदब और हिंदी की साहित्यिक विरासत को नई पहचान दी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक और साहित्यिक गतिविधियों में अग्रणी संस्था साझी विरासत एक बार फिर से मुशायरा और कवि सम्मेलन के आयोजन को लेकर तैयार है। आगामी 07 दिसंबर की शाम खास होने वाली है। साझी विरासत की ओर से शहर के जीआईसी ऑडोटोरियम में 10वां अखिल भारतीय मुशायरा और कवि सम्मेलन में गज़ल, शेर और शायरी के साथ साथ हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार व वीररस की धारा बहने वाली है। कवियों व शायरों की एक से बढ़कर एक मधुर गज़लों व रचनाओं के बीच हास्य-व्यंग्य का पिटारा खुलने वाला है। मतलब साफ है, दर्शक एक बार फिर से अदब की इस महफिल में गीत, गज़ल को सुनकर मंत्रमुग्ध होने वाले हैं। मुशायरा और कवि सम्मेलन में पहुंचे सब युवा, बुजुर्ग व गणमान्य सभी कविताओं का लुत्फ उठाएंगे। बाराबंकी वासी साझी विरासत के इस आयोजन को लेकर पूरी तरह से उत्सुक हैं।

जगह-जगह शहर व गांव-कस्बों के अलावा अन्य जनपदों में होल्डिंग भी लग गई है तथा सोशल मीडिया से लेकर चौक चौराहों पर भी इस आयोजन को लेकर चर्चा हो रही है। साहित्य प्रेमियों में कवि सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सभी अपने पसंद के कवि व शायर को सुनने के लिए इच्छुक हैं।

### गीत से गज़ल तक दिखेगा हर रंग

साझी विरासत के अध्यक्ष परवेज अहमद बताते हैं कि हमारी कोशिश है साहित्य प्रेमियों और श्रोताओं को कविता, गीत, गज़ल, शायरी और हास्य-व्यंग्य की रचनाओं से सभी आनंदित हों। ऐसे में हर विधा के फनकारों को चुन-चुनकर साहित्य का यह गुलदस्ता सजाया गया है। एक तरफ डॉ. अशोक चक्रधर के साथ डॉ सुनील जोगी हास्य-व्यंग्य का रस तो बिखेरेंगे ही, अपनी रचनाओं से समाज का सच भी दिखाएंगे। वहीं शायर वसीम बरेलवी और शबीना अदीब मोहब्बत के रंग से सभी को रूबरू कराएंगी। गीतकार डॉ विष्णु सक्सेना और प्रियांशु गजेन्द्र की कविताएं भी आपके दिल के करीब से गुजरेंगी। अज़्म शाकरी और चांद देवबंदी की गज़लों में सभी को अपना दिल धड़कता दिखेगा। वहीं तनवीर गाज़ी और उस्मान मिनाई की इंकलाबी शायरी से सभी रूबरू होंगे।

# अपनी मांगों को लेकर विधायक से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



फतेहपुर। दि बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय भाजपा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा से मिला। वकीलों के कल्याणार्थ मुख्य मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की। वही विधायक ने अधिवक्ताओं की मांग पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। ज्ञात हो बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हड़ताल के नवें दिन भी रजिस्ट्री कार्यालय स्थानांतरण मुद्दे पर कोई समाधान न निकलता देख अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा से मिला। इस दौरान बार अध्यक्ष प्रदीप निगम ने विधायक से अपनी बात रखते हुए कहा, रजिस्ट्री कार्यालय स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ता बीते नौ दिन से हड़ताल पर हैं। जबकि विगत 10 दिन पूर्व एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने रजिस्ट्री कार्यालय निर्माण को रोकते हुए आश्वासन दिया था। कि रजिस्ट्री कार्यालय अधिवक्ताओं द्वारा चिन्हित भूमि पर ही निर्माण किया जाएगा। इसके बाद उप निबंधन विभाग दूरभाष द्वारा सूचना दी जाती है कि जहां पर प्रस्तावित रजिस्ट्री कार्यालय प्रशासन द्वारा अनुमोदित किया गया है वहीं पर निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता आक्रोशित हैं और पुनः कलम बंद हड़ताल कर रहे हैं। जिस पर ठोस कदम उठाते हुए निस्तारण की भी बात कही। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने अधिवक्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा, कि आप अपना मांग पत्र संबंधित विभाग के मंत्री को अग्रेषित करें।

इस विषय पर उनसे कार्य के लिए आग्रह करेंगे।

इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप निगम, महामंत्री संजय सिंह, राजीव नयन तिवारी, प्रिंस वर्मा, हरिनाम सिंह, शील रतन मिहिर, यादवेंद्र प्रताप वर्मा, ओम प्रकाश यादव, हरीश मौर्या, गणेश शंकर मिश्रा, हरिवंश मौर्य सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# डीएम ने किया श्री लोधेश्वर महादेवा में सात दिवसीय महोत्सव का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



रामनगर स्थित श्री लोधेश्वर महादेवा में सात दिवसीय महोत्सव शुक्रवार से आरंभ हो गया है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्र वार की दोपहर महादेवा पहुंचकर बैंड की मधुर धुनों के बीच विष्व कल्याण द्वार पर फीता काटकर व भोलेनाथ के दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर महादेवा महोत्सव का शुभारंभ किया। महादेवा महोत्सव इस बार **ओम नमः शिवाय** की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। मंदिर परिसर से लेकर मंदिर में फूल-मालाओं से सजावट की गई है। गर्भगृह को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। श्री लोधेश्वर महादेव के दरबार में शुक्रवार को पूजन-अर्चन हरि ओम स्वस्ति न इंद्रो स्वस्ति। स्वस्ति नः पूषा स्वस्ति न वृहस्पति दधाति... के वैदिक मंत्र गूंजते रहे। विष्व कल्याण द्वार पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित पूर्व विधायक शरद अवस्थी आदि भोलेनाथ की आराधना के लिए मंदिर पहुंचे जहाँ पर अनिल शास्त्री, आदित्य तिवारी व मंदिर के पुजारी वीरेंद्र शास्त्री द्वारा अंग वस्त्र, नारियल, पुष्प, अक्षत, दूध, गंगाजल, शहद आदि से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इस दौरान पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद जिलाधिकारी मेला मैदान में सांस्कृतिक मंच पर पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलित कर महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बैण्ड के कलाकारों को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया।

जिलाधिकारी ने उद्घाटन संबोधन में सभी जनपद वासियों से महादेवा महोत्सव में आने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम पवन कुमार, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

# छात्राओं की प्रतिदिन उपस्थिति अंकित की जाए : आरती वर्मा



■ जिला सूचना अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, सूरतगंज का शुक्रवार को जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अध्ययनरत छात्राओं की उपस्थिति, क्लासरूम, शौचालय, रसोई घर और मीना मंच कक्ष को देखा। उन्होंने वार्डन को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्राओं की रजिस्टर पर प्रतिदिन उपस्थिति अंकित की जाए। जो छात्राएं अनुपस्थित है उनके परिजनों से बात करके उनकी शतप्रतिशत उपस्थिति कैम्पस में सुनिश्चित कराई जाए। परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने रसोईघर में जाकर बच्चों को प्रतिदिन दिए जाने वाले मेन्यू को देखा और स्टोर रूम में रखे राशन और मसाले इत्यादि की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बात की और उन्हें प्रेरित भी किया। इस मौके पर वार्डन कमलेश मौर्या सहित शिक्षिका आशा मिश्रा, निशा मिश्रा, अनामिका सिंह, वंदना भार्गव, अर्चना देवी, अर्चना वर्मा आदि मौजूद रही।

## गाड़ी खड़ी में बन रहा मयखाना, बेकाबू दौड़ रहे वाहन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

पुलिस व यूपीडा की छह गाड़ियां दिन-रात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की पेट्रालिंग करती है। इसके बावजूद लोग एक्सप्रेसवे पर स्पीड से फर्राटा भरने के साथ ही सड़क किनारे खड़े होकर शराब व बीयर के पीते हैं। सड़क किनारे शराब व बीयर की खाली बोतल व कैन इसकी गवाही दे रहीं हैं। यही नहीं, बरगावां गांव के सामने बिहार के नंबर की एक कार पर सवार दो युवक बीयर पीते भी नजर आए। आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कन्नौज जनपद की 65 किलोमीटर की सीमा है। यूपी 112 की चार गाड़ियां दिन-रात मुस्तैद रहती है। इसमें एक गाड़ी तिर्वा से ठठिया, दूसरी ठठिया से तालग्राम, तीसरी तालग्राम से सौरिख, चौथी सौरिख से औरैया जनपद की सीमा तक रहती है। यूपीडा की दो गाड़ियां मय स्टॉफ के दिन-रात में पेट्रोलिंग करती है। एक्सप्रेसवे पर तेज स्पीड में वाहन के चालान के लिए कैमरे भी लगे है। इसके बाद भी लोग कैमरे की नजर से बचने के बाद वाहनों की स्पीड अधिक कर देते हैं।

# चौकी इंचार्ज समेत आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

कोठी। दो साल पहले बेटे ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। चौकी इंचार्ज सिद्धौर पर मृतक फोन आदि कब्जे हाथिया लिया गया। फिर उसकी पत्नी ससुराल रहने लगी। 14 माह पहले संपत्ति बंटवारे को लेकर भाई व बहनोई साथ मिलकर सास व देवर को पीट दिया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। उसके आदेश पर असंद्रा पुलिस ने साले, बहनोई व सिद्धौर पुलिस चौकी इंचार्ज पर केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, सिद्धौर चौकी क्षेत्र के नगर पंचायत सिद्धौर के सिद्धेष्वर वार्ड निवासी पुष्पा देवी का कहना है कि सात साल पहले बेटे शिवकेश का विवाह अयोध्या जनपद के मवई थाना क्षेत्र के जैसुखपुर गांव निवासी मंजीता पुत्री स्व. सुरेश साथ हुआ था। दो बच्चे भी है। दंपति बीच विवाद होने पर मामला कोर्ट पहुंच गया। मगर 26 दिसंबर 2022 को बेटा पत्नी मंजीता को विदा कराने ससुराल गया। पत्नी साथ नहीं लौटी थी। पुत्र शिवकेश ने फांसी फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पीड़िता ने बहू मंजीता, उसके भाई संदीप, कुलदीप, संग्राम व बहनोई संदीप पुत्र बंशीलाल निवासी इसरौली थाना कोठी के उकसाने पर आत्महत्या करने आरोप लगाया। मगर सिद्धौर चौकी इंचार्ज कन्हैया पांडेय कार्रवाई बजाए उसका फोन व मेमौरी हड़प कर साक्ष्य मिटा दिया। पीड़िता ने उक्त बातें कोर्ट में बयां की। उसका कहना है कि बेटे मौत के बाद 17 अक्टूबर 2023 बहू मंजीता, उसका भाई व बहनोई घर पहुंचकर एकराय होकर संपति बटवारे को उसे व उसके बेटे विजय को पीट दिया। अब कोर्ट के आदेश पर असंद्रा इंस्पेक्टर जेपी सिंह ने बहू मंजीता, उसके भाई संदीप, कुलदीप, संग्राम व बहनोई संदीप व चौकी इंचार्ज कंहैया पांडेय पर केस दर्ज किया है।

# नगर आयुक्त ने 15वें वित्त से विकसित पार्क का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



नगरायुक्त संजय चौहान ने आज दोपहर आईटीसी रोड स्थित साहिब जी नगर में 15वें वित्त से विकसित किये गए पार्क का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पार्को के विकास के लिए व्यापक योजना बनाकर क्रियान्वित करने तथा वाटर हार्वेस्टिंग के लिए भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के लिए अलग चिल्ड्रन पार्क बनाने का सुझाव दिया। नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर नगर निगम निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व सहायक अभियंता विपुल कुमार आदि अधिकारियों के साथ साहिब जी नगर पहुंचे और निर्माण विभाग द्वारा विकसित किये गए पार्क का निरीक्षण किया। नगरायुक्त निर्माण विभाग द्वारा 15 वें वित्त से विकसित किये गए पार्को के औचक निरीक्षण की कड़ी में आज साहिब जी नगर पहुंचे थे। उन्होंने पार्क में लगायी गयी सोलर लाईट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और बनाए गए पाथ वे आदि की जानकारी ली। नगरायुक्त ने वाटर हार्वेस्टिंग के सम्बंध में कहा कि अधिक गहरा बोरिंग न करें उस स्थिति में भूमि का पेयजल दूषित हो सकता है। नगरायुक्त ने अधिकारियों को पार्को का विकास किसी एक विभाग के बजाए व्यापक योजना बनाकर किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्क की दीवारे केवल सुरक्षा की दृष्टि से रहती है, पेड़-पौधों एवं हरियाली के बिना पार्क की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अपर नगरायुक्त एवं वरिष्ठ प्रभारी उद्यान मृत्युंजय को निर्देश दिए कि पार्कों का रख-रखाव, उसकी सफाई व पार्कों से कूड़ा उठान आदि का कार्य निरंतर कराएं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों के लिए झूले लगाने हैं तो उन्हें अलग पार्क में लगाकर उसे चिल्ड्रन पार्क बनाया जाए। इसके अलावा उन्होंने ओपन जिम के लिए भी एक अलग स्थान का चयन कर ओपन जिम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओपन जिम की मशीने विभिन्न पार्कों में अलग-अलग न लगाये जाएं, एक ही स्थान पर सब मशीनें स्थापित की जाएं। इस मौके पर साहिबजी नगर के वरिष्ठ नागरिक अतुल तायल ने नगरायुक्त को बताया कि कॉलोनी में नौ पार्क हैं। उन्होंने मंदिर वाले पार्क तथा सबसे बड़े पार्क के सम्बंध में कई सुझाव दिए।

# जमीन के नाम पांच लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




फतेहपुर। क्षेत्र में जमीन बैनामा के नाम पर जालसाजों ने युवक से धोखे से पांच लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित युवकों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मामला देवा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हुजाजी पूर्वी निवासी वसीम वारिस ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया, कि देवा के हुजजाजी निवासी तीन सगे भाइयों अदनान व फरहान से देव में उनकी जमीन का सौदा किया था। इसका एग्रीमेंट भी हो गया। बाद में पता चला कि संबंधित भूमि विवादित है। जिसका मुकदमा भी चल रहा है। इसी भूमि को किसी और को बेचने के लिए एडवांस लिया जा चुका है। इसकी जानकारी होने पर वसीम ने अपने रुपए वापस मांगे, तो कई बार आष्वासन देने के बावजूद भी ली गई रकम वापस नहीं की। इसके कई सबूत उसके पास मौजूद हैं। जिसका पुलिस को दी गई तहरीर में यह भी आरोप है की रुपए मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। इस संबंध में कोतवाल डी.के सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बैंक व व्यापारी एक दूसरे के पूरक : विवेक मनोचा

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



कोर्ट रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का बैंक के जोनल हैड मयूर सिन्हा द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष विवेक मनोचा, महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला एवं कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी का पटका व पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि बैंक व व्यापारी एक दूसरे के पूरक होते हैं। व्यापारी के बिना बैंक व बैंक के बिना व्यापारी अधूरा है। क्योंकि व्यापारी को कारोबार व अपने प्रतिष्ठान चलाने के लिए बैंक की सहायता लेनी पड़ती है, तो वही बैंक जब व्यापारी को ऋण देगा तभी तो वह प्रगति करेगा।

श्री मनोचा व श्री चावला ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक एक अग्रणीय हैं।

बैंक व बैंक के उच्चाधिकारियों व स्टॉफ की कार्यशैली सराहनीय है, जिस कारण बैंक तरक्की कर रहा है तथा उपभोक्ताओं की पहली पसन्द बन चुका है।

आईसीआईसीआई बैंक के जोनल हैड मयूर सिन्हा ने कहा कि बैंक द्वारा व्यापारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ऋण देगा किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जायेगी। व्यापारियों का प्राथमिकता के आधार उनकी बैंक में ऋण सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने को कटिबद्ध रहेगा। बैंक लोन में कोई समस्या नही आने दी जायेगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष विवेक मनोचा, महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, बैंक के रिजीनल हैड मौ.फैजान, व ब्रांच मैनेजर दानिश इब्राहिम, अशोक छाबडा, राजीव मदान, अनुभव शर्मा, देवेन्द्र चड्ढा, गुलशन अनेजा, विजयकान्त भल्ला, गौरव सिंघल, डी.के.गुप्ता, सरदार पप्पी सिंह के अलावा बैंक के अधिकारी आरएच टीएएससी-नीरज मल्होत्रा, आरएच वर्किंग महेश शुक्ला, आरएम बैंकिंग मोहित गर्ग मौजूद रहे।

# एएसपी ने मैरिज लॉन मालिकों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




शनिवार को पुलिस लाइन स्थित पुलिस सभागार में पुलिस उप अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी नाथ सिंह की अध्यक्षता में शहर के समस्त मैरिज लॉन मालिकों के साथ एक बैठक की गई। इस बैठक में पुलिस उपाधीक्षक उत्तरी ने मैरिज लॉन मालिकों को बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित कानून के अनुसार ही डीजे की ध्वनि रखें और रोड तथा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बारात, आतिशबाजी पर विशेष ध्यान दें जिससे आम लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो अगर डीजे और आतिशबाजी तथा रोड पर बारात निकलते हुए जाम लगता है या किसी भी व्यक्ति को कोई हानि पहुंचती है तो मैरिज लॉन मालिकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। रात 10 के बाद डीजे की ध्वनि ना उत्पन्न की जाए जो ध्वनि की सीमा रेखा है उसी के अनुसार डीजे का वॉल्यूम रखा जाए रोड पर यातायात प्रभावित न हो जाम न लगे इसका विशेष ध्यान रखा जाए और आतिशबाजी के समय पड़ोसियों का ख्याल रखा जाए कहीं आग न लग फैले और प्रदूषण का विशेष ध्यान रखा जाए। बचे हुए खाना, दोना, पत्तल को कहीं रोड के किनारे या नालियों में ना फेके। इस बैठक में क्षेत्राधिकार नगर सुमित त्रिपाठी के साथ नगर कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

# बैंक को गुमराह कर जमीन बेचने वाले किसानों पर प्रबंधक ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




बनीकोडर। विकास खण्ड बनीकोडर इलाके में बैंक को गुमराह कर भूमि बेचने वाले क्षेत्र के किसानो के विरुद्ध आर्यावर्त ग्रामीण बैंक रामसनेहीघाट के शाखा प्रबंधक ने थाना थाना रामसनेहीघाट में सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है। शाखा प्रबंधक ने तहरीर में लिखा है कि करौंधिया निवासी कल्लू राम व विष्व नाथ द्वारा अपनी खाता संख्या 00152 ग्राम सुसवाई तहसील हैदरगढ़ स्थित भूमि गाटा संख्या 129 खसरा नंबर 41, 50, 53, 54, 55, 57, 59, 63, 540, 541, 543, 544, 545, 546, 548, 249, 550, 551, 552, 553, 554, 555 कुल 23 किता कुल 4.722 हेक्टेयर भूमि का 1/2 2.361 हेक्टेयर भूमि पर कल्लू राम व विष्व नाथ द्वारा 706000 केसीसी लेकर आर्यावर्त बैंक शाखा कोटवा सड़क में बंधक किया। बैंक की शर्तों को शपथ पत्र देकर दोनों स्वीकार किया था। दोनो के द्वारा बिना ऋण अदा किए ही भूमि को बिक्री कर दिया। जिसके संबंध में बैंक ने संबंधित को नोटिस जारी किया। इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। तब संबंधित किसानो के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए थाना राम सनेहीघाट मे आर्यावर्त ग्रामीण बैंक रामसनेहीघाट के शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में रामसनेहीघाट थाना प्रभारी निरीक्षक ओपी तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत : खड़गे

**हमें चुनावी रणनीति में सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दिल्ली में मीटिंग हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- चुनाव परिणामों से निराश नहीं होना चाहिए। पार्टी को मजबूत करने के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं होता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक में एक बार फिर ईबीएम पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ईबीएम ने चुनाव प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाविकास अघाड़ी ने प्रदर्शन किया, उस हिसाब से विधानसभा के परिणाम देखकर चुनावी पंडित भी भ्रमित हैं।

### महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट पर कांग्रेस को आपत्ति

चुनाव आयोग को लेटर लिखा कांग्रेस ने शुक्रवार को ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वोटिंग-काउंटिंग प्रोसेस में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा और व्यक्तिगत सुनवाई की मांग की।

### संगठन में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत

खड़गे ने कहा, राज्य चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए चुनौती है। पार्टी नेताओं में एकता की कमी, एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी चुनावों में हमें नुकसान पहुंचा रही है, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर से लेकर एआईसीसी तक बदलाव लाने होंगे।

### माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं

खड़गे ने बैठक में कहा, चुनाव का माहौल हमारे पक्ष में होने से जीत की गारंटी नहीं मिलती। टाइम बाउंड स्ट्रैटेजी बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी करनी होगी, मतदाता सूचियों की जांच करनी होगी।

### हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा

खड़गे ने कहा, महाराष्ट्र में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। एमवीए के लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद चुनाव पंडित भ्रमित हैं। हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा। दुष्प्रचार, गलत सूचना का मुकाबला करने के तरीके विकसित करने होंगे।

### कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश भर में लोगों के एजेंडे को लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने हमें झकझोर दिया, हमें कड़े कदम उठाने होंगे।

### मणिपुर से लेकर संभल तक बहुत गंभीर मसले हैं

खड़गे ने कहा, बातें बहुत सी हैं। मणिपुर से लेकर संभल तक का बहुत गंभीर मसले है। बीजेपी देश का ध्यान अपनी विफलताओं से भटकाने के लिए कई धार्मिक मुद्दों को विभिन्न माध्यमों से हवा देने की कोशिश कर रही है। हमें सत्ता में बैठी विभाजनकारी ताकतों को हर हालत में हराना है। क्योंकि हमने ये शानदार देश बनाया है।

### कांग्रेस ने लेटर में इन मुद्दों को उठाया

- वोटर्स को मनमाने ढंग से जोड़ा और हटाया गया। इसके चलते जुलाई 2024 से नवंबर 2024 के बीच महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में लगभग 47 लाख नए वोटर्स शामिल किए गए।
- ऐसा 50 विधानसभा क्षेत्रों में औसतन 50 हजार नए वोटर्स जोड़े गए, उनमें से 47 सीटों पर सत्ताधारी गठबंधन और उसके सहयोगियों ने जीत दर्ज की।
- 21 नवंबर 2024 को शाम 5 बजे तक महाराष्ट्र में वोटिंग प्रतिशत 58.22 प्रतिशत था, जो रात 11:30 बजे तक बढ़कर 65.02 प्रतिशत हो गया। फाइनल रिपोर्ट में 66.05 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। जो काउंटिंग शुरू होने से कई घंटे पहले घोषित हुआ। एक घंटे में यानी शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच लगभग 76 लाख वोट डाले गए।

# ओडिशा में पीएम मोदी ने विपक्ष को घेरा, कहा, चुनावी हार से गुस्साएं विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है। वे हर बार एक बड़ा झूठ लेकर आते हैं। 2019 में जो चौकीदार उनके लिए चोर था, 2024 तक आते-आते वो ईमानदार हो गया और एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं कह पाए। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल दिन-रात भाजपा के बारे में गलत सूचना फैलाते रहते हैं। लेकिन जनता खुद भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए मैदान में आती है। लेकिन जब नतीजे आए तो सभी हैरान रह गए। क्योंकि ओडिशा के लोगों के लिए भाजपा की केंद्र सरकार के कार्य और दिल्ली में बैठे हुए भी ओडिशा के लोगों के साथ अपनापन का जो नाता रहा, वो ओडिशा के घर-घर पहुंच चुका था।

### भाजपा की कोशिशों से ओडिशा की आदिवासी बेटी राष्ट्रपति पद पर पहुंचीं

पीएम ने कहा कि मुझे खुशी है कि भाजपा की कोशिशों से ओडिशा की आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू जी आज देश की राष्ट्रपति हैं। इससे पूरे देश के आदिवासी समाज का गौरव बढ़ा है। मुर्मू जी के देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने से हर वर्ग की बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। एक आदिवासी बेटी की ये यात्रा आने वाली कई पीढ़ियों तक प्रेरित करेगी। कॉन्फ्रेंस में देश की आंतरिक-बाहरी सुरक्षा पर होगी चर्चा इस कॉन्फ्रेंस में कानून और व्यवस्था के मुद्दों पर राज्यों के प्रदर्शन की जांच, देश में सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीकों का पता लगाने पर चर्चा की जाएगी।

### ओडिशा के लोगों का स्नेह मेरे लिए यादगार

पीएम ने कहा कि पांच दिन पहले मुझे दिल्ली में ओडिशा पर्व के शानदार समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था। ओडिशा पर्व में ओडिया विरासत और गौरव के वो भव्य दर्शन, ओडिशा के लोगों का स्नेह और अपनापन मेरे लिए बहुत ही यादगार पल हैं।

### ओडिशा चुनाव के नतीजों ने सभी को हैरान किया

पीएम ने कहा कि चुनाव से कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े पॉलिटिकल एक्सपर्ट ओडिशा में भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे। ये लोग कह रहे थे कि ओडिशा में भाजपा इतनी बड़ी ताकत बन ही नहीं सकती कि वो अपने बलबूते पर सरकार बना ले। लेकिन नतीजों ने सबको हैरान कर दिया। क्योंकि, भाजपा की केंद्र सरकार ने ओडिशा के लोगों के लिए जो काम किया और दिल्ली में रहकर भी ओडिशा के लोगों के साथ अपनेपन का जो नाता बनाया, वो ओडिशा में घर-घर तक पहुंच चुका था।

### जो सत्ता को जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, वो अपनी हार का गुस्सा जनता पर निकाल रहे हैं

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के आंदोलन भी करते रहते हैं, लेकिन ये सब लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा में रहकर किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव आपने महसूस किया होगा। भारत के संविधान की भावनाओं को कुचला जा रहा है, लोकतंत्र की सारी मान-मर्यादाओं को अस्वीकार किया जा रहा है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। देश की जनता किसी और को आशीर्वाद दे, इसका गुस्सा उन्हें जनता पर भी है। इस स्थिति ने उनके अंदर इतना गुस्सा भर दिया है कि वो देश के खिलाफ साजिश करने में जुटे हैं।

### सत्ता की चाह में लोगों को गुमराह किया जा रहा है

पीएम ने कहा कि देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए इन लोगों ने जनता को गुमराह करना शुरू कर दिया है। उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। इसलिए मैं सभी देशवासियों से कहना चाहूंगा कि हमें हर पल सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। जब इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। इसलिए हमें हर झूठ को बेनकाब करना है।

# 'सिंगापुर और हांगकांग में भारतीय मसालों पर प्रतिबंध नहीं'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग जैसे देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। जाधव ने सदन में एक लिखित उत्तर में बताया कि हालांकि, भारत से निर्यात किए गए मसालों के बैचों को पहले हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से स्वीकार्य सीमा से अधिक एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की मौजूदगी के कारण वापस मंगा लिया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मसाला बोर्ड ने इस मामले में कदम उठाए हैं। इनमें निर्यात किए जाने वाले मसालों की अनिवार्य शिपमेंट-पूर्व जांच और सभी स्तरों पर संभावित मिलावट को रोकने के लिए निर्यातकों की ओर से पालन किए जाने वाले व्यापक दिशानिर्देश जारी करना शामिल है। आयातक देश की अलग-अलग ईटीओ सीमाओं को पूरा करने के लिए कच्चे माल की खरीद, प्रसंस्करण, पैकिंग, भंडारण, परिवहन आदि से जुड़े विभिन्न कदम भी उठाए गए हैं। इसके अलावा, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण देश भर में उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जाधव के अनुसार, एफएसएसएआई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों व अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के जरिए मसालों सहित विभिन्न खाद्य उत्पादों की नियमित निगरानी, निरीक्षण और सैंपल कलेक्शन करता है, ताकि खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम, 2006 और उसके तहत बनाए गए विनियमों के तहत निर्धारित गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। मंत्री ने कहा कि जरूरी आवश्यकताओं पालन न करने की स्थिति में, एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार दोषी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू की जाती है।

# यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोंकण रेलवे को बड़े बदलाव की जरूरत: अश्विनी वैष्णव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड का बुनियादी ढांचा 25 साल से भी ज्यादा पुराना हो चुका है, इसलिए यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूंजीगत परिसंपत्तियों के बड़े नवीनीकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के प्रतिस्थापन के लिए बड़े पूंजीगत व्यय की जरूरत है और केआरसीएल के पांच शेयरधारकों - रेल मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार, कर्नाटक सरकार, गोवा सरकार और केरल सरकार - से रेल मंत्रालय ने पूंजीगत व्यय में योगदान देने या मंत्रालय के पक्ष में अपना हिस्सा छोड़ने के लिए संपर्क किया है। उन्होंने कहा, केआरसीएल का बुनियादी ढांचा 25 साल से अधिक पुराना हो चुका है, जिसके लिए यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूंजीगत परिसंपत्तियों के बड़े नवीनीकरण/प्रतिस्थापन की आवश्यकता है, जिसमें सुरंगों का दोहरीकरण और पुनर्वास शामिल है। इसके लिए बड़े पूंजीगत व्यय की आवश्यकता है। रेल मंत्री के अनुसार, पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए, रेल मंत्रालय ने सभी उपरोक्त शेयरधारक राज्य सरकारों से केआरसीएल में अपने हिस्से के अनुसार पूंजीगत व्यय के लिए योगदान देने या रेल मंत्रालय के पक्ष में अपना हिस्सा छोड़ने के लिए संपर्क किया है। उन्होंने कहा, केवल गोवा राज्य सरकार ने अपना हिस्सा छोड़ने की इच्छा व्यक्त की है। केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा को एक लिखित जवाब में बताया कि 2024 में सितंबर और अक्टूबर के त्योहारी महीनों के दौरान यात्री सेवाओं से रेलवे का राजस्व 12,159.35 करोड़ रुपये था।

# केजरीवाल बोले, दिल्ली में गैंगस्टर्स राज, लॉरेंस साबरमती से चला रहा गैंग, उसे बीजेपी का साथ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था बहुत खराब है। यहां में गैंगस्टर्स का राज है और गृह मंत्री अमित शाह मूकदर्शक बने हुए हैं। बीते 24 घंटे में तीन जगह गोलीबारी की घटनाएं घट चुकी हैं। लॉरेंस बिश्नोई साबरमती जेल से गैंग चला रहा है। उसे बीजेपी का संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए अपराधी इतने बेखौफ हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली के लिए हमने अपनी जिम्मेदारी निभाई है, लेकिन केंद्र में बीजेपी सरकार ने दिल्ली के लोगों को सुरक्षा नहीं दी, इसकी जिम्मेदारी अमित शाह की थी लेकिन उनसे दिल्ली संभल नहीं रही है। दिल्ली की कानून व्यवस्था ख़राब हो गई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को शूटआउट कैपिटल बना दिया है। पहले दूर से सुनते थे, शूटआउट एट लोहखंडवाला, अभी तो रोज अपनी दिल्ली में सुनने को मिल रहा है। शूटआउट एट कबीर नगर, शूटआउट एट पश्चिम विहार, शूटआउट एट नारायणा, सोनिया विहार, होटल हर जगह हर गली में गैंगेस्टरों का खुला आतंक है।

### सदन में उठा मार्शलों का मुद्दा

दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने बस मार्शलों के मुद्दे पर कहा कि भाजपा इसके लिए जिम्मेदार है। हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं। बस मार्शलों की नियुक्ति के लिए भाजपा के पैर पकड़े, क्योंकि हम दिल्ली की मां, बहन, बेटी को सुरक्षा मिले। बस मार्शलों को रोजगार मिले। भाजपा के लोगों ने बस मार्शलों को हटवाने का काम किया है। भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि लोग इनके पास जाते हैं तो ये कहते हैं कि एलजी ने मंजूरी नहीं दी। एलजी साहब और दिल्ली भाजपा के बड़े नेताओं ने बस मार्शलों से मुलाकात की, फोटो खिंचवाई, लेकिन रोजगार नहीं मिला।

### इस सरकार का आखिरी सत्र

बता दें कि इस सरकार के गठन का यह अंतिम विधानसभा सत्र है, क्योंकि फरवरी महीने में विधानसभा चुनाव होना है। इस सत्र में पक्ष और विपक्ष पूरी तरह से एक दूसरे पर हमलावर रहेगी और पूरी तरह से राजनीतिक सत्र देखने को मिल सकता है।

# बिजली विभाग में निजीक्षेत्र के आहट के बीच शुरू हुआ अन्तर्द्वंद

- पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम में पीपीपी मॉडल पर होगा कार्य
- 4 साल में 5 गुना से अधिक बढ़ा बिजली पर सरकार का खर्च

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजियाबाद**



उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड एवं इसकी सहयोगी कंपनियों पूर्वांचल (वाराणसी) ,मध्यांचल (लखनऊ), केस्को (कानपुर) , दक्षिणांचल (आगरा) और पश्चिमांचल (मेरठ) के माध्यम से विद्युत आपूर्ति का कार्य पूरे प्रदेश में कर रही हैं। यूपी पावर कार्पोरेशन लि. प्रबंधन अब ऊर्जा क्षेत्र की स्थिति को सुधारने हेतु ड्रास्टिक रिफॉर्म को आवश्यक बताया है। इसके तहत निजी क्षेत्र के साथ पार्टनरशिप करके विद्युत वितरण कंपनियां अपने वित्तीय घाटे से उबर सकेंगी। इसके लिए 25 नवंबर 2024 को पावर कार्पोरेशन मुख्यालय पर एक बड़ी बैठक डॉ. आशीष कुमार गोयल वरिष्ठ आईएएस और अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लि. द्वारा आहूत किया गया । जिसमें वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक, निदेशकगण तथा वितरण क्षेत्र के वरिष्ठ मुख्य अभियंताओं ने भाग लिया। जिसमें निजी क्षेत्र के साथ ऊर्जा विभाग में एक बार फिर प्रयोग की संभावना तलाशी गई है। इसके लिए दक्षिणांचल और पूर्वांचल में पहला प्रयोग की जानकारी मिली है। पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की माने तो विद्युत आपूर्ति में आने वाले व्यय एवं उसके सापेक्ष उपभोक्ताओं से प्राप्त राजस्व में भारी अंतर होने के कारण यूपी पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड को राजस्व की हानि लगातार हो रही है। जिसकी प्रतिपूर्ति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बजटीय संसाधनों के माध्यम से किया जाता है। पॉवर कार्पोरेशन की माने तो वर्ष 2020- 2021 में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 8 हजार करोड़ रुपयों की प्रतिपूर्ति किया गया । जो वर्ष 2024 - 2025 में बढ़कर 46 हजार करोड़ से अधिक होने की संभावना जताई जा रही है। इससे सरकार और कार्पोरेशन दोनों ही भारी दबाव में है ।

### निजीक्षेत्र की आहट से लामबंद हुए कर्मचारी संगठन

दक्षिणांचल और पूर्वांचल की विद्युत वितरण व्यवस्था निजी क्षेत्र के साथ मिलकर चलाने के निर्णय का विद्युत कर्मचारी संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। प्रदेश भर के बिजली कर्मचारियों के संगठनों के शीर्ष नेताओं संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक लखनऊ में आहुत होने लगी है। जिसमें प्रदेश सरकार और प्रबंधन के निजी क्षेत्र के प्रयासों का कड़ा विरोध किया गया है। कर्मचारी नेताओं की माने तो केवल दक्षिणांचल और पूर्वांचल डिस्कॉम में ही स्थाई और अस्थाई कुल मिलाकर 77481 अधिकारी से लेकर संविदाकर्मी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिनके आजीविका लेकर बड़ा प्रश्नचिन्ह संगठन खड़ा कर रहा है।जबकि प्रबंधन इसको निराधार बताकर कर्मचारियों के हित सुरक्षित होने का दावा कर रहा है। इसके लिए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तीन विकल्प भी दिए हैं। जिसमें पहला उन्हें उसी स्थान पर बने रहने का विकल्प दूसरा यूपी पावर कार्पोरेशन या अन्य डिस्कॉम में जाने का विकल्प और तीसरा और अंतिम आकर्षक स्वैच्छिक सेवानिवृत (वीआरएस) की बात कही जा रही है।

वही विद्युत संगठन सरकार के तमाम बातों को सिरे से खारिज़ करके निजीकरण अथवा निजीक्षेत्र के साथ किसी फैसले को परवान चढ़ाने की योजना का विरोध किया है। विद्युत कर्मचारियों के संगठन नेताओं की माने तो पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम में ही मुख्य अभियंता स्तर -1के 7 , मुख्य अभियंता स्तर -2 के 25 ,अधीक्षण अभियंता (एस. ई.) 109, अधिशासी अभियंता -362, सहायक अभियंता - 1016, अवर अभियंता -2154 , तकनीशियन , लिपिक और अन्य कर्मचारियों की संख्या -23818 सहित लगभग 50 हजार संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। संयुक्त नेताओं की माने तो लगभग 77 हजार से अधिक अधिकारी ,कर्मचारी और संविदाकर्मियों के भविष्य से खिलवाड़ शासन और ऊर्जा प्रबंधन करने जा रहा है। जिसे वह किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनकी माने तो दिल्ली और उड़ीसा में जिस प्रकार संविदाकर्मियों की सेवाएं प्रभावित हुई वैसा नज़ीर उत्तर प्रदेश को नहीं बनने देंगे।

### कर्मचारियों के भविष्य को लेकर लामबंद हुए कर्मचारी संगठन

विद्युत कर्मचारियों की माने तो उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में अभियंता और अवर अभियंता संवर्ग का कामन कैडर है। इसलिए निजीकरण अथवा निजीक्षेत्र में जाने के बाद अभियंता संवर्ग के 1519 और अवर अभियंता संवर्ग के 2154 पद समाप्त होने की संभावना है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम के अलावा शेष उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में अभियंता संवर्ग के 387 और अवर अभियंता संवर्ग के 385 पद रिक्त हैं। जिससे इनके हित प्रभावित होंगे। जो छटनी का आधार भविष्य में बन सकता है। इसी प्रकार दक्षिणांचल और पूर्वांचल डिस्कॉम में तकनीशियन, लिपिक और अन्य कर्मचारियों की संख्या लगभग 15230 के करीब है। चूंकि यह कर्मचारी संबंधित निगमों के कर्मचारी और कामन कैडर के कर्मचारी नहीं हैं। अतः इनके सामने निजी कंपनी के कर्मचारी बनना स्वीकार्य करना पड़ेगा अथवा अथवा निजीक्षेत्र की कंपनी अपनी सेवा में ले अथवा छटनी हो ऐसी आशंका जताई जा रही है। जबकि सबसे बड़ा अहित निविदा संविदाकर्मियों के भविष्य को लेकर चिंता जताई जा रही है। उड़ीसा और दिल्ली का उदाहरण देते हुए बिजली नेता कहते हैं कि निगम द्वारा आउटसोर्स किया गया है। निजी क्षेत्र की कंपनी आने के बाद उनकी सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएगी । जिससे 50 हजार निविदा संविदाकर्मियों के आजीविका पर असर पड़ेगा। इसलिए हम व्यापक रूप से सरकार और पावर कार्पोरेशन लिमिटेड प्रबंधन के निजीक्षेत्र अथवा निजीकरण के प्रयास का जमकर विरोध करेंगे।

### हड़ताल की संभावनाओं को लेकर पावर कारपोरेशन प्रबंधन हुआ सक्रिय

दक्षिणांचल और पूर्वांचल डिस्कॉम में पीपीपी मॉडल को बढ़ावा देने के अपने फैसलों के बाद बिजली कर्मचारियों के संगठनों द्वारा हड़ताल अथवा असहयोग आंदोलन के मद्देनजर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन अंदरखाने तैयारी शुरू कर दिया है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और आईएस डॉ आशीष कुमार गोयल ने सभी मंडलायुक्तों,सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक ,पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को पत्र भी लिखा है। कार्पोरेशन अध्यक्ष डॉ गोयल की माने तो निजीकरण के किसी योजना से इंकार किया है, उनकी माने तो पीपीपी मॉडल पर साझेदारी किया जा रहा है। जिसमें चेयरमैन शासन का ही कोई वरिष्ठ अधिकारी जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हित सुरक्षित रहेगा। श्री गोयल की माने तो विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संगठनों से वार्ता करके की ऊर्जा क्षेत्र की स्थिति से अवगत करा दिया गया है। उसके बाद भी रिफॉर्म की प्रक्रिया में संगठनों के हड़ताल पर जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इन परिस्थितियों से निबटने के लिए ऊर्जा प्रबंधन द्वारा पूर्व में मार्च 2023 में हुए विद्युत कर्मचारियों के आंदोलन के दृष्टिगत सुरक्षा और वैकल्पिक व्यवस्थाओं को लेकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। जिससे जनपद मुख्यालयों, अस्पतालों, रेलवे सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुखः संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)